राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.vishalindia.in

# विशाल इंडिया

सच्चाई की राह पर!

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

वर्ष : 14
अंक : 193
पृष्ठ : 08
गौतमबुद्धनगर
रविवार 08 जून 2025
मूल्य :2 /-
RNI No .UPHIN/2014/55236



मुख्य अपडेट
पेज 3 कानपुर मॉडल पर बनेगा नोएडा का स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स
पेज 4 2000 रुपए के लिए छोटे भाई की हत्या
पेज 6 भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट से वापसी कर सकते हैं आर्चर

## संक्षिप्त खबरें

### सोनिया गांधी का ब्लड प्रेशर बढ़ा

**शिमला।** कांग्रेस नेता सोनिया गांधी का शनिवार को अचानक ब्लड प्रेशर बढ़ गया। इलाज के लिए उन्हें शिमला के इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में लाया गया। यहां डॉक्टरों की टीम ने उनकी जांच की। आईजीएमसी के सीनियर मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डॉ. राहुल राव ने कहा, सोनिया गांधी रूटीन जांच के लिए आई थीं। स्पेशलिस्ट डॉक्टर्स की टीम ने उनके जरूरी टेस्ट किए। जांच के बाद वह अस्पताल से लौट गईं। वहीं मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के प्रिंसिपल मीडिया एडवाइजर नरेश चौहान ने कहा, सोनिया गांधी को कुछ मामूली स्वास्थ्य समस्याओं के कारण रूटीन जांच के लिए अस्पताल में लाया गया। उनकी हालत स्थिर है।


### पायलट ने शिंदे का प्लेन उड़ाने से मना किया

**जलगांव।** महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे शुक्रवार को जलगांव के मुक्ताईनगर में संत मुक्ताई की पालकी यात्रा में शामिल होने गए थे। यहां से लौटते वक्त जलगांव एयरपोर्ट पर पायलट ने उनका चार्टर्ड प्लेन उड़ाने से इनकार कर दिया। पायलट ने कहा- उसकी ड्यूटी के घंटे खत्म हो चुके हैं। ऐसे में वह उड़ान नहीं भर सकता है। पायलट की बात सुनकर वहां मौजूद प्रशासनिक अधिकारी सकते में आ गए। उन्होंने पायलट को समझाने की कोशिश की, लेकिन वह नहीं माना। शिंदे के साथ मंत्री गिरीश महाजन और गुलाबराव पाटिल ने एयरलाइन कंपनी से बात की और पायलट को स्थिति समझाई।



### हैप्पी मॉर्निंग

एक आदमी अपनी बिल्ली से तंग आकर उसे छोड़ आया घर आया तो बिल्ली वापस आ चुकी थी वो दूसरी बार छोड़कर आया, बिल्ली फिर वापस आ गई अब तीसरी बार आदमी उसे बहुत दूर जंगल में छोड़ने गया वापिस आते समय रास्ते से उसने अपनी बीवी को फोन किया और पूछा, बिल्ली घर आ गयी क्या? पत्नी- हां आ गयी पति- उसे भेज यहां मैं रास्ता भूल गया हूं......



### शायरी

ऊँचे जात में जन्म ले लिया
तो खुद को खुदा मत समझो,
हमारे दिल में आज उसकी मोहब्बत
है वो दूर है मुझसे जुदा मत समझो।

### अर्थसार



सेंसेक्स:
82,188.99
+746.95 (0.92%)
निफ्टी:
25,003.05
+252.15

### मौसम



अधिकतम : 39 डिग्री से0
न्यूनतम : 28 डिग्री से0
सूर्योदय रविवार : 5 : 27
सूर्यास्त रविवार : 7 : 18

# फिर पड़ेगी तेज गर्मी

## असम-अरुणाचल को बाढ़ से थोड़ी राहत; एमपी में 15 जून तक आएगा मानसून

**नई दिल्ली।** देश के उत्तरी इलाकों में एक बार फिर गर्मी बढ़ सकती है। मौसम विभाग के मुताबिक राजस्थान, दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, चंडीगढ़, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और बिहार में अगले दो दिन तापमान 5 डिग्री तक बढ़ेगा। साथ ही लू भी चल सकती है।

राजस्थान के बीकानेर संभाग में 8 से 10 जून तक तापमान 45-46 डिग्री होने की संभावना है, कुछ स्थानों पर लू चल सकती है। साथ ही 30-40 किमी की रफ्तार से धूल भरी हवाएं भी चल सकती हैं।

24 मई को केरल में एंट्री करने वाला मानसून 6 जून तक महाराष्ट्र के विदर्भ, दक्षिणी छत्तीसगढ़, ओडिशा और सिक्किम में रुका है। बिहार में प्री-मानसून एक्टिविटीज जारी हैं।

हालांकि भारतीय मौसम विभाग के मुताबिक बंगाल, बिहार में 10 जून तक मानसून पहुंच सकता है। मध्य प्रदेश को 15 जून तक मानसून का इंतजार करना पड़ सकता है।



### अगले 2 दिन कैसा रहेगा मौसम

**8 जून**- राजस्थान में हीटवेव का अलर्ट है। धूल भरी आंधी चल सकती हैं। महाराष्ट्र, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, पुडुचेरी में बारिश और आंधी का अलर्ट है। बाकी राज्यों में कोई चेतावनी जारी नहीं की गई है।

**9 जून**- राजस्थान, दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, चंडीगढ़, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और बिहार में हीटवेव का अलर्ट है। लू चल सकती है। असम, मेघालय और अरुणाचल प्रदेश में भारी बारिश हो सकती है।


अरुणाचल प्रदेश में बाढ़ के हालात में मामूली सुधार हुआ है। कई नदियां खतरे के निशान से नीचे बह रही हैं। चांगलांग सबसे ज्यादा प्रभावित है, जहां 6 गांव डूब गए और 2,231 लोग बेघर हो गए हैं।

इधर, आंध्र प्रदेश के कुछ हिस्सों में अगले 7 दिन तक बारिश का पूर्वानुमान है। इस दौरान आंधी, तूफान के साथ बिजली गिरने और 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने की संभावना है।

# सत्यपाल मलिक अस्पताल में भर्ती, हालत गंभीर

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के किरू हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट से जुड़े भ्रष्टाचार मामले में चार्जशीट दाखिल होने के 15 दिन बाद जम्मू-कश्मीर के पूर्व गवर्नर सत्यपाल मलिक ने चुप्पी तोड़ी। मलिक 11 मई से दिल्ली के राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती हैं। उन्होंने शनिवार को एक्स पर पोस्ट के जरिए भ्रष्टाचार के आरोपों का खंडन किया। कहा मैं पिछले लगभग एक महीने से अस्पताल में भर्ती हूं और किड़नी की समस्या से जूझ रहा हूं। उन्होंने बताया, परसों सुबह से मैं ठीक था लेकिन आज फिर से मुझे आईसीयू में शिफ्ट करना पड़ा। मेरी हालत बहुत गंभीर होती जा रही है। मैं रहूं या ना रहूं इसलिए अपने देशवासियों को सच्चाई बताना चाहता हूं। अगर आज मेरे पास दौलत होती तो मैं प्राइवेट हॉस्पिटल में इलाज करवाता। जिस मामले में मुझे फंसाना चाहते हैं, उस टेंडर को मैंने खुद निरस्त किया था, मैंने खुद प्रधानमंत्री को बताया था

### ईद-उल-अजहा



नई दिल्ली स्थित जामा मस्जिद में ईद-उल-अजहा के अवसर पर नमाज अदा करते लोग।

# गुरुग्राम क्लब ब्लास्ट में एनआईए की चार्जशीट दाखिल

## गोल्डी बराड़ समेत 5 मुख्य आरोपी, बीकेआई के साथ हरियाणा में हिंसा फैलाने की थी तैयारी

गुरुग्राम। राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने 2024 में गुरुग्राम के दो क्लबों में हुए बम धमाकों के मामले में कनाडा में बैठे खालिस्तानी आतंकी गोल्डी बराड़ समेत पांच आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है। एनआईए ने पंचकूला की विशेष अदालत में दाखिल चार्जशीट में बताया कि गोल्डी बराड़ के साथ सचिन तालियान, अंकित, भाविश और अमेरिका में रह रहा रणदीप सिंह उर्फ रणदीप मलिक भी आरोपी हैं। इन सभी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता, शस्त्र अधिनियम, विस्फोटक पदार्थ अधिनियम और गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

अधिकारियों ने बताया कि इस मामले में गोल्डी बराड़ और रणदीप मलिक को छोड़कर बाकी सभी आरोपियों को पकड़ लिया गया है। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की जांच में पता चला है कि आरोपी हरियाणा के गुरुग्राम के सेक्टर 29 में स्थित वेयरहाउस क्लब और ह्यूमन क्लब को बम से निशाना बनाने की साजिश रच रहे थे।

# सुप्रीम कोर्ट बोला-संरक्षक लूटेरा बन जाए, तो सजा देना जरूरी

### आईटीबीपी जवान की बर्खास्तगी को बरकरार रखा; 20 साल पहले कैश लूट का दोषी था

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने 20 साल पुराने मामले में फैसला सुनाते हुए कहा कि जब संरक्षक ही लूटेरा बन जाए जो उसे सजा देना जरूरी हो जाता है। इसी के साथ कोर्ट ने भारत-तिब्बत सीमा पुलिस के उस फैसले को बरकरार रखा है, जिसने कैश लूट मामले में एक कांस्टेबल को बर्खास्त कर दिया था। मामला साल 2005 का है, कांस्टेबल को जवानों की सैलरी के लिए लाए गए कैश बॉक्स की सुरक्षा की जिम्मेदारी दी गई थी। बाद में कांस्टेबल ने बॉक्स का ताला तोड़कर कैश निकाल लिया था। आईटीबीपी ने उसे नौकरी से निकाल दिया था। बाद में जवान उत्तराखंड हाईकोर्ट पहुंचा, जहां कोर्ट ने आईटीबीपी से अपने फैसले पर पुर्नविचार करने को कहा था। सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की बेंच ने शुक्रवार को उत्तराखंड हाईकोर्ट के आदेश को खारिज करते हुए कहा कहा कि, इस तरह के अपराधों में दोषी पाए गए कांस्टेबल को उचित दंड देना अनुशासनात्मक प्राधिकारी का कर्तव्य है।



# बीजापुर में 7 नक्सली ढेर, 7 का सरेंडर

## टॉप कमांडर सुधाकर-भास्कर भी मारे गए, 3 दिन में 2 महिला और 5 पुरुष नक्सलियों का एनकाउंटर

बीजापुर। छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के इंद्रावती नेशनल पार्क क्षेत्र में शनिवार को जवानों ने 5 नक्सलियों को मार गिराया है। सभी नक्सलियों के शव बरामद कर लिए गए हैं। इसके पहले सेंट्रल कमेटी सदस्य गौतम उर्फ सुधाकर और तेलंगाना कमेटी का सदस्य भास्कर मारा गया था। फोर्स के मुताबिक मारे गए सुधाकर पर 1 करोड़ और भास्कर पर 45 लाख का इनाम था। सुधाकर छुट्टी मनाकर जंगल लौटा था, तभी मुठभेड़ में मारा गया। नक्सलियों के शव के पास से ऑटोमैटिक हथियार और गोला-बारूद बरामद किए गए हैं। मिली जानकारी के मुताबिक 5 जून को पहली मुठभेड़ के बाद सुधाकर का शव बरामद हुआ था। यह वही सुधाकर है, जिसने दंडकारण्य क्षेत्र में नक्सल शिक्षा केंद्रों की शुरुआत की थी। वहीं 6 जून को नक्सली कमांडर भास्कर मारा गया, जो तेलंगाना स्टेट कमेटी से जुड़ा हुआ था। इसके साथ ही 6 और 7 जून की दरम्यानी रात को हुई मुठभेड़ों में 3 और नक्सलियों के शव मिले, जिनमें 2 महिलाएं और एक पुरुष शामिल हैं। 7 जून को अंतिम मुठभेड़ में 2 अन्य पुरुष नक्सलियों के शव बरामद किए गए। इन पांच शवों की पहचान अब तक नहीं हो सकी है। एनकाउंटर स्पॉट से 2 एके-47 राइफल, भारी मात्रा में गोला-बारूद और नक्सली दस्तावेज बरामद किए गए हैं। ऑपरेशन के दौरान कुछ जवानों को सांप और मधुमक्खियों ने काट लिया।फिलहाल सभी खतरे से बाहर हैं। सभी का इलाज जारी है।



### 2 इनामी समेत 7 नक्सलियों ने किया सरेंडर

भास्कर मंचेरियल कोमाराम भीम (एमकेबी) (डिविजनल कमेटी) का सदस्य और सचिव था। आंध्रप्रदेश के आदिलाबाद का रहने वाला था। इसके पहले 1 करोड़ का इनामी नक्सली सुधाकर भी मारा गया है। सुधाकर नक्सलियों के शिक्षा विभाग का इंचार्ज था। आंधप्रदेश के चिंतापालुदी गांव का रहने वाला था। वहीं दंतेवाड़ा में 2 इनामी समेत 7 नक्सलियों ने सरेंडर किया है।

# 24 घंटे में कोरोना के 391 नए मामले



### केरल और गुजरात में सबसे ज्यादा मरीज मिले; 5755 एक्टिव केस, 59 की जान गई

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना वायरस के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। पिछले 21 दिन में एक्टिव केसों की संख्या में 62 गुना की बढ़ोतरी हुई है। 16 मई को देशभर में कोविड के 93 एक्टिव केस थे, जिनकी संख्या अब 5755 पहुंच गई है। केंद्र सरकार के मुताबिक बीते 24 घंटे में 391 नए मामले सामने आए हैं। इनमें से 229 केस केरल और गुजरात में हैं। वहीं, मौत का आंकड़ा बढ़कर 59 पहुंच गया है। 6 जून को 4 और मरीजों की जान चली गई। कोरोना के नए वैरिएंट्स से जनवरी से 6 जून तक 59 मौतें हो चुकी हैं। इनमें 53 मौतें पिछले 16 दिन में हुई हैं। दिल्ली में 5 जून को पांच महीने के एक बच्चे की कोरोना से मौत हो गई। महाराष्ट्र में सबसे ज्यादा 18 मरीजों ने जान गंवाई है। इस तरह जनवरी से 6 जून तक देश में कोरोना के कुल 11,298 मामले आए हैं। इनमें से 48.54 प्रतिशत मरीज रिकवर हो चुके हैं, बाकी का इलाज जारी है।

### राज्यों से कोरोना अपडेट...

**केरल :** स्वास्थ्य विभाग ने अस्पतालों को कोविड-19 और इन्फ्लूएंजा के लक्षणों वाले मरीजों का इलाज करते समय जून 2023 में जारी की गई कोविड गाइडलाइन पालन करने के निर्देश दिए गए हैं। अस्पतालों में सभी को मास्क लगाना अनिवार्य है। साथ ही जुकाम, खांसी और बुखार जैसे लक्षण वाले मरीजों का कोविड टेस्ट अनिवार्य कर दिया गया है।

**महाराष्ट्र:** राज्य सरकार के मुताबिक राज्य में जनवरी से अब तक मरने वालों की कुल संख्या 17 है। इनमें से 16 अन्य बीमारियों से भी पीड़ित थे। इस साल अब तक 13,707 सैंपल की टेस्टिंग हुई है। इनमें से 1064 कोविड पॉजिटिव आए।

**गुजरात :** सरकारी आंकड़ों के मुताबिक 508 कोरोना मरीजों में से 18 अस्पताल में भर्ती हैं, जबकि 490 होम आइसोलेशन में इलाज करा रहे हैं। प्रेस रिलीज में कहा गया है कि आमतौर पर 6 या 8 महीनों में कोविड-19 मामलों में बढ़ोतरी देखी जाती है। इससे घबराने की जरूरत नहीं है।

# उत्तराखंड में हेलिकॉप्टर की सड़क पर इमरजेंसी लैंडिंग

## पीछे का हिस्सा कार पर गिरा; 6 यात्री थे सवार

रुद्रप्रयाग। उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग में तकनीकी खराबी के कारण सड़क पर हेलिकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग हुई। इस दौरान हेलिकॉप्टर के पीछे का हिस्सा कार पर गिरते ही टूट गया। कार भी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। हेलिकॉप्टर के पंखे से हाईवे किनारे बनी दुकान की टीन शेड भी उड़ गई। इस दौरान दुकान में बैठे लोगों ने भागकर जान बचाई। हेलिकॉप्टर ने बडासू हेलिपैड से केदारनाथ के लिए उड़ान भरी थी, जिसमें पायलट समेत 6 यात्री सवार थे। हादसे में पायलट को हल्की चोटें आई हैं। इसके अलावा अन्य यात्री सुरक्षित हैं। पायलट को नजदीकी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। हादसे के बाद केदारनाथ हाईवे को ओपन कर दिया गया है। करीब ढाई घंटे बाद केदारनाथ हाईवे को खोला गया। फिलहाल दुर्घटनाग्रस्त हेलीकॉप्टर को सड़क के किनारे पर शिफ्ट किया गया है। उसके टूटे हुए पार्ट को वहां से हटा दिया गया है। हेलिकॉप्टर को सड़क से हटाने के लिए क्रेन मंगवाई गई है। सीईओ यूकाडा सोनिका ने बताया- हेलिकॉप्टर क्रिस्टल एविएशन प्राइवेट लिमिटेड का है।



# मणिपुर में पांच जिलों में 5 दिनों के लिए इंटरनेट बंद

मणिपुर सरकार ने शनिवार रात 11.45 बजे से 5 दिनों के लिए घाटी के पांच जिलों में इंटरनेट बंद कर दिया है। इनमें इंफाल पश्चिम, इंफाल पूर्व, थौबल, बिष्णुपुर और काकचिंग शामिल हैं। दरअसल यह आदेश शनिवार रात मैतेई संगठन के नेता अरम्बाई टेंगोल की गिरफ्तारी के बाद इंफाल में हुए विरोध प्रदर्शन के बाद जारी किया गया है।

### बेंगलुरु भगदड़ में कर्नाटक सरकार ने बढ़ाई मुआवजा राशि

# मृतकों के परिजनों को मिलेंगे 25-25 लाख रुपये

एजेंसी

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु में आरसीबी के जश्न के दौरान मची भगदड़ में 10 लोगों की मौत हो गई थी। अब सरकार ने भगदड़ में मारे गए लोगों के परिजनों को मिलने वाले मुआवजे की राशि बढ़ा दी है। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने मुआवजे की राशि बढ़ाकर 25 लाख रुपये कर दिया है। इसके पहले सरकार ने यह राशि 10 लाख रुपये घोषित की थी।

बता दें कि आरसीबी को आईपीएल में 18 साल बाद फाइनल में जीत मिली थी। इसके उपलक्ष्य में बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में कार्यक्रम रखा गया था। लेकिन कुप्रबंधन की वजह से भगदड़ मच गई।

### 11 लोगों की हुई थी मौत

इस हादसे में 11 लोगों की मौत हो गई और 50 से अधिक लोग घायल हो गए।

मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से जारी एक बयान के अनुसार, सिद्दरमैया ने भगदड़ में मारे गए लोगों के स्वजनों के लिए मुआवजा राशि बढ़ाकर 25 लाख रुपये करने का आदेश दिया है। इससे पहले सरकार ने प्रत्येक को 10 लाख रुपये का मुआवजा देने की घोषणा की थी।

### मुर्शिदाबाद हिंसा

## 900 पन्नों की चार्जशीट, 13 आरोपी; वक्फ एक्ट के खिलाफ हिंसा में 3 मौतें हुई थीं

# मुर्शिदाबाद हिंसा- घर से घसीटकर पिता-बेटे को मारा था

कोलकाता। पश्चिम बंगाल पुलिस ने मुर्शिदाबाद हिंसा के दौरान पिता-बेटे सहित तीन लोगों की मौत मामले में शुक्रवार को जंगीपुर कोर्ट में 900 पन्नों की चार्जशीट दाखिल की। इसमें बताया गया कि हरगोबिंदो दास और उनके बेटे चंदन को उनके घर से घसीटकर उनके परिवार के सामने कुल्हाड़ी से मारा गया था।

न्यूज एजेंसी के मुताबिक, चार्जशीट में 13 लोगों को आरोपी बनाया गया है। इन पर भारतीय न्याय संहिता के तहत घर में घुसने, घर में सेंध लगाने, दंगा करने और ग्रुप में हत्या करने और आर्म्स एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत आरोप लगाए गए हैं। नए वक्फ बोर्ड कानून के खिलाफ बंगाल के मुर्शिदाबाद में 8 से 12 अप्रैल तक हिंसा हुई थी। इसमें तीन लोगों की मौत हुई थी। कई लोग घायल हुए थे। दंगाइयों ने कई घर और दुकानें भी जला दी थीं। हिंसा के मामले में जिले के कई पुलिस थानों में 60 से ज्यादा स्त्रद्धक्रदर्ज हुई थीं। 300 से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार किया था। इस हिंसा को लेकर कलकत्ता हाईकोर्ट की तरफ से 17 अप्रैल को तीन सदस्यीय जांच समिति गठित की गई थी। इसमें राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग, पश्चिम बंगाल मानवाधिकार आयोग और राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के एक-एक सदस्य शामिल थे। पिछले महीने समिति ने गंभीर खुलासे किए थे। इसमें कहा गया है कि हिंसा में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेसके स्थानीय नेता की भूमिका थी। हमलों का नेतृत्व स्थानीय पार्षद महबूब आलम ने किया। रिपोर्ट के अनुसार हिंसा में खासतौर पर हिंदू समुदाय को निशाना बनाया गया। इस दौरान पीड़ितों ने कई बार पुलिस को कॉल किया, लेकिन कोई मदद नहीं पहुंची।



### रिपोर्ट के 4 अहम पॉइंट्स...

मुख्य हमला 11 अप्रैल, शुक्रवार को दोपहर 2: 30 बजे के बाद हुआ।

पार्षद महबूब आलम उपद्रवियों के साथ आए थे। इसके बाद हिंसा भड़की। बेटबोना गांव में 113 घरों को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचा।

आगजनी, लूटपाट और दुकानों व मॉल्स को निशाना बनाया गया।

### बंगाल गवर्नर गृह मंत्रालय को रिपोर्ट भेज चुके

पश्चिम बंगाल के गवर्नर सी. वी. आनंद बोस ने 4 मई को मुर्शिदाबाद दंगे पर गृह मंत्रालय को रिपोर्ट सौंपी थी। इसमें कट्टरपंथ और उग्रवाद को पश्चिम बंगाल के लिए बड़ा खतरा बताया था।

# संपादकीय

## चुनाव नहीं हुआ, लोकतंत्र का अपहरण हुआ है!



जितेन्द्र चौधरी, प्रधान संपादक, विशाल इंडिया हिंदी दैनिक

जब लोकतंत्र की हत्या बैलेट बॉक्स में नहीं,
बल्कि डेटा बेस में की जाए,
जब वोट डालने वाले असली लोग लाइन में खड़े हों और जीत उन्हीं की हो जिनका नाम भी लिस्ट में नहीं,
तो यह सिर्फ चुनावी धांधली नहीं — सीधा लोकतंत्र का बलात्कार है।
राहुल गाँधी का विश्लेषणात्मक लेख 'चुनाव की चोरी का पूरा खेल समझिए? लोकतंत्र के साथ हुए इस अपराध की पूरी कहानी खोलकर रख देता है — आंकड़ों, दस्तावेजों और साहस के साथ।

### मोदी सरकार और चुनाव आयोग—दोषी कौन? या दोनों?

महाराष्ट्र से लेकर पूरे देश में, 2024 के चुनावों से पहले लाखों 'अनजान वोटर' एकाएक मतदाता सूची में जुड़ जाते हैं।
वोट प्रतिशत आसमान छूता है, मगर बूथों पर कतारें गायब हैं।
और इसी 'जादू' से भाजपा की सीटें बढ़ जाती हैं।

### यह सब क्या बिना शीर्ष स्तर की मिलीभगत के संभव है?

जब चुनाव आयोग ने 2023 में अचानक 8.9 प्रतिशत मतदाता जोड़ दिए — वो भी एकतरफा — तो क्या उन्होंने पीएमओ को नहीं बताया? या उनके निर्देश पर ही किया गया?
चुनाव आयोग अब रिटायर्ड बाबुओं की संघ शाखा बन गया है।

### फोटोवाली मतदाता सूची क्यों छिपा रहे हो, मोदी जी?

जिस देश में गैस सिलेंडर से लेकर राशन तक के लिए आधार अनिवार्य है,
जहां हर नागरिक को CCTNS से जोड़ा जा रहा है,
वहीं चुनाव में 'बिना चेहरे' वोटर को वैध माना जा रहा है?
ये कौन सी राष्ट्रभक्ति है, जहां असली मतदाता लाइन में खड़े रह जाते हैं और वोट फर्जी लोग डालते हैं?
राहुल गाँधी ठीक कहते हैं — यदि फोटोयुक्त मतदाता सूची को सार्वजनिक कर दिया जाए, तो सत्ता का यह गंदा खेल दो दिन में खत्म हो जाएगा।
ईवीएम: अब Electronic Voting Machine नहीं, Electoral Voter Manipulation बन चुकी है
सत्ता का आईटी सेल अब केवल सोशल मीडिया को मैनेज नहीं करता —
वह वोटर डेटा को मैनेज करता है, मूड नहीं वोट बदलता है।
ईवीएम के साथ छेड़छाड़ की संभावना को लेकर बार-बार सवाल उठे हैं, मगर सरकार हर बार 'सुप्रीम कोर्ट ने भरोसा किया' कहकर बच जाती है।
भरोसा कोर्ट का नहीं, जनता का चाहिए — और वो टूट चुका है।

### 2024 का चुनाव एक चोर दरवाज़ा था

जब बूथों पर मतदान 55 प्रतिशत दिखाया गया और ज़मीनी रिपोर्ट कहती है कि 25त्न भी नहीं हुआ,
जब एक भी पारदर्शी रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं की गई,
जब हर RTI को 'सुरक्षा कारणों' से टाल दिया गया —
तो यह साफ़ हो जाता है कि 2024 का चुनाव नहीं, लोकतंत्र की हत्या थी।

### अब विकल्प क्या है?

1. सुप्रीम कोर्ट को तुरंत स्वत-संज्ञान लेकर 2024 के चुनावी डेटा की फॉरेंसिक जांच करवानी चाहिए।
2. हर विधानसभा और लोकसभा क्षेत्र की फोटोयुक्त मतदाता सूची सार्वजनिक की जानी चाहिए।
3. चुनाव आयोग की स्वायत्तता की दोबारा स्थापना हो — वर्तमान आयोग भंग किया जाए।
4. जनता को जागरूक कर 'वोट ऑडिट' आंदोलन शुरू किया जाए — बूथवार डिटेल की माँग को लेकर।

और अब सवाल सिर्फ राहुल गाँधी का नहीं, हर जागरूक नागरिक का है
'क्या भारत का नागरिक आज भी वोटर है — या सिर्फ डेटा प्वाइंट बन चुका है?'
अगर आज आपने सवाल नहीं उठाया, तो अगली बार आप वोट डालने जाएंगे —
और EVM पहले ही तय कर चुकी होगी कि किसे जिताना है।

#EVMScam
#VoterDataManipulation
#2024ChunavChori
लोकतंत्र बचाओ

# राजनीति को नई दिशा देते विपक्षी दलों के नये चेहरे

ललित गर्ग



विदेशों में सटीक एवं प्रभावी भारतीय पक्ष रखने के कारण शशि थरुर जहां असंख्य भारतीयों की वाह-वाही लूट रहे हैं, वहीं कांग्रेस पार्टी में उनका भारी विरोध हो रहा है। चर्चा एवं विवादों में चल रहे शशि थरूर केरल के तिरुवंतपुरम से चार बार के कांग्रेस के सांसद हैं।

सिंदूर ऑपरेशन के बाद पाकिस्तान दुनिया से सहानुभूति बटोरने के लिये जहां विश्व समुदाय में अनेक भ्रम, भ्रांतिया एवं भारत की छवि को छिछालेदार करने में जुटा है, वहीं भारत का डर दिखा-दिखा कर ही पाक अनेक देशों से आर्थिक मदद मांग रहा है। इन्हीं स्थितियों को देखते हुए दुनिया के सामने भारत का पक्ष रखने के लिए केंद्र सरकार ने जिस तरह से सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों का गठन किया है और इन दलों में विपक्षी दलों के सांसद एवं नेताओं ने भारत का पक्ष बिना आग्रह, दुराग्रह एवं पूर्वाग्रह के दुनिया के सामने रखा, उसकी जितनी सराहना की जाये, कम है। इन विपक्षी नेताओं ने विदेश में भारतीय राष्ट्रवाद को सशक्त एवं प्रभावी तरीकों से व्यक्त किया। देश ने इन नेताओं को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते और एक लय में आगे बढ़ते देखा, जबकि संसद में वे केवल आपस में लड़ते दिखलाई देते थे। यह सराहनीय पहल भारत के लिये एक बड़ी उपलब्धि बनी है, जो भारत की भविष्य की राजनीति के भी नये संकेत दे रही है। क्योंकि इसने भारत में एक नए एवं सकारात्मक राजनीतिक नेतृत्व को उभरता हुआ दिखाया है। यूं तो सात दलों के सभी सदस्यों ने भरपूर तरीके से शानदार प्रदर्शन करते हुए भारत का पक्ष रखकर दुनिया को भारत के पक्ष में करने की सार्थक पहल की है, लेकिन कांग्रेस के शशि थरूर एवं एआईएमआईएम सांसद असदुद्दीन ओवैसी एक नये किरदार में नजर आये हैं। थरुर को लेकर कांग्रेस पार्टी में प्रारंभ से ही विरोध एवं विरोधाभास की स्थितियां बनी हुई।

विदेशों में सटीक एवं प्रभावी भारतीय पक्ष रखने के कारण शशि थरुर जहां असंख्य भारतीयों की वाह-वाही लूट रहे हैं, वहीं कांग्रेस पार्टी में उनका भारी विरोध हो रहा है। चर्चा एवं विवादों में चल रहे शशि थरूर केरल के तिरुवंतपुरम से चार बार के कांग्रेस के सांसद हैं। वे एक ऐसे कूटनीतिज्ञ राजनेता हैं, जो अपने राजनीतिक कौशल का प्रदर्शन करना जानते हैं। वे एक ऐसे स्वतंत्र सोच एवं साहसी निर्णय लेने वाले नेता भी हैं जो अपनी पार्टी के रुख से अलग भी स्टैंड लेते रहे हैं। लेकिन ताजा सन्दर्भों में वे कांग्रेस के लिए अब असहज सच्चाई बन गए हैं। क्योंकि थरूर ने वह सब कुछ किया है जिसकी पार्टी में इजाजत नहीं है। प्रतिनिधि मण्डल में थरूर के नाम पर कांग्रेस ने आपत्ति जताई थी, क्योंकि कांग्रेस ने केंद्र को थरूर का नाम नहीं दिया था। थरूर ने कहा था- मैं सम्मानित महसूस कर रहा हूं, जब भी राष्ट्रीय हित की बात होगी और मेरी सेवाओं की जरूरत होगी, तो मैं पीछे नहीं रहूंगा।' थरूर ने कांग्रेस छोड़ने की अटकलों के सवाल पर कहा- जब आप देश की सेवा कर रहे हों, तब ऐसी चीजों की ज्यादा परवाह नहीं करनी चाहिए। हमारे राजनीतिक मतभेद भारत के बॉर्डर के बाहर जाते ही खत्म हो जाते हैं। सीमा पार करते ही हम पहले भारतीय होते हैं। थरूर इन दिनों अमेरिकी सहित कई देशों के दौरे पर हैं, जहां वे ऑपरेशन सिंदूर को लेकर बने मल्टी पार्टी डेलीगेशन को सुपर लीड कर रहे हैं। सरकार के समर्थन में बोलने पर कांग्रेस के अनेक नेता थरुर की खिंचाई करने में जुटे हैं। उन्हीं में एक नेता उदित राज ने थरूर को भाजपा का सुपर प्रवक्ता तक बता दिया है। जबकि कांग्रेस नेता राहुल गांधी प्रधानमंत्री मोदी और सत्तारूढ़ भाजपा पर ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत-पाकिस्तान युद्धविराम को लेकर लगातार हमलावर हैं।

4 जून 2025 को राहुल गांधी ने तब हद ही कर दी जब उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के दबाव में आत्मसमर्पण कर दिया। इतना ही नहीं ये सब कहने का अंदाज भी उनका इतना खराब था कि जैसे कोई दुश्मन देश का बंदा बोल रहा हो। राहुल गांधी ने यह भी कहा था कि, मैं भाजपा और आरएसएस वालों को अच्छे से जान गया हूं, इनको थोड़ा सा दबाओ तो डर कर भाग जाते हैं। राहुल ने आगे कहा, उधर से ट्रंप ने फोन किया और इशारा किया कि मोदीजी क्या कर रहे हो? नरेंदर, सरेंडर और 'जी हुजूर' करके मोदीजी ने ट्रंप के इशारे का पालन किया। राहुल गांधी के इस भ्रामक एवं गुमराह करने वाले बयान का थरुर ने जोरदार तरीके से जबाव दिया एवं कांग्रेस पार्टी को ही घेरा। राष्ट्रपति ट्रम्प की भारत-पाक के बीच मध्यस्थता के बयान पर थरूर बोले- मैं यहां किसी विवाद को हवा देने नहीं आया हूं। अमेरिकी राष्ट्रपति का सम्मान है। हमें नहीं पता उन्होंने पाकिस्तान से क्या कहा, पर हमें किसी की सलाह की जरूरत नहीं थी।

आग्रह-दुराग्रह से ग्रसित होकर कांग्रेस के नेता एक-दूसरे को नीचा दिखाने की ही बातें कर रहे हैं, इन कांग्रेसी नेताओं में दायित्व की गरिमा और गंभीरता समाप्त हो गई है। राष्ट्रीय समस्याएं और विकास के लिए खुले दिमाग से सोच की परम्परा उनमें बन ही नहीं रही है। जब मानसिकता दुराग्रहित है तो दुष्प्रचार ही होता है। कोई आदर्श संदेश राष्ट्र को नहीं दिया जा सकता। राष्ट्र-विरोधी राजनीति एवं सत्ता-लोलुपता की नकारात्मक राजनीति हमें सदैव ही उल्ट धारणा (विपथगामी) की ओर ले जाती है। ऐसी राजनीति राष्ट्र के मुद्दों को विकृत कर उन्हें अतिवादी दुराग्रहों में परिवर्तित कर देती है। राहुल गांधी एवं कांग्रेस ने राष्ट्रीय संकट में भी यही सब करके आम जनता से अधिक दूरियां बना ली है। शशि थरुर ने तो बड़ी लकीरें खींच दी, कांग्रेस कब ऐसी लकीरें खिंचने की पात्रता विकसित करेंगी? हर राजनीतिक दल को कई बार अग्नि स्नान करता पड़ता है, पर आज कांग्रेस तो कीचड़ स्नान कर रहा है।

जहां तक कांग्रेस नेताओं का सवाल है, एक और निहित संदेश सामने आया कि सिर्फ गांधी परिवार ही कांग्रेस का नेतृत्व नहीं कर सकता जबकि भारत की सबसे पुरानी पार्टी में अभी भी प्रतिभाओं का खजाना है, उसके पास अनुभवी नेता हैं, जो जटिल मुद्दों को समझने और नेतृत्व देने में सक्षम हैं। बड़ी लकीरें तो प्रतिनिधिमण्डल में गये अन्य विपक्षी दलों के नेताओं ने भी खींची है। जिनमें एआईएमआईएम सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने विश्व की राजधानियों में भारत की स्थिति और मौजूद विकास को भी रेखांकित किया है। ओवैसी- जो भारत के अल्पसंख्यकों को प्रभावित करने वाले मुद्दों को उठाने के लिए जाने जाते हैं- उन्होंने पाकिस्तान को कड़ी भाषा में आड़े हाथों लिया। यहां तक कि उन्होंने पाकिस्तान द्वारा जारी की गई फर्जी तस्वीरों का जिक्र करते हुए कहा कि नकल के लिए भी अकल चाहिए! ओवैसी की राष्ट्रवादी सोच तो समय-समय पर सामने आती रही है। इस तरह मुस्लिम नेतृत्व अगर उदारता दिखाता तो देश के करोड़ों मुसलमानों के प्रति एक विश्वास और भाईचारे की भावना बढ़ती है। ओवैसी ने तो सबकी निगाहें अपनी ओर खींच ली थीं। इसी तरह डीएमके सांसद कनिमोझी करुणानिधि ने अपनी तल्ख और चतुराई भरे अंदाज से भारतीयों एवं दुनिया का दिल जीत लिया है। सांसद कनिमोझी ने स्पेन में अपने हिस्से का पक्ष रखते हुए भारत की राष्ट्रीय भाषा एकता और विविधता का जिक्र कर ऐसी बात कही है जिसके बाद वो जमकर वाहवाही लूट रही हैं। कनिमोझी ने इसके साथ ही कहा कि हमारे अपने मुद्दे हो सकते हैं, अलग-अलग विचारधाराएं हो सकती हैं, संसद में हमारे बीच तीखी बहस हो सकती है, लेकिन जब भारत की बात आती है, तो हम एक साथ खड़े होते हैं, यही संदेश हम लेकर आए हैं।' उनकी ये बातें इसलिए भी खास हैं क्योंकि जहां एक ओर उनकी पार्टी राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में प्रस्तावित त्रि-भाषा नीति को चुनौती देते हुए गैर-हिंदी भाषी राज्यों पर हिंदी थोपने की बात कर रही है। वहां कनिमोझी एकता और विविधता को राष्ट्रीय भाषा बताते हुए अपना पक्ष रख रही हैं। डीएमके सांसद का ये अंदाज सुर्खियों का विषय बना है और लोग जमकर इसकी तारीफ कर रहे हैं। इसी तरह शिवसेना यूबीटी की प्रियंका चतुर्वेदी ने भारत को न केवल बुद्ध और गांधी, बल्कि श्रीकृष्ण की भूमि भी बताया, जिन्होंने पांडवों से आग्रह किया था कि धर्म की रक्षा के लिए आवश्यक हो तो युद्ध करने से न हिचकिचाएं। अब यह देखना बाकी है कि क्या सरकार ऐसे और कूटनीतिक प्रयासों में विपक्षी नेताओं का इस्तेमाल करना जारी रखेगी।

# समुद्र के पारिस्थितिकीय तंत्र पर गंभीर संकट

बीते 26 मई को कोच्चि के पास जलमग्न हुए लाइबेरिया के एक जहाज से फिलहाल तेल के फैलाव और उसमें भरे रसायनों की पानी से होने वाली क्रिया के कारण संभावित प्रदूषण का कोई खतरा सामने नहीं आया है। हालांकि, जहाज में लदे कुछ कंटेनरों के टूटने के बाद उनमें भरे अनगिनत प्लास्टिक के छोटे-छोटे गेंद जैसे छर्रे, जिन्हें नर्डल्स कहा जाता है, का फैलाव अब कन्याकुमारी तक हो गया है। यह न केवल समुद्री तटों, बल्कि व्यापक रूप से जल-जीवन के लिए एक बड़ा संकट बन गया है।

छोटे और हल्के होने के कारण नर्डल्स पानी पर तैरते हैं और समुद्री धाराओं, नालों तथा नदियों के माध्यम से दूर-दूर तक फैल जाते हैं। एक तो समय से पहले मानसून आ गया है, दूसरा इन दिनों अरब सागर में ऊंची लहरें और छोटे चक्रवात सक्रिय हैं।


इन कारणों से ये प्लास्टिक छर्रे अपेक्षा से कहीं अधिक दूर तक फैल गए हैं। उल्लेखनीय है कि समुद्री कंटेनरों में भरे सामान को सुरक्षित रखने के लिए इस तरह के छर्रों का उपयोग किया जाता है।

तमिलनाडु के कन्याकुमारी जिले के 42 तटीय गांवों में से 36 के समुद्र तटों पर प्लास्टिक के ये सफेद छर्रे, जहरीले कंकड़ बनते जा रहे हैं। इस प्रदूषण के चलते विशेष रूप से किलियूर तालुक के तटीय आवासीय क्षेत्र बुरी तरह प्रभावित हुए हैं, जहां के सभी 16 गांव प्रभावित हुए हैं। कलकुलम और अगस्तीस्वरम तालुकों में भी क्रमश: 13 तटीय बस्तियों में से 10-10 में नर्डल्स देखे गए हैं।

प्लास्टिक के ये टुकड़े मंगलवार को कन्याकुमारी शहर के निकट मणाकुड़ी नामक तटीय गांव तक पहुंच चुके हैं। इस बात की पुष्टि हो चुकी है कि बीते गुरुवार को कोंकलेच के वानियाकुड़ी तट के पास समुद्र में बह आकर आए कंटेनर के टूटने से ये छर्रे बहे हैं। इस कंटेनर को विशेषज्ञों की टीम ने बरामद कर कूथुकुड़ी में कस्टम विभाग को आगे जांच के लिए सौंप दिया। कन्याकुमारी के कलेक्टर अलागुमीना के मुताबिक अभी तक 858 बैग नर्डल्स एकत्रित किए गए हैं, जिनमें प्रत्येक का वजन लगभग 25 किलोग्राम है। अकेले सोमवार को ही 248 बैग एकत्र किए गए।


# टाईम पास

## काकुरो पहेली - 3554




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:



6+8+9=23
7+8+9=24
1+2+3+4+5=15
1+2+3+4+6=16

काकुरो - 3553 का हल



## लॉफिंग जोक्स

मॉडर्न पत्नी की शराब की लत से परेशान एक पति उसे समझाने के इरादे से बोला- मान लो एक ड्रम में शराब और दूसरे में पानी भरकर रख दिया जाए और फिर किसी गधे को बुलाकर उससे पीने को कहा जाए तो वह दोनों में से क्या पिएगा?

पत्नी ने कहा- वह पानी ही पिएगा।

पति ने उलझाने की कोशिश करते हुए कहा- मगर वह पानी ही क्यों पीना चाहेगा?

□ □ □

पत्नी- तुम तो कह रहे थे कि इस ब्यूटी क्लिनिक में तुम्हें नौकरी मिल गई है। फिर तुम बाहर खड़े क्या कर रहे हो?

पति- यहाँ बाहर खड़ा रहना, भीतर जाने वाली नारियों की उपेक्षा करना, जब श्रृंगार कराकर बाहर निकले तो सीटी बजाना, यही तो मेरी नौकरी है।

□ □ □

रमन- हर छात्र के लिए आज की तारीख में इंटरनेट कई मायनों में उपयोगी और महत्वपूर्ण है!

नमन- जैसे?

रमन- ...जैसे हमें कई जानकारियाँ इंटरनेट के माध्यम से मिल जाती है।

नमन- और आजकल तो लीक होने के बाद पेपर भी ई-मेल पर आ जाते हैं।

□ □ □

## फिल्म वर्ग पहेली- 3554



**बायें से दायें:-**

१. अमिताभ, राखी, की 'एक रास्ता है' गीत वाली फिल्म-२,३
४. 'ये नैन डरे डरे' गीत वाली फिल्म-३
६. सनी देओल, रवीना की 'दिल ना किसी का जाये' गीत वाली फिल्म-३
७. 'मैं तुझसे मिलने आई मंदिर जाने के बहाने' गीत वाली की फिल्म-२
९. संजयदत्त, पूजा की 'रहने को घर नहीं है' गीत वाली फिल्म-३
१०. 'कुछ लोग मुहब्बत करके' गीत वाली राज बब्बर, डिम्पल की फिल्म-२
१२. अजय देवगन, ट्विंकल खन्ना की जोड़ी वाली पहली फिल्म-२
१४. 'डाकिया रोज गली पर' गीत वाली मिथुन, स्वाति, मानसी की फिल्म-२
१६. 'हम प्यार करने वाले' गीत वाली फिल्म-२
१७. 'थोड़ा है थोड़े की' गात वाली राकेश रोशन, बिंदिया की फिल्म-२,२
१८. 'मैंने कहा फूलों से' गीत वाली फिल्म-२
१९. 'जिंदगी के खेल में' गात वाली अनिल कपूर, माधुरी की फिल्म-२
२०. फिल्म 'डकैत' में मीनाक्षी के साथ नायक कौन था?-२
२२. फिल्म 'परिंदा' में 'अन्ना' के चरित्र की भूमिका किसने की थी?-२
२३. 'ई है बंबई नगरिया' गीत वाली फिल्म-२
२५. जीतेंद्र, जया की 'बीती ना बिताई रैना' गीत वाली फिल्म-४
२७. 'झोंपड़ी में चारपाई' गीत वाली जीतेंद्र, श्रीदेवी, जया की फिल्म-३
२९. 'कितना बेचैन होके' गीत वाली फिल्म-३
३१. संजीव, राखी की एक फिल्म-३
३२. 'तारे हैं बारती' गीत वाली फिल्म-४

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'कितना प्यारा वादा' गीत वाली फिल्म-३
२. सुनीलदत्त, किशोर सायरा की फिल्म-४
३. 'सुंदरा सुंदरा' गात वाली फिल्म-३
४. फिल्म जिसमें शाहरूख ने गूँगे की भूमिका की थी-३
५. 'राहों में उड़ती जाए बिछड़े' गीत वाली फिल्म-२
८. 'जीवनमृत्यु' में धर्मेन्द्र के साथ नायिका?-२
११. 'अबके बरस ये हाल है' गीत किस म्यूजिक एलबम का है?-२
१२. 'मिजाजे गिरामी दुआ है' गीत वाली फिल्म-२
१३. संजय कपूर, शिल्पा की 'टक टका टक' गीत वाली फिल्म-३
१५. 'बिन साजन झूला झूलूँ' गीत वाली फिल्म-३
१६. फिल्म 'शोला और शबनम' में गोविंदा की नायिका कौन थी?-२
१७. 'पालकी में होके सवार' गीत वाली फिल्म-५
२० 'आंखों में नींदें ना' गीत वाली फिल्म-३
२१. जीतेंद्र, नंदा की 'देखते ही तुझे मेरे दिलने कहा' गीत वाली फिल्म-४
२४. 'सजना साथ निभाना' गीत वाली फिल्म-२
२६. लक्की अली, गौरी की एक फिल्म-२
२८. 'एक बेचारा प्यार का मारा' गीत वाली फिल्म-३
३०. विनोद खन्ना, भानुप्रिया की फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली-3553



## सूडोकु -3554

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| | 6 | | 8 | 9 | | | 7 | 5 |
| 3 | | | 1 | | | | | 2 |
| | 3 | | 4 | | | | 6 | |
| 6 | | 2 | | 1 | | 4 | | 3 |
| | 8 | | | | 5 | | 2 | |
| 2 | | | | | 3 | | | 1 |
| 5 | 1 | | | 7 | 6 | | 4 | |
| | 9 | | | 4 | | | 3 | 6 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु -3553 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 6 | 4 | 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 1 | 8 | 5 | 2 | 6 | 4 |
| 1 | 5 | 2 | 4 | 3 | 6 | 7 | 9 | 8 |
| 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 2 |
| 5 | 8 | 6 | 9 | 2 | 4 | 3 | 1 | 7 |
| 2 | 9 | 7 | 5 | 1 | 3 | 8 | 4 | 6 |
| 9 | 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 7 | 5 | 6 | 4 | 2 | 1 | 8 | 9 |
| 6 | 2 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 7 | 5 |

## शब्द पहेली - 3554



**बाएँ से दाएँ**

1.महर्षि वेदव्यास द्वारा रचित महाकाव्य-5
4.आज्ञापत्र, पतंगा-4
7.शरीर, बदन-2
8.होशियार, हुनरमंद-3
9.नस, नाड़ी-2
10.तीर रखने का पात्र-4
11.गधा, गर्दभ-2
13.जो बंदी हो-3
14.पत्नी, भार्या-2
15.दृष्टि, निगाह-3
17.खैरात, दक्षिणा-2
19.अपने ही घर में कैद होना-5
22.भाग्यवाला-5
25.जी, इच्छा-2
26.तन, काया-3
28.दुनिया, संसार-2
29.वेतन-3
30.भीगा हुआ-2
32.सागौन, एक प्रकार की मूल्यवान लकड़ी-4
34.परिणाम,हल,फ्रूट-2
36.सचेग-3
37.राजकपूर,नरगिस की फिल्म-2
38.चाणक्य के समय मगध की राजधानी-4
39.निरस्त करना-2,3

**ऊपर से नीचे**

1.आमिर,मनीषा कोइराला की फिल्म-2
2.रवि, सूर्य-3
3.तमाशा देखनेवाले-5
4.परीक्षण,जांच-3
5.सप्ताह का दिन-2
6.जो नापसंद हो (उर्दू-4)
7.गोविंदा व खुशबू की फिल्म-2,3
10.भाग्य,किस्मत-4
12.क्रिकेट में बनते हैं-2
16.नसीरुद्दीन शाह की एक फिल्म -3
17.खुजली-2
18.रस्सी पर अपराधी को लटकाना-2
20.आवश्यक-3
21.कैदी, बंधक-2
22.इसाई साध्वी-2
23.बालकपन-4
24.असावधान-5
25.महासमुद्र-5
26.सज्जनता, भद्रता-4
27.अभिषेक की फिल्म-2
31.मुद्दा (उर्दू-3)
33.वाचन करनेवाला-3
35.उद्देश्य-2
37.आगमन,आने का भाव-2

शब्द पहेली - 3553 का हल



# कानपुर मॉडल पर बनेगा नोएडा का स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स

## प्राधिकरण की टीम ने किया था दौरा, तैयार किए जाएंगे नेशनल और इंटरनेशनल खिलाड़ी

**नोएडा।** नोएडा के सेक्टर-123 में प्रस्तावित स्पोर्टस कांप्लेक्स के इंडोर स्टेडियम को रि डिजाइन किया जाएगा। प्राधिकरण सीईओ लोकेश एम ने बताया कि जो डिजाइन तैयार किया गया है उसके निर्माण पर खर्च ज्यादा करना होगा। इसलिए प्राधिकरण की एक टीम हाल ही में कानपुर भी गई थी। वहां टीम ने स्पोर्टस हब का दौरा किया। इसी स्पोर्टस हब के पैटर्न पर ही यहां इंडोर स्टेडियम को संचालित किया जा सकता है।

इसी के अनुसार सलाहकार कंपनी को डिजाइन तैयार करने के लिए कहा गया है। डिजाइन तैयार होगा इसे आईआईटी दिल्ली भेजा जाएगा। स्पोर्टस कांप्लेक्स में इंडोर और आउटडोर स्टेडियम बनाने का बजट करीब 200 करोड़ तय किया गया था। इसे पीपीपी मॉडल पर बनाया जाना है। ऐसे में कोई भी कंपनी एक साथ इतना बजट खर्च करने को तैयार न हो। इसलिए प्राधिकरण कानपुर मॉडल को अपना सकती है।

इसके लिए रि -डिजाइन के अनुसार बजट कम किया जाएगा। प्राधिकरण निर्माण के लिए टेंडर जारी करेगा। निर्माण भी करेगा और संचालन के लिए आरएफपी जारी करेगा। संचालन के लिए जो भी कंपनी आएगी वो एक निश्चित पैसा प्राधिकरण को देगा।

संचालित करने वाली कंपनी के पास विज्ञापन का कुछ राइटस होगा। बाकी विज्ञापन के राइट्स प्राधिकरण अपने पास रखेगा। फिलहाल स्पोर्टस कांप्लेक्स के इंडोर स्टेडियम का डिजाइन दोबारा से तैयार किया जाएगा।




### पहले दो फेज में बनना था स्पोर्टस कांप्लेक्स

प्राधिकरण ने बताया कि जो डिजाइन पहले तैयार किया था उसके अनुसार प्रोजेक्ट दो फेज में तैयार होना था। डिजाइन के अनुसार दोनों फेज के लिए करीब 200 करोड़ खर्च होने थे। लेकिन अभी पहले फेज का काम होगा।

पहले फेज में 70 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। यहा स्पोर्टस कांप्लेक्स 26.47 एकड़ में बनाया जाएगा। पहला फेज 14.92 एकड़ का और दूसरा फेज 11.73 एकड़ का होगा।

### कांप्लेक्स में इंडोर स्पोर्ट्स सुविधाएं

बैडमिंटन
टेबल टेनिस
कुश्ती
स्क्वायश

### आउटडोर स्पोर्टस सुविधाएं

क्रिकेट ग्राउंड
बॉलीवॉल
कबड्डी
लांग टेनिस
खो-खो
जेबलिन थ्रो
जिमनास्ट की सुविधा
लांग जंप
हाई जंप
200 मीटर रेसिंग ट्रैक

### इन सेक्टरों और खिलाड़ियों को होगा फायदा

नोएडा में स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के नाम पर सेक्टर-21ए स्टेडियम है। यहां भी अधिकांश सुविधाएं है। लेकिन भीड़ होने की वजह से खिलाड़ी को स्थान नहीं मिल पाता। ऐसे में नया बनाया जा रहा स्पोर्टस कांप्लैक्स काफी हद तक उभरते हुए खिलाड़ियों को सहुलियत देंगे।

इसके अलावा सेक्टर-122, पर्थला, सेक्टर-119, सेक्टर-121, सर्फाबाद और ग्रेनो वेस्ट के लोगों को इसका लाभ मिलेगा।

# नोएडा एक्सप्रेस वे की 600 मीटर सड़क होगी चौड़ी

## शासन से मिली एनओसी, 5.5 मीटर बढ़ेगी चौड़ाई, रोजाना 5 लाख लोगों को होगा फायदा

**नोएडा।** नोएडा ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस वे पर महामाया फ्लाइओवर से डीएनडी लूप तक की रोड को चौड़ा किया जाएगा। इससे एक्सप्रेस वे के जरिए दिल्ली जाने वाले वाहन चालकों को जाम नहीं मिलेगा। सड़क चौड़ा करने के लिए प्राधिकरण ने 26 सितंबर 2024 को उप्र शासन की स्मारकों, संग्रहालयों, संस्थाओं, पार्क व उपवन आदि की प्रबंधन, सुरक्षा और अनुरक्षण समिति से एनओसी मांगी थी। ये एनओसी प्राधिकरण को मिल गई है। ऐसे में अब प्राधिकरण सड़क चौड़ीकरण के लिए टेंडर जारी कर सकता है।



प्राधिकरण ने बताया कि एक्सप्रेस वे पर जाम का ये सबसे बड़ा पाइंट है। पीक आवर्स में ट्रैफिक भार ज्यादा होने से यहां लोगो को काफी दिक्कत होती है। ऐसे में निर्णय लिया गया कि सेक्टर-95 राष्ट्रीय दलित प्रेरणा स्थल के सामने सड़क को चौड़ा किया जाए। लेकिन बिना एनओसी के ये नहीं हो सकता था। अब एनओसी मिल गई है। जिसके बाद सड़क चौड़ी करण काम जल्द शुरू हो जाएगा। प्राधिकरण ने बताया कि इसके लिए जो स्टडी की गई है।

सेक्टर-95 में 600 मीटर लंबाई में बनी हुई 1 मीटर रोड साइड पटरी और 1.4 मीटर चौड़ा छोटा फुटपाथ व रेलिंग के अलावा 3.1 मीटर चौड़ा पेव्ड टाइल सरफेस को हटाकर कुल 5.5 मीटर चौड़ी सर्विस लेन बनाई जाएगी। जिससे यहां लगने वाले जाम से लोगों को राहत मिलेगी। ऐसे में सड़क रोड कैरिज वे 45 मीटर हो जाएगी।

### रोजाना आते है 5 लाख वाहन

दिल्ली से रोजाना करीब 5 लाख वाहन आते जाते है। ये वाहन इसी मार्ग का प्रयोग करते है। एक बार सड़क चौड़ी होने से वाहन चालकों को जाम का सामना नहीं करना पड़ेगा। इसके विपरीत साइड में प्राधिकरण पहले की सड़क चौड़ी कर चुका है।

# ग्रेटर नोएडा में चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश

## दो आरोपी गिरफ्तार, सोने-चांदी के गहने और हथियार बरामद

**जेवर।** दनकौर कोतवाली पुलिस ने घरों में चोरी करने वाले गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान जेवर कोतवाली के नंगला जहानू गांव के नूर मोहम्मद और सरफराज के रूप में हुई है।

पुलिस ने आरोपियों से 7,800 रुपए नकद, लाखों रुपए के सोने-चांदी के गहने और एक तमंचा बरामद किया है। दोनों आरोपियों ने 13 जनवरी को रीलखा गांव निवासी गजराज के घर से की गई चोरी की बात स्वीकार की है। कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह के अनुसार, नूर मोहम्मद पर विभिन्न थाना क्षेत्रों में 19 आपराधिक मामले दर्ज हैं। सरफराज के खिलाफ भी 2 मामले दर्ज हैं। दोनों आरोपियों को शनिवार को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी शनिवार दोपहर कस्बे के पास देखे गए। पुलिस को देखकर भागने की कोशिश कर रहे दोनों को पीछा कर पकड़ा गया। पूछताछ में उन्होंने कई अन्य चोरियों को भी अंजाम देने की बात स्वीकार की है। पुलिस अब गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश कर रही है।



# ग्रेटर नोएडा में नई सड़क का निर्माण शुरू

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने ग्रेटर नोएडा और ग्रेटर नोएडा वेस्ट को जोड़ने के लिए एक नई सड़क का निर्माण कार्य शुरू कर दिया है। यह सड़क 80 मीटर चौड़ी होगी और इसकी लंबाई 2200 मीटर होगी।

प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार की पहल पर किसानों से वार्ता कर जमीन विवाद को सुलझाया गया। यह सड़क सेक्टर-3 के पास 60 मीटर रोड को नॉलेज पार्क-5 के पास 130 मीटर रोड से जोड़ेगी। इस निर्माण पर लगभग 10 करोड़ रुपए की लागत आएगी।

एसीईओ प्रेरणा सिंह के अनुसार, वर्तमान में 60 मीटर रोड पर ट्रैफिक का अधिक दबाव है। नई सड़क बनने से यह दबाव कम होगा। साथ ही यात्रियों का समय और ईंधन भी बचेगा। प्राधिकरण का लक्ष्य है कि मानसून की शुरुआत से पहले इस सड़क का निर्माण पूरा कर लिया जाए। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ग्रेनो वेस्ट में ट्रैफिक की समस्या को हल करने के लिए कई कदम उठा रहा है। इसमें अंडरपास का निर्माण, यूटर्न की व्यवस्था और मौजूदा सड़कों का चौड़ीकरण शामिल है। नई सड़क के बनने से ग्रेटर नोएडा और ग्रेनो वेस्ट के बीच यात्रा करने वालों को सुविधा होगी।

# नोएडा में 21 दिनों में 218 कोरोना के मरीज

## शनिवार को आए 28 मरीज, सात को अस्पताल से दी गई छुट्टी

**नोएडा।** शनिवार को 28 नए कोरोना संक्रमित मरीजों की पुष्टि की है। अब मरीजों की संख्या 218 हो गई है। नए मरीजों में तीन का इलाज अस्पताल में चल रहा है। नए मरीजों में से 25 का इलाज होम आइसोलेशन में चल रहा है।

सात मरीजों को इलाज के बाद अस्पताल से छुट्टी दी जा चुकी है। पिछले 21 दिनों में 218 कोरोना संक्रमित मरीज मिले हैं। इनमें से 94 पुरुष और 124 महिलाएं हैं। जिले के लगभग सभी बड़े निजी अस्पताल में कोरोना संक्रमण के इलाज की सुविधा है।

वहीं, सरकारी अस्पतालों में जिला अस्पताल में ऐसे मरीजों को भर्ती किया जा रहा है। जिला निगरानी अधिकारी डॉ. टीकम सिंह ने बताया कि सभी मरीजों का इलाज चल रहा है। अस्पताल में इलाज करवा रहे मरीजों की हालत भी स्थिर है। कोई भी मरीज गंभीर नहीं है। सीएचसी में अभी भी नमूने लेने की सुविधा नहीं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में कोरोना के संदिग्ध मरीजों के नमूने लेने की सुविधा अभी भी शुरू नहीं हुई है।



### जिला अस्पताल में लिए जा रहे सैंपल

यह सुविधा सिर्फ जिला अस्पताल में ही मरीजों को मिल रही है। फिजिशियन से परामर्श के बाद कोरोना संक्रमण के लक्षण वाले मरीजों के नमूने लिए जा रहे हैं। नमूनों की जांच चाइल्ड पीजीआई में की जा रही है। जिला अस्पताल में आइसोलेशन वार्ड बनाया गया है, लेकिन सीएचसी में इसकी सुविधा नहीं है। टीकम सिंह ने बताया कि कोरोना को लेकर प्रोटोकॉल का पालन करे। मास्क पहले और समय समय पर हाथ धोते रहे।

# पीडब्ल्यूडीकी सड़कों को ग्रेनो प्राधिकरण कराएगा ठीक

## 10 करोड़ रुपए किए जाएंगे खर्च; गांव से कनेक्ट करेंगी सड़कें

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के गांवों को जोड़ने के लिए लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) ने सालों पहले सड़क बनाई थी। ज्यादातर सड़कों की स्थिति खस्ताहाल हो चुकी है।

जगह- जगह पर टूटने के साथ गड्ढे हो गए हैं। ऐसे में ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को परेशानी होती है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अधिसूचित क्षेत्र होने के चलते गांव के लोग इसकी शिकायत प्राधिकरण के अधिकारियों से करते हैं। सभी जरूरी विकास कार्य प्राधिकरण द्वारा ही कराए जाते हैं।

ग्रामीणों की परेशानी को देखते हुए प्राधिकरण ने पीडब्ल्यूडी की सड़कों को दुरुस्त करने का जिम्मा उठाया है।




प्राधिकरण के वरिष्ठ प्रबंधक नागेंद्र सिंह ने बताया कि सर्वेक्षण कर उन संपर्क मार्गों को चिह्नित कर लिया गया है।

जिनको दुरुस्त कराया जाना जरूरी है। कुलीपुरा से पंचायतन गांव तक की 300 मीटर लंबी सड़क को दुरुस्त करने के साथ दोनों तरफ जल निकासी के लिए आरसीसी नाली का निर्माण कराया जाएगा।

सिकंद्राबाद- दनकौर मार्ग से जुनैदपुर की मढैया को जोड़ने वाली लगभग तीन किलो मीटर लंबी को दुरुस्त किया जाएगा। इस सड़क को चौड़ा करने के साथ जल निकासी के लिए नाली का निर्माण किया जाएगा।

इसके साथ ही मंडी श्यामनगर से अस्तौली फाटक वाया देवटा तक सीसी सड़क के साथ नाली का निर्माण किया जाएगा। विकास कार्यों से संबंधित टेंडर जारी कर दिए गए है। प्रक्रिया पूरी कर डेढ़ से दो माह में काम शुरू करा दिया जाएगा।

### 10 करोड़ होंगे खर्च

सड़कों को चमकाने और जल निकासी की व्यवस्था दुरुस्त करने पर लगभग 10 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। इससे ग्रामीणों को राहत मिल जाएगी। एके सिंह, महाप्रबंधक, परियोजना ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने बताया कि प्राधिकरण क्षेत्र में आने वाले गांवों के संपर्क मार्गों को दुरुस्त करने का काम जल्द शुरू किया जाएगा।

सर्वेक्षण कर सड़कों को चिह्नित कर लिया गया है। चरणबद्ध तरीके से विकास कार्य कराए जाएंगे। सड़कों पर जलभराव न हो,इसके लिए नाली का निर्माण कराया जाएगा।

# ग्रेटर नोएडा में पुलिस और बदमाश के बीच मुठभेड़

**गौतम बुद्ध नगर।** सूरजपुर थाना क्षेत्र में पुलिस और बदमाश के बीच मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ में बदमाश प्रियांशुल उर्फ प्रांशुल पैर में गोली लगने से घायल हो गया।

घटना मोजर बीयर गोल चक्कर के पास हुई। पुलिस कचहरी रोड पर चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान बिना नंबर की हीरो स्प्लेंडर पर सवार एक व्यक्ति आया। पुलिस ने उसे रोकने का इशारा किया। बदमाश ने पुलिस पर फायर कर दिया और भागने लगा।

बदमाश की बाइक फिसल गई। वह रेलवे लाइन के पास जंगल में छिप गया। वहां से उसने फिर पुलिस पर फायर किया। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई में गोली चलाई।

पूछताछ में पता चला कि बदमाश प्रयागराज का रहने वाला है। वह फिलहाल गाजियाबाद के खोड़ा में रह रहा था। उसकी उम्र 35 साल है।

बदमाश के पास से 315 बोर का अवैध तमंचा, एक खोखा कारतूस, एक जिंदा कारतूस, चार चोरी के मोबाइल और बिना नंबर की स्प्लेंडर बाइक बरामद हुई।

प्रांशुल के खिलाफ गाजियाबाद और गौतम बुद्ध नगर में 10 मुकदमे दर्ज हैं। वह शातिर लुटेरा है और घटना के दिन भी लूट की फिराक में था।

## एक समान नीति में फिर संशोधन की तैयारी

**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण में इस साल फरवरी महीने में लागू हुई एक समान नीति (यूनिफाइड पॉलिसी) में एक बार फिर संसोधन की तैयारी है। इस बार संशोधन छोटे व्यावसायिक भूखंड और दुकानों के लिए लगाए गए वित्तीय और तकनीकी मानक को लेकर है। अधिकारियों ने बताया कि प्राधिकरण में मांग आई है कि दुकान और छोटे भूखंड के लिए यह मानक न लगाए जाएं। अधिकारियों ने बताया कि इससे संबंधित प्रस्ताव नोएडा प्राधिकरण 11 जून को प्रस्तावित बोर्ड बैठक में रखने की तैयारी है। इसके पहले शेयर होल्डिंग में बदलाव और समय वृद्धि के मानकों से जुड़े यूनिफाइड पॉलिसी में बदलाव को बोर्ड से मंजूरी ली जा चुकी है। यूनिफाइड पॉलिसी तीनों प्राधिकरण में कामकाज को एकरुपता देने के लिए लाई गई है। इसके अलावा चार श्रेणी के भूखंड की योजनाओं के ब्रोशर भी मंजूरी के लिए बोर्ड बैठक में रखे जाएंगे।

# जिले में कड़ी सुरक्षा के बीच अदा हुई ईद की नमाज

**नोएडा।** ईद-उल-अजहा (बकरीद) के अवसर पर गौतमबुद्ध नगर जिले की मस्जिदों और ईदगाहों में नमाज शांतिपूर्ण ढंग से कड़ी सुरक्षा के बीच अदा की गई।

नोएडा में सेक्टर-8 स्थित जामा मस्जिद में सुबह छह बजे पहली और 7:15 बजे दूसरी नमाज अता की गई, जिसके बाद एक-दूसरे को गले लगाकर बकरीद की मुबारकबाद दी गई। नोएडा, दादरी, जेवर, भंगेल, निठारी, सूरजपुर और दनकौर समेत जिले भर की मस्जिदों में बकरीद की नमाज कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच अता की गई।

पुलिस-प्रशासन ने पहले से ही त्योहार को लेकर व्यापक तैयारी की थी। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने मस्जिदों पर जाकर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया और नमाजियों को ईद की बधाई दी।गौतमबुद्ध नगर पुलिस कमिश्नरेट द्वारा ईदगाहों और मस्जिदों पर सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए गए। पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने ग्रेटर नोएडा डीसीपी साद मियां खान के साथ संवेदनशील क्षेत्रों का दौरा किया और मौके पर मौजूद अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

अपर पुलिस आयुक्त कानून व्यवस्था राजीव नारायण मिश्रा ने डीसीपी नोएडा जोन यमुन प्रसाद के साथ सेक्टर-आठ और अन्य संवेदनशील क्षेत्रों का दौरा किया।

साथ ही स्थानीय अधिकारियों को लगातार क्षेत्र में गश्त करने और संवेदनशीलता बनाए रखने के निर्देश दिए गए। सेंट्रल नोएडा जोन में डीसीपी शक्ति मोहन अवस्थी ने अधीनस्थों के साथ भ्रमण किया।

## शार्ट न्यूज

### यमुना एक्सप्रेसवे के पास हादसा: कंपनी कर्मचारी की मौत, ट्रैक्टर चालक को जेल भेजा

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर में यमुना एक्सप्रेसवे के सर्विस रोड पर एक सप्ताह पहले हुए सड़क हादसे के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ट्रैक्टर चालक सचिन को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है। घटना बीते शनिवार की शाम की है। नवादा गांव के रहने वाले 45 वर्षीय सुभाष गौतम ग्रेटर नोएडा स्थित एक कंपनी में काम करते थे। वह ड्यूटी से बाइक पर घर लौट रहे थे। दनकौर कोतवाली क्षेत्र में सामने से आ रहे ट्रैक्टर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में सुभाष की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने मुर्शदपुर निवासी ट्रैक्टर चालक सचिन के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का मामला दर्ज कराया था। दनकौर कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस ने शनिवार को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

### नाबालिग के अपहरण का आरोपी गिरफ्तार

#### ग्रेटर नोएडा में तमंचे के साथ गिरफ्तार, पहले भी जेल जा चुका है

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा की दनकौर पुलिस ने एक आरोपी को तमंचे और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी मोनू बुलंदशहर का रहने वाला है। वह ननुआ का राजपुर गांव के पास से पकड़ा गया। आरोपी पर तीन महीने पहले एक नाबालिग किशोरी का अपहरण करने का आरोप है। किशोरी के परिजनों ने उसके खिलाफ केस दर्ज कराया था। पुलिस ने किशोरी को सकुशल बरामद कर लिया था। इस मामले में आरोपी को जेल भेजा गया था। मोनू करीब 10 दिन पहले ही जमानत पर जेल से बाहर आया था। पुलिस के मुताबिक वह फिर से कोई अपराध करने की योजना बना रहा था। वह क्षेत्र में तमंचा लेकर घूम रहा था। सूचना मिलने पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। दनकौर कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने बताया कि आरोपी को शनिवार को कोर्ट में पेश किया गया। वहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

### शहर में नए आकार में स्पीड ब्रेकर बनाए जाएंगे

**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण अब शहर में नए आकार में स्पीड ब्रेकर बनवाएगा। इनको टेबल टॉप नाम दिया गया है। नोएडा प्राधिकरण ने करीब 50 टेबल टॉप बनाने के लिए टेंडर जारी किया है। शहर में बने पुराने कंक्रीट के ब्रेकर्स से खतरे को देखते हुए नोएडा प्राधिकरण ने टेबल टॉप बनवाने का फैसला लिया है। टेबल टॉप भी एक तरह का स्पीड ब्रेकर होता है, लेकिन इस की ऊंचाई ज्यादा नहीं होती। चौड़ाई में इसे वाहनों के चढ़ने के लिए रैंप के साथ बनाया जाता है।नोएडा प्राधिकरण के ट्रैफिक सेल ने वर्क सर्किल-4, 5, 6 और 7 में करीब 50 टेबल टॉप बनाने का टेंडर जारी कर दिया है। अधिकारियों ने बताया कि टेबल टॉप जहां पर बनाया जाएगा, उसके पहले बोर्ड भी लगाया जाएगा। जो एजेंसी बनाएगी, उसको एक साल तक देखरेख करनी होगी। एजेंसियों से 19 जून तक आवेदन मांगे गए हैं। प्राधिकरण के ट्रैफिक सेल के अधिकारियों ने बताया कि वर्क सर्किल के हिसाब से जहां पर नए स्पीड ब्रेकर्स बनाए जाने की मांग आ रही है, वहां पर टेबल टॉप बनवाए जाएंगे।

### प्रभु जगन्नाथ यात्रा की तैयारियां शुरू

**नोएडा।** श्रीजगन्नाथ समिति नोएडा द्वारा प्रभु जगन्नाथ रथ यात्रा के लिए तैयारियां शुरू हो गई है। इसके लिए समिति द्वारा उड़ीसा से आए कारीगरों द्वारा भव्य दिव्य रथ का निर्माण किया जा रहा है। यात्रा में लगभग 27 फुट ऊंचे रथ की शोभा अतुलनीय होगी। विभिन्न कलाकृतियां रथ को भव्यता प्रदान करेंगी। श्रीजगन्नाथ समिति द्वारा रथ को सजाने के साथ महोत्सव की तैयारियां शुरू हो गई है। जगन्नाथ समिति की वाइस प्रेसिडेंट प्रमोद बल ने बताया 11 जून को प्रभु बलराम माता सुभद्रा और प्रभु जगन्नाथ शाम की आरती के बाद रात 9 बजे से मंदिर के कपाट बंद होगे।इसके बाद लगभग एक महीने तक भगवान भक्तों को दर्शन नहीं देगे। उन्होंने बताया कि 26 जून को मंदिर के कपाट खोले जाएगे, इसके बाद भगवान रथ में विराजेंगे और श्रद्धालुओं को दर्शन देंगे। रथ यात्रा को बनाने और सजाने का काम शुरू हो गया है। उन्होंने बताया कि रथ तैयार करने वाले कारीगर ढांचा तैयार करने बाद फूलों को मनोहारी रूप देंगे।

### टैरिफ के लागू होने से कई सेक्टरों पर असर पड़ेगा

**नोएडा।** शहर के निर्यातकों के मन से अभी तक अमेरिका के टैरिफ का डर नहीं निकला है। शहर के निर्यातक टैरिफ बढ़ने की आशंका जता रहे हैं। उन्हें डर है कि 90 दिनों की अवधि पूरी होने के बाद जुलाई के मध्य से बढ़ी हुई टैरिफ लागू हो जाएगी। इससे निर्यातकों की चुनौती काफी बढ़ जाएगी। निर्यातकों को नुकसान भी झेलना पड़ सकता है। जिले में अमेरिका समेत विश्व के बाजारों में 20 हजार से अधिक उद्यमी विभिन्न उत्पादों का निर्यात करते हैं। इनका सालाना करीब 80 हजार करोड़ रुपये का निर्यात होता है। इसमें सबसे ज्यादा गारमेंट एक्सपोर्ट, ऑटो पार्टस, इलेक्ट्रिक उपकरण, सुरक्षा उपकरण, हैंडीक्राफ्ट, हैंडलूम समेत अन्य उत्पाद शामिल है।विश्व के सभी देशों की तुलना में अकेले अमेरिका से ही 40 प्रतिशत से अधिक निर्यात किया जाता है।

### भूखंड दिलाने के नाम पर नौ लाख रुपये हड़पे

**नोएडा।** दादरी स्थित एक कॉलोनी में 100 गज का भूखंड दिलाने के नाम पर 11 वर्ष पहले इटावा निवासी एक व्यक्ति से नौ लाख रुपये ले लिए। आरोपियों ने इतने वर्ष बीत जाने के बाद भी न भूखंड दिया और न रुपये लौटाए। पीड़ित ने सेक्टर-63 थाने में तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। जिला इटावा के गांव नगला छोटे मल्होसी निवासी सर्वेश सिंह ने पुलिस को बताया कि वह वर्ष 2013 में सेक्टर-63 के ए ब्लॉक स्थित मां बैलून एसोसिएट्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के संपर्क में आए। उनकी मुलाकात दिल्ली निवासी ललित उपाध्याय, श्याम चरण मिश्रा और राकेश कुमार से हुई।तीनों आरोपियों ने दादरी के गांव अलावर्दीपुर स्थित अक्षरधाम कॉलोनी में 100 गज का भूखंड नौ लाख रुपये में दिलाने का वादा किया।

### दहेज उत्पीड़न पर पति समेत छह पर रिपोर्ट दर्ज

**ग्रेटर नोएडा।** गाजियाबाद के अजबलपुर गांव निवासी पंकज और पीयूष समेत छह लोगों पर दहेज प्रताड़ना, जानलेवा हमले करने का आरोप लगा है। महिला नेहा की शिकायत पर कासना कोतवाली पुलिस ससुराल पक्ष के लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच कर रही है। मूलरूप से घंघोला गांव की नेहा की शादी मार्च 2024 में पंकज और छोटी बहन काजल की शादी पीयूष के साथ हुई। पंकज और पीयूष सगे भाई हैं। पीड़िता का आरोप है कि ससुराल पक्ष के लोग फार्च्यूनर कार के साथ 11 लाख रुपये की मांग कर रहे थे। आरोपियों ने छोटी बहन का गर्भपात तक करा दिया।साथ ही मारपीट कर उसे घर से बाहर निकाल दिया। मायके पक्ष ने उसका उपचार दादरी अस्पताल में कराया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने दोनों आरोपी पति समेत ससुराल पक्ष के छह लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। कासना पुलिस का कहना है कि दोनों पक्षों की तरफ से मध्यस्ता से मामला निपटाने का प्रयास किया गया।

### कार-बाइक की टक्कर में सेना के जवान की मौत


**ग्रेटर नोएडा।** जेवर कोतवाली क्षेत्र के खुर्जा रोड पर कार और बाइक की टक्कर में सेना के जवान की मौत हो गई। जवान छुट्टी पर अपने गांव आए हुए थे। छुट्टी खत्म होने के बाद वापस ड्यूटी पर तैनाती के लिए लौट रहे थे, लेकिन इसी दौरान गांव के पास ही हादसा हो गया। जानकारी के मुताबिक जेवर के हसनपुर गांव निवासी शीशपाल सेना में जवान थे। इस समय बिहार में उनकी तैनाती थी। कुछ दिन पहले ही वह छुट्टी पर घर आए हुए थे। छुट्टी खत्म होने के बाद वह ड्यूटी पर वापस लौट रहे थे। शनिवार सुबह परिवार के एक युवक जितेंद्र के साथ बाइक पर सवार होकर यमुना एक्सप्रेसवे पर जा रहे थे।वहां से बस पकड़नी थी, जब उनकी बाइक बंकापुर गांव के पास पहुंची तो एक अज्ञात कार ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डाक्टरों ने सेना के जवान शीशपाल को मृत घोषित कर दिया। जबकि, जितेंद्र का इलाज चल रहा है। सूचना मिलने पर परिजन भी मौके पर पहुंचे गए। पुलिस ने जवान के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# 2000 रुपए के लिए छोटे भाई की हत्या

## कानपुर में 5 डंडे मारकर सिर फोड़ा, फिर पिता ने पकड़ा, बड़े भाई ने सूजा घोंपा

**कानपुर।** कानपुर में 2000 रुपए बिजली बिल जमा करने को लेकर बड़े भाई ने छोटे भाई का मर्डर कर दिया। आरोपी ने पहले छोटे भाई के सिर पर 5 डंडे मारे। चीख सुनकर पिता मौके पर पहुंचे। पिता ने छोटे बेटे को पकड़ा। इसी दौरान जितेंद्र घर से बर्फ तोड़ने वाला सूजा उठा लाया और छोटे भाई के सीने में घोंप दिया।

परिजन उसे उर्सला अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। पुलिस ने बाप-बेटे को अरेस्ट कर लिया है। घटना बादशाहीनाका थाना क्षेत्र के हुसैन अफसर तिराहा के गुलियाना मोहल्ले की है।




### 2 महीने से जमा नहीं हुआ था बिजली बिल

गुलियाना मोहल्ले में रहने वाले पवन यादव दिव्यांग हैं। वह बर्फ बेच कर घर चलाते हैं। उनके चार बेटे विजेंद्र, जितेंद्र, शेखर और राजेंद्र यादव हैं। पवन पिछले कुछ साल से परिवार से अलग किराए के मकान में रहते हैं। जबकि उनका बड़ा बेटा जितेंद्र भी मोहल्ले में ही किराए के मकान में 3 साल से अलग रहता है। वह चाय की दुकान चलाता है। पवन की पत्नी राजकुमारी देवी 3 बेटों विजेंद्र, जितेंद्र और शेखर के साथ रहती हैं। विजेंद्र पशु पालन करता था।

बहन मेनका ने बताया कि घर में प्रीपेड मीटर लगा हुआ है। पिछले दो महीने से घर का बिजली बिल जमा नहीं हुआ था। इस वजह से इस महीने बिजली का बिल माइनस 2000 हजार हो गया था। चार दिन पहले कनेक्शन कट गया। घर की बिजली कटने के कारण घर में लोग परेशान थे।

### बड़े भाई ने पहले डंडे से मारा, फिर सूजा घोंपा

शनिवार सुबह करीब 8 बजे जितेंद्र घर पहुंचा। यहां छोटे भाई विजेंद्र से कहा- बिजली का बिल क्यों नहीं जमा किया छोटे भाई विजेंद्र ने कहा- मीटर सभी के नाम है, इसलिए सभी लोग अपने-अपने हिस्से का पैसा दें, ताकि बिल जमा हो जाए। जितेंद्र ने बिल देने से मना कर दिया।

इसके बाद दोनों में मारपीट शुरू हो गई। जितेंद्र ने विजेंद्र के सिर पर 5 डंडे मारे। इससे उसका सिर फट गया। मारपीट होते देख मौके पर पिता पवन पहुंच गए। पवन ने विजेंद्र को पकड़ लिया।

तभी जितेंद्र दौड़कर घर के अंदर गया और सूजा उठा लाया। आरोपी जितेंद्र ने सूजा छोटे भाई विजेंद्र के सीने में घोंप दिया। इससे विजेंद्र लहूलुहान होकर जमीन पर गिर गया।

# प्रेमिका पर कमेंट करने पर की थी दोस्त की हत्या

## पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार, पिस्टल से की थी फायरिंग

**जौनपुर।** जौनपुर में एक युवक ने अपनी प्रेमिका पर की गई टिप्पणी के चलते अपने दोस्त की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

घटना शुक्रवार सुबह 8 बजे की है। आरोपी रंजीत निषाद अपने दोस्त दिलीप गौतम के घर गया था। कमरे में दोनों अकेले थे। बातचीत के दौरान दिलीप ने रंजीत की प्रेमिका के बारे में कुछ आपत्तिजनक टिप्पणी कर दी। इससे क्रोधित होकर रंजीत ने अपनी पिस्टल से दिलीप पर गोली चला दी। घटना को छिपाने के लिए रंजीत तुरंत अपनी पैथोलॉजी लैब गया और फिर मोटरसाइकिल से पिस्टल लेकर अपने घर कुधुआ पहुंचा। वहां उसने हथियार छिपा दिया और वापस दुकान पर लौट आया। जब दिलीप की बड़ी बहन परी ने उसे मृत अवस्था में पाया, तो परिवार रंजीत के पास पहुंचा।

रंजीत ने शक से बचने के लिए परिवार के साथ दिलीप को सिंगरामऊ अस्पताल ले गया। डॉक्टरों ने गोली लगने से मौत की पुष्टि की। मृतक के पिता जब दिलीप को बदलापुर अस्पताल ले जाने लगे, तो रंजीत वहां से चुपचाप निकल गया।

पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर रंजीत को भागने की कोशिश के दौरान गिरफ्तार किया। उसके घर से 32 बोर की पिस्टल, मैगजीन, 7 जिंदा कारतूस और एक खोखा कारतूस बरामद किए गए हैं।

# सुलतानपुर में हादसे में अयोध्या के 2 लोगों की मौत

**ईट के चट्टे से टकराई बोलेरो, चालक को नींद आने की वजह से हुआ हादसा, दो अन्य घायल**

**सुलतानपुर।** उत्तर प्रदेश के जिला सुलतानपुर के थाना क्षेत्र धनपतगंज के पैरौं सरैया गांव से एक दर्दनाक हादसा सामने आया है। जिसमें दो लोगों की मौत हो गई है। शुक्रवार की देर रात करीब 2 बजे चालक को झपकी आने की वजह से एक बोलेरो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे ईंटों के चट्टे से टकरा गई। यह हादसा इतना भयंकर था कि एक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा, वहीं अन्य 3 लोगों को जख्मी हालत में उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। जहां इलाज के दौरान कार चालक ने भी दम तोड़ दिया। वहीं अभी दो लोगों का इलाज जारी है।

### हादसे में दो की मौत, दो घायल

हादसे में 29 वर्षीय अरविंद की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं चालक शुभम ने जिला अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। गाड़ी में सवार 50 वर्षीय राजेंद्र प्रसाद और 16 वर्षीय रवि गंभीर रूप से घायल हैं। दोनों का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है।

जिला अयोध्या के थाना कुमारगंज क्षेत्र अंतर्गत नेवादा गांव के नरेंद्रभादा निवासी राजेंद्र प्रसाद सुलतानपुर से देहरादून जा रहे थे। जहां उनकी ट्रेन छुटने के बाद बेटा शुभम बोलेरो मालिक अरविंद और अपने पड़ोसी रवि के साथ उन्हें लेने स्टेशन लेने गए थे।

सुलतानपुर रेलवे स्टेशन से घर लौटते समय हलियापुर कुरेभार मार्ग पर पेरो सरैया गांव के पास बोलेरो अनियंत्रित होकर ईंटो के चट्टे में जाकर टकरा गई।

## यूपी में मुस्लिम ने खुद का गला काटकर कुर्बानी दी

**देवरिया।** यूपी में बकरीद पर एक मुस्लिम ने खुद की कुर्बानी दे दी। उसने चाकू से अपना गला रेत दिया। वह घर के बाहर बनी झोपड़ी में करीब एक घंटे तड़पता रहा। परिजनों ने जब उसकी कराह सुनी तो तत्काल अस्पताल लेकर भागे। गोरखपुर मेडिकल कॉलेज में उसकी मौत हो गई। गला रेतने से पहले उसने एक लेटर लिखा था। जिसमें लिखा है- इंसान बकरे को अपने बेटे की तरह पाल-पोसकर कुर्बानी करता है। मैं खुद अपनी कुर्बानी अल्लाह रसूल के नाम कर रहा हूं। घटना देवरिया के गौरी बाजार थाना क्षेत्र के उधोपुर गांव की है। यह गांव जिला मुख्यालय से 16 किमी की दूर है। गांव में रहने वाले ईश मोहम्मद (60) पुत्र स्वर्गीय मोहम्मद बरसाती धार्मिक व्यक्ति थे। 5वीं तक पढ़ाई की थी। वह घर में आटा-चक्की चलाते थे। परिवार के मुताबिक, वह एक दिन पहले यानी शुक्रवार को अंबेडकर नगर में सुल्तान सैयद मखदूम अशरफ शाह की दरगाह से वापस लौटे थे।

# साइबर फ्रॉड गैंग के 3 शातिर गिरफ्तार

## सिम पोर्ट कर खाते से पैसे निकालते थे, एटीएम और फर्जी दस्तावेज बरामद

**संतकबीर नगर।** संतकबीर नगर में साइबर क्राइम टीम और खलीलाबाद पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। स्टाम्प विक्रेता से मोबाइल लेकर सिम पोर्ट कर बैंक खाते से 2 लाख रुपए से ज्यादा की ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से नकदी, मोबाइल, एटीएम और फर्जी दस्तावेज बरामद किए गए हैं।

अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह ने शनिवार को तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों के नाम हैं।

इन्द्रेश निषाद पुत्र रामप्रीत निषाद, निवासी चकदही थाना खलीलाबाद।

अनूप पुत्र शेषबरन, निवासी गौराखास जगतबेला थाना चिलुआताल गोरखपुर।

अमन पुत्र विजयनाथ, निवासी बनकटिया थाना खलीलाबाद।



तीनों को राजेश्वरी ऑटो, पुराने पेट्रोल पंप के पास से पकड़ा गया। तलाशी में इनके पास से 14,750 नकद, 4 मोबाइल फोन, 5 सिम कार्ड, 1 ड्राइविंग लाइसेंस, 11 एटीएम कार्ड, तथा 1 फर्जी आधार कार्ड की छायाप्रति बरामद की गई। इसके अलावा, पुलिस ने इनके तीन बैंक खातों से 1,25,369 पहले ही फ्रीज कर दिए थे।

### स्टाम्प विक्रेता से की गई थी ठगी

खलीलाबाद निवासी बोसचंद्र ने 19 अप्रैल 2025 को साइबर थाने में शिकायत दर्ज कराई थी।उनका कहना था कि उनकी रजिस्ट्री ऑफिस के पास स्टाम्प की दुकान है, जहां पिछले कुछ दिनों से चार युवक- इन्द्रेश, अनूप, अमन और धीरज पांडे बार-बार आ रहे थे।

इन लोगों ने फोन करने के बहाने उनसे मोबाइल मांगा और सिम को पोर्ट करवा लिया। 16 अप्रैल को अचानक मोबाइल में नेटवर्क चला गया। जब वादी बैंक पहुंचे, तो उन्हें पता चला कि 2 लाख 5 हजार रुपए की रकम उनके खाते से निकाली जा चुकी है।

# डेयरी फार्म के नाम पर ठगी करने वाले दो 25-25 हजार के इनामिया गिरफ्तार

**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक, मो0 मुश्ताक के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह एवं क्षेत्राधिकारी, साइबर क्राइम सुनील कुमार भारद्वाज के निकट पर्यवेक्षण में साइबर क्राइम थाना, पुलिस द्वारा थाने पर पंजीकृत मु0अ0सं0 12/2024 धारा 316(2)/318(4) बीएनएस व 66सी/66D IT ACT में वाछिंत अभियुक्तगण पुष्पेन्द्र उर्फ कल्लू राजा पुत्र राजेन्द्र सिंह चाहत राजा पुत्र अफसर राजा निवासीगण ग्राम सीरोनखुर्द थाना जखौरा, जिला ललितपुर को ग्राम शिवनी की ओर जाने वाली सड़क पर स्थित पुलिया के पास थाना कोतवाली से नियमानुसार



गिरफ्तार कर, न्यायायिक अभिरक्षा हेतु मा0 न्यायालय भेजा गया । वादी मुकदमा द्वारा प्रार्थना- पत्र देकर अवगत कराया था कि अभियुक्तगण द्वारा धोखाधड़ी करने के उद्देश्य से , वादी को डेयरी फार्म खुलवाने में सरकारी पैसा दिलाने का झांसा देकर, उसका खाता बैंक ऑफ महाराष्ट्र में खुलवाकर, उक्त खाते में किसी अन्य व्यक्ति का मोबाइल नम्बर रजिस्ट्रर्ड कराकर,खाते का प्रयोग साइबर अपराध के रूप में किये जाने के सम्बन्ध में दिया गया था । प्रार्थना पत्र के आधार पर साइबर क्राइम थाना, ललितपुर पर सुसंगत धाराओ में अभियोग पंजीकृत किया गया था ।

## चोरी की घटना में वांछित आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

**ललितपुर।** बांसी चोरी की घटना के मामले में वांछित चल रहे एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह एंव क्षेत्राधिकारी सदर अजय कुमार के निकट पर्यवेक्षण में, जनपद में वांछित/वारण्टी अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में मु0अ0स0 125/24 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस में प्रकाश में आये अभियुक्त सरमन अहिरवार पुत्र संतोष निवासी ग्राम नदनवारा थाना जखौरा को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। गिरफ्तार करने वाली टीम बांसी चौकी इंचार्ज कुलदीप राणा मय पुलिस टीम आदि शामिल रहे।


# ग्राम पनारी में 75 एकड़ भूमि पर बनेगा तालाब, घाटों पर होगा सघन वृक्षारोपण



**ललितपुर।** जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी द्वारा शुक्रवार को विकासखण्ड जखौरा अन्तर्गत ग्राम पंचायत पनारी में भ्रमण कर तालाब हेतु दर्ज 75 एकड़ भूमि का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में बताया गया कि उक्त गया संख्या 1481 भूमि 75 एकड़ 74 डिसमिल जो तालाब के नाम खतौनी में दर्ज है।

तालाब की भूमि पर लगभग 1.5 किलोमीटर में पुराना स्पिलवे बना हुआ है, जो कुछ स्थानों पर क्षतिग्रस्त है। बताया गया कि पूर्व में कुछ ग्रामीणों द्वारा भूमि पर कब्जा कर फसल आदि बोई जाती रही है, जिसका संज्ञान लेकर जिला प्रशासन द्वारा मा.सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार अवैध कब्जा हटवाकर उक्त भूमि को पुन: तालाब के रूप में खतौनी में दर्ज करवा दिया गया, जिसके पुनरोद्धार के लिए जिलाधिकारी ने उक्त भूमि का निरीक्षण किया।

# अमन की दुआ के साथ ईद-उल-अज़हा की नमाज अदा



**ललितपुर।** आपसी भाईचारे व सामाजिक सौहार्द के माहौल में एखलास व एहतराम के साथ जिले में ईद-उल-अज़हा (बकरीद) का त्योहार शनिवार को पारंपरिक ढंग से मनाया गया। इस अवसर पर मुसलमान भाइयों ने खोशू व खोजू के साथ नूरानी माहौल में ईद-उल-अज़हा की दो रिकअत विशेष नमाज अदा करते हुए खुदा का शुक्र अदा किया। इस अवसर पर बच्चे से बूढ़े तक नये कपड़े व रंगबिरंगी टोपियों में सजे हुए शहर के ईदगाह व मस्जिदों में नमाज़ के बाद एक दूसरे के गले मिलकर ईद की बधाई दी। ईदगाह में बकरीद की नमाज के बाद शहर पेश इमाम हाफिज मुबीन साहब ने कहा कि इस्लाम हमें मिल्लत व मुहब्बत का पैगाम देता है। इस्लाम धर्म के बताए हुए तरीक़े को अपना कर दूसरे धर्म के लोगों की इज्ज़त करते हुए शांति व भाईचारे के साथ अपनी जिंदगी गुजारें। उन्होंने कहा कि आज के दिन अल्लाह के नजदीक सबसे ज्यादा पसंदीदा इबादत कुर्बानी है। कुर्बानी के जानवर के हर एक बाल के बदले एक नेकी अता करने का वादा अल्लाह ने किया है। इस लिए सभी मालदार मुसलमान कुर्बानी के जरिए खुदा की रजा पाने की कोशिश करें। इमाम साहब के नेतृत्व में लोगों ने विश्व शांति, आपसी भाईचारे व सामाजिक सौहार्द के लिए सामूहिक दुआएं की। ईद-उल-अज़हा की नमाज पूरे खोशू के साथ ललितपुर शहर सहित सभी गांव की ईदगाह व मस्जिदों में अदा की गई। इस अवसर पर सभी गांव में नमाजियों की काफी भीड़ देखी गई। कई ईदगाह व मस्जिदें नमाजियों की भीड़ के सामने छोटी पड़ गई।

# एसपी ने पुलिस स्वाट टीम को किया सम्मानित

## झपटमारी के मामले का सफल अनावरण करने पर टीम को मिला प्रशस्ति पत्र

**ललितपुर।** एसपी ने तालबेहट, जाखौरा पुलिस स्वाट टीम को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। पुलिस ने ने हाल ही में एक झपटमारी की घटना के मामले को सुलझाया था। टीम की तत्परता से अपराधियों की गिरफ्तारी संभव हुई। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक द्वारा घटना की गम्भींरता व अपराध करने की जटिलता को देखते हुये क्षेत्राधिकारी ,तालबेहट के नेतृत्व में



घटना के शीघ्र सफल अनावरण हेतु पुलिस टीमों का गठन किया गया था । अभियुक्तों द्वारा घटना कारित करने के बाद अपनी पहचान छुपाने के लिए बार-बार पहने हुए कपड़ो को बदलना , मो0सा0 के चालक के रूप में आपस मे बदलना तथा मौके से भागने के लिये ऐसे कच्चे रास्तों का प्रयोग किया गया, जहां पर सामान्यत: सीसीटीवी कैमरे नही लगे थे । अभियुक्तों द्वारा भ्रम पैदा किया गया , जिससे कि पुलिस उनको पकड न सके। अपराध कारित करने की जटिलता को देखते हुये , पुलिस टीम द्वारा अपने पदीय दायित्वों/कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करते हुए अथक प्रयास करके घटना का सफल अनावरण किया गया। पुलिस टीम द्वारा किये गए इस सराहनीय कार्य के लिए , उनको उत्साहवर्धन हेतु श्रीमान् पुलिस अधीक्षक, ललितपुर द्वारा प्रशस्ति - पत्र देकर सम्मानित किया गया है ।

## मथुरा में गांजा तस्कर गिरफ्तार

**मथुरा।** मथुरा के थाना बलदेव पुलिस ने एक गांजा तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से 2 किलो 276 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ है। पुलिस के अनुसार, मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई की गई। आरोपी सुनील (36) को ग्राम भरतिया स्थित एक किराना दुकान से गिरफ्तार किया गया। सुनील ग्राम भरतिया का रहने वाला है और चंद्रभान का पुत्र है। बताया गया कि यह आरोपी लंबे समय से गांजे तस्करी में लिप्त है।

# डीआईजी ने पुलिस ट्रेनिंग की तैयारियों का लिया जायजा

## बस्ती पुलिस लाइन में बैरकों में व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के दिए निर्देश

**बस्ती।** बस्ती परिक्षेत्र के डीआईजी संजीव त्यागी ने शनिवार को पुलिस लाइन स्थित जेटीसी/आरटीसी बैरकों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने आगामी आरक्षियों की ट्रेनिंग की तैयारियों की समीक्षा की।

डीआईजी ने प्रशिक्षण के लिए आने वाले आरक्षियों की बुनियादी सुविधाओं का निरीक्षण किया। इनमें आवास, शौचालय, स्नानागार, पेयजल और बिजली व्यवस्था शामिल थी। उन्होंने बैरकों की साफ-सफाई और भवन की स्थिति की जानकारी ली।

निरीक्षण के दौरान जहां कमियां मिलीं, वहां उन्होंने तुरंत सुधार के निर्देश दिए। त्यागी ने कहा कि प्रशिक्षु जवानों को कोई असुविधा न हो। उन्होंने सभी व्यवस्थाएं समय से पहले दुरुस्त करने को कहा।

डीआईजी ने प्रशिक्षण को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि आरक्षियों को बेहतर वातावरण और सभी जरूरी सुविधाएं मिलनी चाहिए। इससे वे पूरी निष्ठा से प्रशिक्षण ले सकेंगे।

इस मौके पर क्षेत्राधिकारी रुधौली, पुलिस लाइन की प्रभारी स्वर्णिमा सिंह और प्रतिसार निरीक्षक अखिलेश सिंह मौजूद रहे। अधिकारियों ने सभी तैयारियां समय पर पूरी करने का आश्वासन दिया। डीआईजी ने सभी को समन्वय से काम करने के निर्देश दिए।

# शार्ट न्यूज

## करंट लगने से चार भैंसों की मौत

**आजमगढ़।** आजमगढ़ में करंट की चपेट में आने से 4 भैंसों की मौत हो गई। हादसा शनिवार की शाम को उसे समय हुआ, जब गांव के रहने वाले जयप्रकाश सरोज सुरेंद्र सरोज सुभाष सरोज और चंदन सरोज अपनी भैंस चराने तालाब के किनारे गए थे। शाम को अचानक तालाब के ऊपर से गुजर रही 11000 की बिजली की लाइन का तार टूट गया। जिस कारण तालाब में करंट आ गया। करंट लगता ही चारों भैंसों की तालाब में ही मौत हो गई। बरदह थाना क्षेत्र के किसानों की चार भैंसों के मौत की सूचना मिलते हैं जिन महिलाओं की यह भैंस थी। वह दहाड़े मारकर रोने लगी। घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में गांव के पुरुष और महिला घटनास्थल पर पहुंच गए। जिले में बिजली के करंट से मौत का यह कोई पहला मामला नहीं है। इससे पूर्व भी बड़ी संख्या में बकरी और इंसानों के भी करंट लगने से मौत हो गई है। बिजली का तार कैसे टूटा और इसके जिम्मेदारों पर क्या कार्रवाई की जाएगी यह आने वाला समय बताएगा। पर इस घटना से चारों किसान परिवारों के सिर पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। वहीं स्थानीय लोगों ने बताया कि जिन भैंसों की मौत हुई है। उनकी कीमत लाखों में है।

## महराजगंज में लापता किशोरी मिली

**महराजगंज।** महराजगंज में पुलिस ने एक 17 वर्षीय लापता किशोरी को सकुशल बरामद कर लिया है। किशोरी को रसूलपुर स्थित दुर्गा मंदिर के पास से 7 जून को दोपहर लगभग 2 बजे बरामद किया गया। थाना कोतवाली क्षेत्र में मुकदमा संख्या 293/2025 धारा 137(2)/87 बीएनएस के तहत यह कार्रवाई की गई। पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीना के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक और क्षेत्राधिकारी सदर के मार्गदर्शन में यह अभियान चलाया गया। बरामदगी में उप निरीक्षक अभय कुमार उपाध्याय के नेतृत्व में कांस्टेबल प्रवीण कुमार, कांस्टेबल शुभम वर्मा और महिला कांस्टेबल रंजना गौंड शामिल थे। पुलिस सूत्रों के अनुसार, किशोरी की कानूनी प्रक्रिया पूरी की जा रही है। एसपी सोमेंद्र मीना ने टीम के कार्य की सराहना की। उन्होंने कहा कि महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा पुलिस की प्राथमिकता है। ऐसे मामलों में त्वरित कार्रवाई की जाएगी और दोषियों को कड़ी सजा दिलाई जाएगी।

## मथुरा में मृत गोवंश को जलाया

**मथुरा।** मथुरा में मृत गोवंश को अज्ञात लोगों ने जला दिया। घटना की जानकारी जब गोरक्षकों को लगी तो आक्रोश फैल गया। गोरक्षक दल की टीम घटनास्थल पर पहुंची वहीं सूचना पाकर इलाका पुलिस भी मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई है। मथुरा के मांट क्षेत्र में यमुना एक्सप्रेस वे के समीप अज्ञात लोगों ने मृत पड़े गौवध को जला दिया। जब इसकी सूचना गौ रक्षक दल को मिली तो घटनास्थल पर गौ रक्षक दल की टीम पहुंच गई और पुलिस पर मामले में कार्यवाही की मांग की। शनिवार को गांव जाबरा के समीप यमुना एक्सप्रेस वे के सर्विस रोड पर कई दिनों से मृत पड़े गौवध को किसी ने जला दिया। जब इसके बारे में गौ रक्षक दल को मिली तो मौके पर पहुचे और कार्रवाई की मांग की। मामले में गौ सेवा ट्रस्ट के कृष्णदास ने अज्ञात लोगों के खिलाफ तहरीर दी है। मांट क्षेत्राधिकारी गुंजन सिंह ने बताया कि यमुना एक्सप्रेसवे के सर्विस रोड किनारे जंगल में कई दिन से मृत पड़े गोवंश को अज्ञात लोगों ने उसके ऊपर झाड़ डालकर आग लगा दी।

## स्विमिंग पूल में नहाने को लेकर दो पक्षों में मारपीट

**संभल।** संभल कोतवाली क्षेत्र के तश्तपुर में स्विमिंग पूल पर हुए विवाद में एक युवक को तीन लोगों ने मिलकर पीट दिया। बेगम सराय तश्तपुर निवासी अदनान पुत्र इकरार हुसैन स्विमिंग पूल में नहा रहा था। इस दौरान वहां मौजूद कुछ युवकों से उसका विवाद हो गया। पंजू सराय के रहने वाले मुनाजिर पुत्र मुन्ना खां, इस्लाम पुत्र सईद और रिजवान पुत्र अनीस ने अदनान से गाली-गलौज की। इसके बाद तीनों ने मिलकर उसे लात-घूंसों और डंडों से पीटा। मारपीट में अदनान के दांत टूट गए। घटना की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे। उन्होंने किसी तरह अदनान को हमलावरों से छुड़ाया। घायल अदनान को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां उसका प्राथमिक उपचार किया गया। घायल के चाचा सलमान ने कोतवाली संभल पुलिस को घटना की जानकारी दी। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि तहरीर के आधार पर मामला दर्ज किया जा रहा है। जांच के बाद कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## ललितपुर में दो खोखे में लगी आग

**ललितपुर।** ललितपुर में शनिवार देर शाम कोतवाली सदर क्षेत्र के सदनशाह चौराहे पर अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया। दो दुकानों में भीषण आग भड़क उठी, जिससे कबाड़ और साइकिल पंचर की दुकान जलकर राख हो गई। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि फायर ब्रिगेड की एक गाड़ी पानी कम पड़ गया। बाद में दो और गाड़ियां बुलानी पड़ीं, तब कहीं जाकर एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। मोहल्ला सदनशाह निवासी सरताज की कबाड़ की दुकान सदनशाह चौराहे के पास ही है। शनिवार की देर शाम अचानक उनके खोखे में आग लग गई। आग ने तेजी से रफ्तार पकड़ी और पास में ही स्थित घुसयाना निवासी रोहित की साइकिल पंचर की दुकान को भी अपनी चपेट में ले लिया।मौके पर मौजूद लोगों के मुताबिक, आग इतनी भीषण थी कि कुछ ही मिनटों में दोनों दुकानें धू-धू कर जलने लगीं। आग की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की एक गाड़ी मौके पर पहुंची, लेकिन आग की भयावहता को देखते हुए दो और दमकल गाड़ियां मंगानी पड़ीं। लगभग एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका।

## नवविवाहिता का फंदे से लटकता मिला शव

**मैनपुरी।** मैनपुरी में शुक्रवार शाम एक दर्दनाक घटना सामने आई। महज दो महीने पहले ब्याह कर आई 23 वर्षीय नवविवाहिता प्रतिभा ने घर के कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। लेकिन मौत की वजह किसी को समझ नहीं आई। घटना घिरोर थाना क्षेत्र के गांव नगला दया की है। जानकारी के अनुसार, गांव नगला दया निवासी योगेश कुमार की शादी 14 अप्रैल को थाना दन्नाहार क्षेत्र के कंजाहार गांव की रहने वाली प्रतिभा (पुत्री राज बहादुर) के साथ हुई थी। शुक्रवार शाम प्रतिभा ने अपने कमरे का दरवाजा बंद किया और पंखे के कुंडे से दुपट्टे का फंदा बनाकर जान दे दी।जब काफी देर तक कमरे से कोई आवाज नहीं आई, तो परिवार वालों ने दरवाजा तोड़ा और प्रतिभा को फंदे से लटका पाया। आनन-फानन में पुलिस को सूचना दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही सीओ कुरावली सच्चिदानंद, नायब तहसीलदार संदीप कुमार और थाना प्रभारी विनोद कुमार मौके पर पहुंचे। उन्होंने घटनास्थल का निरीक्षण किया और परिवारजनों से पूछताछ की।परिजनों के अनुसार, प्रतिभा ने ऐसा कदम क्यों उठाया, इसकी उन्हें कोई जानकारी नहीं है।

## बरेली में जमीनी विवाद पर खूनी संघर्ष

**बरेली।** बरेली के थाना आंवला क्षेत्र के गांव भीमलौर रसूलपुर में जमीनी विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। शनिवार सुबह दो पक्षों के बीच लाठी-डंडे और पथराव में एक बच्चे सहित 8 लोग घायल हो गए। घायलों को पहले आंवला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। बाद में उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया। पराग दुग्ध फैक्ट्री के सचिव महावीर सिंह यादव ने बताया कि विवाद उनके दादा पंचम सिंह की जमीन को लेकर है। उन्होंने शीतल सिंह पर जमीन पर कब्जा करने और यूकेलिप्टस की फसल काटने का आरोप लगाया। महावीर सिंह जब सुबह काम से लौट रहे थे, तब शीतल सिंह, मनवीर सिंह, धर्मेंद्र सिंह और जितेंद्र सिंह ने उन पर हमला कर दिया। हमलावरों ने लोहे की रॉड, फावड़ा और डंडों का इस्तेमाल किया। महावीर की मदद के लिए उनके भाई हरवीर सिंह और पिता सूरजपाल सिंह आए। हमलावरों ने उन पर भी पथराव किया। इस घटना में महावीर, उनके पिता, भाई और एक बच्चा घायल हुए। दूसरे पक्ष के जितेंद्र सिंह यादव का आरोप है कि महावीर सिंह पक्ष उनके खेत से जबरन मिट्टी ले जा रहे थे। विरोध करने पर उन्होंने हमला कर दिया। इस हमले में जितेंद्र सिंह, मनवीर सिंह, धर्मेंद्र सिंह और उपासना देवी घायल हुए। दोनों पक्षों ने थाना आंवला में एक-दूसरे के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है।

## संक्षिप्त समाचार

### ट्रंप–मस्क टकराव खुलकर आया सामने, ट्रंप बोले : मैं एलन से बेहद निराश हूं



**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और टेस्ला प्रमुख एलन मस्क के बीच गहराता विवाद अब सार्वजनिक मंचों पर सामने आ गया है। कभी घनिष्ठ माने जाने वाले ये दोनों दिग्गज अब एक–दूसरे की नीतियों और बयानों पर तीखी प्रतिक्रिया दे रहे हैं। ट्रंप द्वारा प्रस्तावित टैक्स और खर्च से जुड़ा वन बिग ब्यूटीफुल बिल इस तकरार का मुख्य कारण बन गया है, जिसे मस्क ने खुले तौर पर निरस्त करने की मांग की है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, मैं माफी चाहता हूं, लेकिन अब सहन नहीं कर सकता... यह खर्च भरा, भ्रष्ट और घिनौना विधेयक शर्मनाक है। जिन्होंने भी इसके पक्ष में वोट किया, उन्हें खुद पर शर्म आनी चाहिए। इस बयान के जवाब में ट्रंप ने मस्क पर तीखा हमला करते हुए कहा, मैं एलन से बेहद निराश हूं। एलन इस बिल के अंदरूनी पहलुओं को उन लोगों से बेहतर जानता था जो यहां बैठे हैं। उसे बिल की हर बात पता थी लेकिन अचानक जब उसे पता चला कि हमें इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) अनिवार्यता में कटौती करनी पड़ेगी जो अरबों डॉलर का नुकसान है, तब उसे परेशानी हुई। ट्रंप ने यह भी जोड़ा कि मस्क को तब तक कोई आपत्ति नहीं थी जब तक वह डिपार्टमेंट ऑफ ग्रीन एजेंडा (डीओजीई) से नहीं निकले थे। उन्होंने कहा कि मस्क ने पहले मेरे बारे में बहुत अच्छी बातें कही थीं। उसने अब तक मेरे खिलाफ कुछ बुरा नहीं कहा है, लेकिन शायद अगली बारी मेरी है।

### इजराइल ने लेबनान में हिजबुल्लाह के सामरिक ठिकाने ध्वस्त किए



**बेरूत (लेबनान), एजेंसी।** इजराइल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने दक्षिणी लेबनान के उपनगर दहिह में ईरान समर्थित आतंकी समूह हिजबुल्लाह के यूएवी उत्पादन केंद्र और भंडारण स्थलों को नेतस्तनाबूत कर दिया। आईडीएफ ने एक्स पर कहा कि हिजबुल्लाह के सामरिक ठिकानों पर रात को हवाई हमला किया। इस हमले में एक ड्रोन निर्माण कार्यशाला को मिट्टी में मिला दिया गया। द टाइम्स ऑफ इजराइल की खबर के अनुसार, आईडीएफ ने गुरुवार रात 10 बजे के बाद बेरूत के दक्षिणी उपनगरों में कई इमारतों पर ताबड़तोड़ हवाई हमले किए। इन इमारतों का प्रयोग हिजबुल्लाह ड्रोन बनाने में करता था। हवाई हमले से पहले दक्षिणी लेबनान के एक शहर में निकासी चेतावनी भी जारी की गई। आईडीएफ के अनुसार, हिजबुल्लाह ने इमारतों के तहखाने का प्रयोग ड्रोन निर्माण (यूनिट 127) के लिए करता था।

### बांग्लादेश में ट्रेन और वाहनों की टक्कर में तीन की मौत




**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश में कल रात एक रेलगाड़ी और कुछ वाहनों की टक्कर में कम से कम तीन व्यक्तियों की मौत हो गई। इस वजह से काफी समय तक रेल और सड़क यातायात बाधित रहा। रात साढ़े बजे यह हादसा कर्णफुली नदी पर कलुरघाट पुल पर हुआ। ढाका ट्रिब्यून अखबार के अनुसार, चटगांव के कलुरघाट पुल पर ढाका जाने वाली एक ट्रेन और सीएनजी से चलने वाले ऑटो रिक्शा के बीच टक्कर हो गई। इसमें कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। मृतकों में से एक की पहचान दुर्घटना में शामिल ऑटो–रिक्शा के चालक तुषार के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों के अनुसार, कॉक्स बाजार से आने वाली ट्रेन ने रात करीब 10ः30 बजे पुल पर प्रवेश करते समय ऑटो–रिक्शा को टक्कर मार दी। इसके बाद ट्रेन ने मोटरसाइकिलों सहित कई अन्य वाहनों को टक्कर मार दी।

### अमेरिका ने नेपाल का स्पेशल स्टेटस रद्द किया, 7000 नागरिकों को यूएस छोड़ने का आदेश

**काठमांडू, एजेंसी।** अमेरिका ने नेपाल का स्पेशल स्टेटस ( विशेष संरक्षित सुविधा) रद्द करने की घोषणा की है। अमेरिका में इस सुविधा का उपयोग कर रह रहे 7000 से अधिक नेपाली नागरिकों को अमेरिका छोड़ कर जाने को कहा गया है। अमेरिका के होमलैंड सिक्योरिटी डिपार्टमेंट ने नेपाल को अब तक दिए जाने वाले टेंपररी प्रोटेक्टेड स्टेट्स को रद्द कर दिया है। इससे अमेरिका में रहने वाले 7,000 से अधिक नेपाली नागरिक प्रभावित हुए हैं। फेडरल रजिस्टर में शुक्रवार को प्रकाशित एक नोटिस के मुताबिक डिपार्टमेंट ऑफ होमलैंड सिक्योरिटी की सेक्रेटरी क्रिस्टी नोएम ने नेपाल को अब तक दिए जाने वाले टेंपररी प्रोटेक्टड स्टेट्स को रद्द करते हुए कहा है कि नेपाल अब इसके मापदंडों पर खरा नहीं उतरता है।

# ओम बिरला ने ब्रिक्स फोरम में ईरान के स्पीकर से मुलाकात की, चाबहार बंदरगाह के जरिए कनेक्टिविटी बढ़ाने पर चर्चा हुई

**ब्रासीलिया, एजेंसी।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने ब्राजील की राजधानी ब्रासीलिया में आयोजित 11वें ब्रिक्स संसदीय मंच के दौरान ईरान की संसद (मजलिस) के अध्यक्ष डॉ. मोहम्मद बाघेर ग़ालिबफ से मुलाकात की। इस बैठक में दोनों नेताओं ने भारत और ईरान के बीच पुराने और दोस्ताना रिश्तों पर बातचीत की। उनकी बातचीत का मुख्य विषय भारत और ईरान के रिश्तों को मजबूत करना था। इसमें चाबहार बंदरगाह का भी ज़िक्र हुआ, जो दक्षिण एशिया, मध्य एशिया और अन्य क्षेत्रों के साथ संपर्क बढ़ाने में अहम भूमिका निभाता है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपनी बातचीत की मुख्य बातें साझा कीं। ओम बिरला ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, ब्रासीलिया में 11वें ब्रिक्स संसदीय मंच के दौरान ईरान की संसद (मजलिस) के अध्यक्ष, महामहिम डॉ. मोहम्मद बाघेर ग़ालिबफ़ से गर्मजोशी से बातचीत हुई। इस मुलाकात में भारत और ईरान के पुराने और दोस्ताना संबंधों पर चर्चा हुई। बातचीत में चाबहार बंदरगाह के जरिए आपसी संपर्क बढ़ाने, संसदीय सहयोग मजबूत करने और क्षेत्रीय व वैश्विक चुनौतियों का समाधान तलाशने पर विशेष



ध्यान दिया गया। उन्होंने आगे कहा, आतंकवाद से मुकाबले के लिए वैश्विक स्तर पर मिलकर ठोस प्रयास करने की ज़रूरत को भी रेखांकित किया गया और इस दिशा में ईरान के सहयोग की सराहना की गई। इसके साथ ही, भारत की यह प्रतिबद्धता दोहराई गई कि वह कानूनी उपायों, तकनीकी सुधारों और संबंधित एजेंसियों के बेहतर तालमेल के ज़रिए आतंकवाद से सख्ती से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। डॉ. ग़ालिबफ़ को 2026 में भारत में होने वाले ब्रिक्स संसदीय मंच में शामिल होने का निमंत्रण भी दिया गया। बिरला ने समावेशी तकनीकी विकास के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को भी बताया। उन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) को लेकर भारत के दृष्टिकोण पर भी बात की, जिसे उन्होंने ÷हमारे प्राचीन सभ्यतागत मूल्यों और आधुनिक तकनीकी नवाचार का अनूठा मेल कहा। उन्होंने अपने एक्स पोस्ट में कहा, जिम्मेदार और समावेशी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के लिए अंतर-संसदीय सहयोग विषय पर आयोजित सत्र में बिरला ने एआई को लेकर भारत का दृष्टिकोण साझा किया। उन्होंने बताया कि भारत एआई को प्राचीन मूल्यों और आधुनिक तकनीकी नवाचार का मेल मानता है।

उन्होंने अपने पोस्ट में कहा, जिम्मेदार और समावेशी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के लिए अंतर-संसदीय सहयोग विषय पर आयोजित सत्र में, भारत के आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) को लेकर दृष्टिकोण पर चर्चा की गई। इसमें बताया गया कि भारत एआई को अपने प्राचीन सभ्यतागत मूल्यों और आधुनिक तकनीकी नवाचार का अनोखा मेल मानता है। उन्होंने कहा, यह दृष्टिकोण दिखाता है कि एआई मानव-केंद्रित होना चाहिए, जो न्याय, समानता और मानवाधिकारों जैसे मूल्यों की सेवा करे। बिरला ने बताया कि भारत किस तरह एआई का इस्तेमाल स्वास्थ्य सेवा, कृषि, जलवायु परिवर्तन, शिक्षा और शासन जैसे अहम क्षेत्रों में कर रहा है, ताकि हर नागरिक को इसका लाभ मिले-खासकर समाज के सबसे कमजोर वर्गों को।

## शशि थरूर के नेतृत्व में भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने अमेरिकी उपराष्ट्रपति वेंस से की मुलाकात

**वाशिंगटन, एजेंसी।** शशि थरूर के नेतृत्व में सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को वाशिंगटन में अमेरिका के उपराष्ट्रपति जे.डी. वेंस के साथ एक बैठक की, जिसमें उन्हें ऑपरेशन सिंदूर , भारत द्वारा सामना किए जा रहे आतंकवाद और क्षेत्रीय सुरक्षा के बारे में जानकारी दी गई। अमेरिका में भारतीय दूतावास ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, ÷डॉ. शशि थरूर के नेतृत्व में सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल ने आज सुबह उपराष्ट्रपति जे.डी. वेंस से मुलाकात की। बातचीत में आतंकवाद विरोधी क्षेत्र में सहयोग सहित भारत-अमेरिका साझेदारी को मजबूत करने पर फोकस किया गया।÷ थरूर ने बैठक के बाद एक्स पर लिखा, ÷आज वाशिंगटन डीसी में हमारे प्रतिनिधिमंडल के साथ उपराष्ट्रपति जे.डी. वेंस के साथ शानदार बैठक हुई। हमने आतंकवाद विरोधी प्रयासों से लेकर तकनीकी सहयोग बढ़ाने तक कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर व्यापक चर्चा की। भारत-अमेरिका रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने के लिए यह वास्तव में रचनात्मक और उत्पादक आदान-प्रदान था। जब पहलगाम में 22 अप्रैल को जघन्य आतंकवादी हमला हुआ, तब वेंस भारत दौरे पर थे। समर्थन और एकजुटता के एक मजबूत संदेश में अमेरिकी उपराष्ट्रपति ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को फोन करके आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा की थी और कहा था कि अमेरिका आतंकवाद के खिलाफ संयुक्त लड़ाई में सभी प्रकार की सहायता प्रदान करने के लिए तैयार है। उन्होंने एक्स पर लिखा था, उषा और मैं भारत के पहलगाम में हुए विनाशकारी आतंकवादी हमले के पीड़ितों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हैं। पिछले कुछ दिनों में, हम इस देश और इसके लोगों की खूबसूरती से अभिभूत हैं। इस भयावह हमले में हमारे विचार और प्रार्थनाएं उनके साथ हैं। इससे पहले दिन में थरूर ने विदेश संबंध परिषद में राजदूत केन जस्टर के साथ आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई पर बात की। प्रतिनिधिमंडल में लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) की शांभवी चौधरी, झारखंड मुक्ति मोर्चा के सरफराज अहमद, शिवसेना के मिलिंद मुरली देवड़ा, भाजपा के भुवनेश्वर कलिता और तेजस्वी सूर्या, तथा राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के सहयोगी तेलुगू देशम पार्टी के जी.एम. हरीश बालयोगी शामिल हैं।

## अफ्रीकी संघ ने अमेरिकी यात्रा प्रतिबंध पर चिंता व्यक्त की

**अदीस अबाबा, एजेंसी।** अफ्रीकी संघ (एयू) ने अमेरिका द्वारा हाल ही में लगाए गए यात्रा प्रतिबंधों के संभावित नकारात्मक प्रभाव पर चिंता व्यक्त की है, जो अफ्रीका सहित कई देशों के नागरिकों को प्रभावित करते हैं। अफ्रीकी संघ आयोग (एयूसी) ने गुरुवार को जारी एक बयान में सभी देशों के संप्रभु अधिकार को स्वीकार किया कि वे अपनी सीमाओं की रक्षा करें और अपने नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करें।

हालांकि, इसने अमेरिका से इस अधिकार का प्रयोग ऐसे तरीके से करने का आग्रह किया जो संतुलित, साक्ष्य-आधारित और अमेरिका तथा अफ्रीका के बीच लंबे समय से चली आ रही साझेदारी को दर्शाता हो। समाचार एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार, बयान में कहा गया कि एयूसी लोगों के बीच संबंधों, शैक्षिक आदान-प्रदान, वाणिज्यिक जुड़ाव और व्यापक राजनयिक संबंधों पर ऐसे उपायों के संभावित नकारात्मक प्रभाव के बारे में चिंतित है, जिन्हें दशकों से सावधानीपूर्वक पोषित किया गया है। एयूसी ने अमेरिकी प्रशासन से अधिक परामर्शात्मक दृष्टिकोण अपनाने तथा प्रभावित देशों के साथ रचनात्मक बातचीत करने पर विचार करने का भी आह्वान किया। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने राष्ट्रीय सुरक्षा जोखिम का हवाला देते हुए बुधवार शाम कुछ देशों से यात्रा पर प्रतिबंध लगाने संबंधी घोषणा पर हस्ताक्षर किए।

# रूस का कीव पर ड्रोन और क्रूज मिसाइल हमला, मेट्रो रेल ट्रैक क्षतिगस्त

**कीव (यूक्रेन), एजेंसी।** रूस ने यूक्रेन की राजधानी कीव में ड्रोन और क्रूज मिसाइल हमला कर बड़ा नुकसान किया है। रूस के हमले में कई मेट्रो रेल ट्रैक क्षतिगस्त हो गए हैं। रात भर हुए हमले में कम से कम तीन नागरिक घायल हुए हैं। कुछ दिनों से यूक्रेन और रूस के बीच हमलों में वृद्धि हुई है। यूक्रेन की वायुसेना ने कीव पर बैलिस्टिक मिसाइल हमले की सूचना दी है। यूक्रेन ने कहा है कि कीव में वायु रक्षा प्रणाली को सक्रिय कर दिया गया है। कीव के मेयर विटाली क्लिट्स्को ने कहा कि रात भर हुए रूसी हमलों में तीन लोग घायल हुए हैं। उन्होंने टेलीग्राम पर एक पोस्ट में कहा कि रूसी ड्रोन कीव में प्रवेश कर रहे हैं। लोगों से सुरक्षित आश्रय स्थलों में रहने का आग्रह किया गया है। क्लिट्स्को ने कुछ देरबाद बताया कि घायलों में से दो को अस्पताल में भर्ती कराया गया। एक का मौके पर ही इलाज किया गया। कीव सिटी मिलिट्री एडमिनिस्ट्रेशन के प्रमुख तैमूर तकाचेंको ने टेलीग्राम पोस्ट में कहा कि रूस के हमलों में राजधानी कीव में दो स्टेशनों के बीच मेट्रो ट्रैक क्षतिग्रस्त हो गए। गनीमत यह रही कि कहीं आग नहीं लगी और ना ही कोई हताहत हुआ। तकाचेंको ने इससे पहले सूचना दी थी कि कीव पर संयुक्त हमला शुरू हो गया है। हवाई रक्षा प्रणाली को सक्रिय कर दिया गया है। यूक्रेन की वायुसेना ने स्थानीय यूक्रेनी समयानुसार सुबह लगभग 4ः30 बजे यूक्रेन के लुत्स्क,



चेर्निहिव, ल्वीव और रिव्ने क्षेत्रों में क्रूज मिसाइल दागने की सूचना दी है। चेर्निहिव में ऊंची इमारत को निशाना बनाया गया। चेर्निहिव सिटी मिलिट्री एडमिनिस्ट्रेशन के प्रमुख दिमित्री ब्रायजिन्स्की ने कहा कि शहर में अभी भी हमला हो रहा है। यूक्रेन और रूस के बीच हमलों में वृद्धि तब हुई है जब अमेरिका की मध्यस्थता से शुरू की गई शांति वार्ता विफल हो गई है। यूक्रेन और रूस के उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल सोमवार को तुर्किये के इस्तांबुल में दूसरे दौर की वार्ता के लिए मिले थे। इसके बाद बुधवार को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने फोन पर चर्चा भी की। इस बीच एबीसी न्यूज ने उपग्रह इमेजरी के अध्ययन से दावा किया है कि रूस के खिलाफ यूक्रेन के ड्रोन हमले में कम से कम 11 रूसी बमवर्षक विमान और एक बड़ा परिवहन विमान बुरी तरह क्षतिग्रस्त या नष्ट हो गया। यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लादिमीर जेलेंस्की ने इस गुप्त ऑपरेशन को इतिहास की किताबों में दर्ज होने वाला ऑपरेशन बताया।

## संयुक्त अरब अमीरात में ईद-अल-अजहा की नमाज अदा की गई



**अबूधाबी, एजेंसी।** संयुक्त अरब अमीरात में आज भोर की पहली किरण फूटते ही ईद-अल-अजहा की भावना समुदायों में जीवंत हो उठी। मस्जिदों और खुले प्रार्थना स्थलों में मुसलमानों ने ईद अल अजहा की नमाज पढ़ी। इसके बाद एक-दूसरे को बधाई दी। ईद-उल-अजहा को बकरा ईद, बकरीद, बखरीद, ईद-अल-अजहा, ईद-कुर्बान, कुर्बान बयारामी या बलिदान के पर्व के रूप में भी जाना जाता है। यह त्योहार पैगंबर इब्राहिम के विश्वास की परीक्षा की याद में मनाया जाता है। खलीज टाइम्स अखबार के मुताबिक, आज लोग बकरा, भेड़ या ऊंट जैसे पशुओं की कुर्बानी भी देते हैं। संयुक्त अरब अमीरात के निवासी आज सुबह ईद-उल-अजहा की नमाज अदा करने के लिए मस्जिदों और खुले प्रार्थना स्थलों पर एकत्र हुए। दुबई में अल फारूक उमर बिन अल खत्ताब मस्जिद ( ब्लू मस्जिद) में बड़ी संख्या में नमाज अदा करने के लिए एकत्र हुए। इस बीच राष्ट्रीय मौसम विज्ञान केंद्र ने आज के लिए मौसम पूर्वानुमान जारी किया है। इसमें आज पूरे देश में तापमान बढ़ने की चेतावनी दी गई है। आंतरिक क्षेत्रों में 39 डिग्री सेल्सियस और 44 डिग्री सेल्सियस के बीच तापमान रहने की उम्मीद है। तटीय क्षेत्रों और द्वीपों में अधिकतम तापमान 37 डिग्री सेल्सियस से 41 डिग्री सेल्सियस के बीच रहेगा, जबकि पहाड़ी क्षेत्रों में 30 डिग्री सेल्सियस से 34 डिग्री सेल्सियस तक तापमान रहेगा। आसमान साफ रहेगा और आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे।

## शी जिनपिंग ने सैन्य सुविधाओं के निर्माण पर विनियम जारी करने के आदेश पर किए हस्ताक्षर

**बीजिंग, एजेंसी।** चीनी केंद्रीय सैन्य आयोग के अध्यक्ष शी जिनपिंग ने हाल ही में सैन्य सुविधाओं के निर्माण पर विनियम जारी करने के आदेश पर हस्ताक्षर किए, जो 1 अगस्त 2025 से प्रभावी होंगे। यह विनियम सैन्य शक्ति को मजबूत करने के बारे में शी जिनपिंग के विचारों को पूरी तरह से लागू करता है, नए युग के सैन्य रणनीतिक दिशानिर्देशों को पूरी तरह से लागू करता है, युद्ध की तैयारी पर ध्यान केंद्रित करता है, नए नेतृत्व और कमांड सिस्टम



और समर्थन मॉडल के अनुकूल होता है, और सैन्य सुविधा निर्माण के बुनियादी सिद्धांतों, प्रबंधन प्रणाली, संचालन तंत्र और कार्य प्रणाली को वैज्ञानिक रूप से मानकीकृत करता है। यह सैन्य सुविधा निर्माण कार्य के लिए एक महत्वपूर्ण आधार है। विनियम में कुल 11 अध्याय और 63 धाराएं हैं। विनियम निर्माण श्रृंखला, प्रबंधन श्रृंखला और पर्यवेक्षण श्रृंखला को सुव्यवस्थित करने पर ध्यान केंद्रित करते हैं, और सैन्य सुविधा निर्माण योजना प्रबंधन, परियोजना अनुमोदन, इंजीनियरिंग अनुबंध, सर्वेक्षण और डिजाइन, निर्माण प्रबंधन, आपातकालीन निर्माण, सुरक्षा और गोपनीयता, पर्यवेक्षण और जवाबदेही आदि पहलुओं से प्रबंधन प्राधिकरण को स्पष्ट करते हैं, प्रक्रिया तंत्र को अनुकूलित करते हैं और व्यावहारिक परिणामों को समेकित करने पर ध्यान केंद्रित करते हैं, ताकि सैन्य सुविधा निर्माण की गुणवत्ता, दक्षता और समर्थन क्षमताओं में सुधार के लिए मजबूत कानूनी गारंटी प्रदान की जा सके।

# एपस्टीन फाइलों से जुड़े आरोपों के बीच एलन मस्क की ट्रंप के खिलाफ महाभियोग चलाने की मांग : रिपोर्ट

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, एलन मस्क ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर गंभीर आरोप लगाते हुए उनके खिलाफ महाभियोग चलाने की मांग की है। मस्क ने दावा किया है कि ट्रंप का नाम एपस्टीन फाइल्स में है। इसके साथ ही मस्क ने स्पेसएक्स प्रोग्राम को बंद करने की घोषणा की। एक्स पर एक पोस्ट में मस्क ने कहा, ÷मेरे सरकारी कॉन्ट्रैक्ट्स को रद्द करने के राष्ट्रपति के बयान के मद्देनजर, स्पेसएक्स अपने ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट को तुरंत बंद करना शुरू कर देगा। अमेरिकी मीडिया आउटलेट सीएनएन की एक रिपोर्ट के अनुसार, ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसने अतीत में नासा के दो अंतरिक्ष यात्रियों को वापस लाने में मदद की थी। ये अंतरिक्ष यात्री नौ महीनों तक इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन में फंसे रहे थे। इसके अतिरिक्त, यह इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पर कार्गो और लोगों को ले जाने के लिए भी जरूरी है। स्पेस एक्स ने कहा कि ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट ÷वर्तमान में उड़ान भरने वाला एकमात्र स्पेसक्राफ्ट है, जो पृथ्वी पर महत्वपूर्ण मात्रा में कार्गो वापस लाने में सक्षम है। रिपोर्ट के मुताबिक ट्रंप और मस्क के बीच संबंध तब और खराब हो गए, जब अमेरिकी राष्ट्रपति ने एलन की सरकारी सब्सिडी और कॉन्ट्रैक्ट्स को खत्म करने की धमकी दी। यह एक ऐसा कदम है, जो दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति के बिजनेस को गंभीर रूप से प्रभावित कर सकता है। इससे इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पर प्रभाव दिख सकता है। ट्रंप ने गुरुवार को अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर



लिखा, हमारे बजट, अरबों और अरबों डॉलर में पैसे बचाने का सबसे आसान तरीका एलन की सरकारी सब्सिडी और कॉन्ट्रैक्ट्स को खत्म करना है। मुझे हमेशा आश्चर्य होता था कि बाइडेन ने ऐसा क्यों नहीं किया! इस बीच मस्क ने आरोप लगाया कि ट्रंप का नाम एपस्टीन फाइलों में है और इस वजह से जांच के विवरण और निष्कर्षों को जनता के सामने पेश नहीं किया गया है। मस्क ने एक्स पर लिखा, वास्तव में बड़ा बम गिराने का समय आ गया हैः डोनाल्ड ट्रंप एपस्टीन फाइलों में हैं। यही असली कारण है कि उन्हें सार्वजनिक नहीं किया गया है।

आपका दिन शुभ हो, डीजीटी! एपस्टीन के आरोप के जवाब में, व्हाइट हाउस की प्रेस सेक्रेटरी कैरोलिन लेविट ने कहा, ÷यह एलन का एक दुर्भाग्यपूर्ण प्रकरण है, जो वन बिग ब्यूटीफुल बिल से नाखुश हैं, क्योंकि इसमें वे नीतियां शामिल नहीं हैं, जो वह चाहते थे। राष्ट्रपति इस ऐतिहासिक कानून को पारित करने और हमारे देश को फिर से महान बनाने पर फोकस कर रहे हैं। ट्रंप ने गुरुवार को ओवल ऑफिस प्रेस कॉन्फ्रेंस में संकेत दिया कि टेस्ला के सीईओ उनके वन बिग ब्यूटीफुल बिल एक्ट का विरोध करते हैं, क्योंकि वह इलेक्ट्रिक व्हीकल इन्सेन्टिव को हटाए जाने से नाराज हैं। ट्रंप ने कहा कि उन्हें यकीन नहीं है कि वह मस्क के साथ दोस्त बने रहेंगे। इसके साथ ही ट्रंप ने आरोप लगाया कि मस्क बिल के अंदरूनी कामकाज को जानते थे। मस्क ने ट्रंप को जवाब देते हुए एक ट्वीट किया, ÷बहुत अनुचित है कि तेल और गैस सब्सिडी को बिल में छोड़ दिया गया था। इसके बाद के ट्वीट में उन्होंने कहा, यह बिल मुझे एक बार भी नहीं दिखाया गया और रात के अंधेरे में इतनी तेजी से पारित किया गया कि कांग्रेस में लगभग कोई भी इसे पढ़ भी नहीं सका!

# शुभमन की कप्तानी में टेस्ट सीरीज के लिए इंग्लैंड पहुंची भारतीय क्रिकेट टीम

**लंदन (एजेंसी)।** युवा बल्लेबाज शुभमन गिल की कप्तानी में भारतीय क्रिकेट टीम पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए इंग्लैंड पहुंच गयी है। ये सीरीज 20 जून से शुरु होगी। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने टीम के लंदन पहुंचने का वीडियो भी जारी किया है। बीसीसीआई ने इसमें लिखा, टीम इंडिया इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए लंदन पहुंच गई है। इस वीडियो में भारतीय खिलाड़ी काफी तरोताजा नजर आ रहे हैं। टीम इस लंबे दौरे के लिए पूरी तरह से तैयार दिख रही है। इस दौरे के लिए भारतीय टीम में अधिकतर युवा खिलाड़ी शामिल हैं। आईपीएल में शानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी भी इस टीम में हैं।

वहीं इंग्लैंड रवाना होने से पहले शुभमन ने रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे दिग्गजों के बिना खेलने की चुनौतियों पर भी बात की थी। वहीं टीम पर दबाव को लेकर शुभमन ने कहा था, मुझे लगता है कि हर बार जब आप मैच खेलते हैं या दौरा शुरू करते हैं, तो दबाव होता है। ऐसे में हर सीरीज से पहले दबाव होता है, लेकिन यहां कोई अतिरिक्त दबाव नहीं होगा।उन्होंने साथ ही कहा, रोहित और विराट बहुत अनुभवी खिलाड़ी हैं और उनकी जगह भरना बहुत मुश्किल है, बतौर टीम हमारे पास बहुत अनुभव है। हमने बहुत सारे मैच खेले हैं। साथ ही कहा कि टीम के सभी खिलाड़ी दबाव में भी खेलना जानते हैं। साथ ही कहा कि हमारी टीम में बल्लेबाजी और गेंदबाजी का समन्वय बहुत अच्छा है।

वहीं बल्लेबाजी क्रम को लेकर शुभमन ने कहा कि अभी तक तय नहीं किया है कि वह किस नंबर पर बल्लेबाजी करेंगे। उन्होंने पिछले दौरों में ओपनिंग के अलावा नंबर-3 पर भी बल्लेबाजी की है पर रोहित के न होने के कारण वह यशस्वी जायसवाल के साथ पारी शुरु भी कर सकते हैं। शुभमन ने उस पल को भी याद किया, जब उन्हें पहली बार टेस्ट टीम का कप्तान बनाए जाने की खबर मिली थी। उन्होंने कहा, जब पता चला कि मुझे इस तरह का अवसर मिलेगा, तो मैं बहुत उत्साहित था। यह अनुभव काफी उत्साहजनक था पर साथ ही मुझे लगता है कि यह एक बड़ी जिम्मेदारी है। साथ ही कहा कि हमने अभी तक बल्लेबाजी क्रम को लेकर कोई फैसला नहीं किया है, बहरहाल टीम इस दौरे में अच्छे प्रदर्शन के लिए पूरी तरह से तैयार है।



# मुसेट्टी को हराकर अल्काराज फ्रेंच ओपन के फाइनल में



**पेरिस (एजेंसी)।** गत चैंपियन कार्लोस अल्काराज शुक्रवार को फ्रेंच ओपन के मेंस सिंगल्स सेमीफाइनल में लोरेंजो मुसेटी के चौथे सेट की शुरुआत में चोट के कारण मुकाबले से हटने से फाइनल में पहुंच गए। आठवीं वरीयता प्राप्त इटली के मुसेटी ने मुकाबले से जब हटने का फैसला किया उस समय अल्काराज 4-6, 7-6, 6-0, 2-0 से आगे चल रहे थे। दूसरे सेमीफाइनल में नोवाक जोकोविच का हार मिली।

स्पेन के दूसरी वरीयता प्राप्त अल्काराज ने फाइनल में जगह पक्की होने के बाद कहा, ''इस तरह का मैच जीतना बहुत अच्छी बात नहीं है। लोरेंजो एक बेहतरीन खिलाड़ी है। मैं उन्हें शुभकामनाएं देता हूं और उनके जल्दी ठीक होने की कामना करता हूं। उम्मीद है कि हम जल्द ही फिर से कोर्ट पर देख पाउंगा।'' मुसेटी ने तीसरे सेट के आखिर में बायीं जांघ का उपचार कराया। उन्होंने चौथे सेट की शुरुआत में भी उपचार लिया, लेकिन इससे मदद नहीं मिली। 23 वर्षीय मुसेटी तीसरे सेट के 16 मिनट बाद 5-0 से पीछे थे, जब उन्होंने ट्रेनर को बुलाया।

अल्काराज ने अगले गेम में मुसेटी की सर्विस तोड़कर 21 मिनट में सेट जीत लिया। इस सेट में अल्काराज ने 29 में से 24 अंक जीते। मुसेटी कोर्ट में दौड़ लगाने में काफी परेशानी हो रही थी। उन्होंने फिर से ट्रेनर को बुलाया। अल्काराज ने चौथे सेट में उनकी सर्विस तोड़कर 2-0 की बढ़त बना ली, जिसके बाद मुसेटी धीरे-धीरे नेट की ओर बढ़े और अल्काराज ने उन्हें गले लगाया। अल्काराज ने पहले सेट में 16 गलतियां कीं, जिसे मुसेटी ने अपने नाम किया।

अल्काराज ने कहा, 'पहले दो सेट वाकई मुश्किल थे। जब मैंने दूसरा सेट जीता तो मुझे राहत मिली।' फाइनल में अल्काराजके सामने विश्व रैंकिंग के शीर्ष खिलाड़ी इटली के यानिक सिनर होंगे, क्योंकि सर्बिया के नोवाक जोकोविच को यानिक सिनर ने दूसरे सेमीफाइनल मैच में हरा दिया। इस हार के बाद जोकोविच ने कहा है कि फ्रेंच ओपन में शायद उनका ये आखिरी मैच है, क्योंकि पता नहीं वह अगले साल इस इवेंट के लिए लौटेंगे या नहीं।

# राहुल के शतक से इंडिया ए ने बनाये सात विकेट पर 319 रन

दूसरा अनाधिकारिक टेस्ट



**नॉर्थम्पटन (एजेंसी)।** केएल राहुल के शानदार शतक 116 रनों की सहायता से इंडिया ए ने इंग्लैंड लायंस के खिलाफ दूसरे अनाधिकारिक टेस्ट के पहले दिन सात विकेट पर 319 रन बना लिए थे। राहुल के अलावा ध्रुव जुरेल ने भी 52 रन बनाये। इस मैच में इंग्लैंड लायंस के कप्तान जेम्स र्यू ने टॉस जीतकर इंडिया ए को बल्लेबाजी के लिए बुलाया। इंडिया ए की शुरुआत अच्छी नहीं रही। तेज गेंदबाज क्रिस वोक्स ने शुरुआत में ही यशस्वी जायसवाल 17 और कप्तान अभिमन्यु ईश्वरन को 11 रनों पर ही आउट कर दिया।

इसके बाद राहुल ने करुण नायर के साथ पारी को आगे बढ़ाया। करुण ने 40 रन बनाये। राहुल ने 151 गेंदों में 13 चौकों और एक छक्के की मदद से 116 रन बनाए। वहीं जुरेल ने भी 87 गेंदों में 52 रन बनाये। नितीश कुमार रेड्डी ने 34 रन बनाये। इंग्लैंड लायंस की ओर से वोक्स ने तीन जबकि जॉर्ज हिल ने दो विकेट लिए। इस अनाधिकारिक टेस्ट से दोनो ही टीमों को 20 जून से शुरू होने वाली टेस्ट सीरीज से पहले लया हासिल करने का अवसर मिल गया है।

# टी20 मुंबई लीग : पृथ्वी शॉ की तूफानी पारी, नॉर्थ मुंबई पैंथर्स की पहली जीत !

**मुम्बई (एजेंसी)।** टी20 मुंबई लीग 2025 के तीसरे सीजन में शुक्रवार को वानखेड़े और डीवाई पाटिल स्टेडियम में रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। पृथ्वी शॉ की अगुवाई वाली नॉर्थ मुंबई पैंथर्स ने वानखेड़े स्टेडियम में आर्क्स अंधेरी को पांच विकेट से हराकर अपनी पहली जीत दर्ज की। शॉ ने 23 गेंदों में 33 रनों की ताबड़तोड़ पारी खेली, जबकि उनके सलामी जोड़ीदार दिव्यांश सक्सेना ने 31 गेंदों में 36 रन बनाए। दूसरी ओर, डीवाई पाटिल स्टेडियम में एमएससी मराठा रॉयल्स ने कप्तान सिद्धेश लाड (50) और चिन्मय सुतार (55) की शानदार अर्धशतकीय पारियों की बदौलत ईगल थाने स्ट्राइकर्स को छह विकेट से मात दी।



दिन के सबसे चर्चित मुकाबले में, भारत के व्हाइट-बॉल सितारों श्रेयस अय्यर की सोबो मुंबई फाल्कन्स ने सूर्यकुमार यादव की ट्रायम्फ्स नाइट्स मुंबई नॉर्थ ईस्ट को चार विकेट से हराया। पहले बल्लेबाजी करते हुए नाइट्स ने सीम मूवमेंट वाली पिच पर 145/5 का स्कोर बनाया। सूर्यकुमार 1 रन बनाकर जल्दी आउट हो गए, लेकिन सिद्धांत अधात्राओ ने 57 और सूर्यांश शेडगे ने नाबाद 49 रनों की पारी खेली।

जवाब में, फाल्कन्स की शुरुआत खराब रही, लेकिन अंगकृष रघुवंशी (42), विनायक भोईर (33), और आकाश पारकर (30 नाबाद) ने शानदार बल्लेबाजी कर टीम को चार गेंद शेष रहते जीत दिलाई।

दिन के पहले मैच में, बांद्रा ब्लास्टर्स ने डीवाई पाटिल स्टेडियम में आकाश टाइगर्स को एक रन से हराया। धनित राउत (4/29) की शानदार गेंदबाजी और ओम केशकमट (40) व ध्रुमिल मटकर (33) की पारियों ने ब्लास्टर्स को 153 रन तक पहुंचाया। जवाब में, जय बिस्ता (55) की अर्धशतकीय पारी के बावजूद टाइगर्स 152/8 पर सिमट गए।

टी20 मुंबई लीग का तीसरा संस्करण, जो भारत के प्रमुख फ्रेंचाइजी-आधारित टी20 टूर्नामेंट्स में से एक है, स्टार स्पोर्ट्स 1 (अंग्रेजी और हिंदी), स्टार स्पोर्ट्स 2 (अंग्रेजी), और जियोहॉटस्टार पर प्रसारित हो रहा है। इस टूर्नामेंट में मुंबई के उभरते सितारों और अनुभवी खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन प्रशंसकों को रोमांचित कर रहा है।

# आरसीबी की जीत के जश्न में हुए हादसे की आंच विराट तक पहुंची , पुलिस में शिकायत दर्ज

बेंगलुरु ।यहां रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी ) की जीत के जश्न के दौरान 11 लोगों की मौत के मामले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) प्रबंधन के बाद अब टीम के स्टार खिलाड़ी विराट कोहली के खिलाफ भी शिकायत दर्ज की गयी है।इस मामले को आपराधिक लापरवाही कहा जा रहा है क्योंकि आरसीबी की जीत का जश्न अचानक ही मनाया गया और उसके लिए जरुरी इंतजाम नहीं किये गये।पुलिस ने इस कार्यक्रम के लिए सुरक्षा देने में असमर्थता जतायी थी पर इसके बाद भी उसपर दबाव बनाया गया। 18 साल बाद टीम की जीत के बाद बेंगलुरु की सड़कों पर जश्न का माहौल था। अगले दिन जैसे ही पूरी टीम ट्रॉफी के साथ शहर लौटी, स्टेडियम और विधानसभा के पास हजारों की भीड़ जमा हो गई।लोगों की संख्या इतनी अधिक थी कि पुलिस नियंत्रण नहीं बना पायी। इस घटना के लिए कर्नाटक सरकार ने आरसीबी प्रबंधन, कर्नाटक क्रिकेट संघ (केएससीए) और इवेंट आयोजित करने वाली डीएनए कंपनी को जिम्मेदार ठहराया।इसके बाद पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार किया है आरसीबी के मार्केटिंग और रेवेन्यू हेड निखिल सोसाले, उनके साथी सुमंत, डीएनए कंपनी के मैनेजर किरण और उनके सहयोगी मैथ्यू।इन चारों को कोर्ट में पेश कर 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।वहीं बेंगलुरु के एक स्थानीय नागरिक वेंकटेश ने विराट के खिलाफ भी एफआईआर दर्ज करने की मांग की है।उनका आरोप है कि कोहली न केवल टीम का चेहरा हैं, बल्कि इस इवेंट के प्रमोशन से भी जुड़े थे, इसलिए उन पर भी जिम्मेदारी बनती है।शिकायत कब्बन पार्क पुलिस स्टेशन में दर्ज कराई गई है।

# भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट से वापसी कर सकते हैं आर्चर



लंदन ।इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर इसी माह 20 जून से भारतीय टीम के खिलाफ शुरु हो रही पांच टेस्ट मैचों की सीरीज से वापसी कर सकते हैं।अंगूठे में हुए फ्रेक्चर के कारण टीम से बाहर चल रहे आर्चर को जल्द ही इससे उबरने की उम्मीद है।आर्चर ने अपना अंतिम टेस्ट चार साल पहले खेला था।इंग्लैंड के राष्ट्रीय चयनकर्ता ल्यूक राइट ने कहा है कि आर्चर दो से छह जुलाई तक एजबस्टन में होने वाले दूसरे टेस्ट से वापसी कर सकते हैं।आर्चर ने बार-बार चोटिल होने के कारण ही साल 2021 से प्रथम श्रेणी क्रिकेट नहीं खेला।इसी कारण हेडिंग्ले में पहले टेस्ट के लिए उन्हें शामिल नहीं किया गया।हाल ही में आईपीएल के दौरान उनके अंगूठे में फ्रेक्चर हो गया था जिससे वह उबरने का प्रयास कर रहे हैं। राइट ने कहा, 'आर्चर काफी अच्छी तरह से अपनी चोट से उबर रहे हैं पर उनके लिए अच्छा ये है कि वह कुछ प्रथम श्रेणी मैच खेलकर लय हासिल करें। ससेक्स की दूसरी टीम का हिस्सा बनें और डरहम के खिलाफ ससेक्स के लिए खेलें।सब कुछ ठीक रहा तो वह दूसरे टेस्ट के लिए उपलब्ध हो सकेंगे।' अंगूठे की चोट के कारण ही वह 29 मई से तीन जून के बीच वेस्टइंडीज के खिलाफ हुई एकदिवसीय सीरीज से भी बाहर रहे थे।आर्चर और तेज गेंदबाज मार्क वुड के नहीं होने से टीम की गेंदबाजी कमजोर हुई है।वुड मार्च में लगी घुटने की चोट के बाद से ही खेल से दूर हैं।

# विराट-रोहित का अनुभव होगा मिस, लेकिन भारत तैयार : रिकी पोंटिंग

मुंबई - ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने कहा कि टेस्ट क्रिकेट में रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे दिग्गज बल्लेबाजों की जगह लेना मुश्किल होगा, लेकिन भारत के पास युवा प्रतिभाओं की गहराई है, जो इस चुनौती को अन्य देशों से बेहतर ढंग से संभाल सकती है।20 जून से लीड्स में शुरू होने वाली इंग्लैंड के खिलाफ 5 टेस्ट मैचों की सीरीज, जो अगस्त 2025 तक चलेगी, प्रशंसकों और खिलाड़ियों के लिए एक भावनात्मक चुनौती होगी। रोहित और विराट के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद, शुभमन गिल की अगुवाई वाली नई भारतीय टीम को इंग्लैंड की मुश्किल परिस्थितियों में खुद को साबित करना होगा। ध्रुव जुरेल, करुण नायर, अभिमन्यु ईस्वरन और साई सुदर्शन जैसे युवा और आईपीएल/घरेलू क्रिकेट के सितारों को मुख्य टीम में जगह मिली है।आईसीसी रिव्यू में पोंटिंग ने कहा कि इतने लंबे समय तक खेलने वाले खिलाड़ियों की जगह लेना हमेशा मुश्किल होता है। लेकिन अगर कोई देश इसे जल्दी कर सकता है, तो वह भारत है, क्योंकि उनके पास युवा प्रतिभाओं की भरमार है।उन्होंने कहा कि मैंने 10 साल तक आईपीएल में यह देखा है। यशस्वी जायसवाल जैसे खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में आते ही शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं।भारत स्किल को आसानी से बदल सकता है, लेकिन अनुभव की कमी होगी।शुभमन गिल जैसे युवा कप्तान के साथ, केएल राहुल और जसप्रीत बुमराह जैसे अनुभवी खिलाड़ी भी हैं।पोंटिंग ने कहा कि पुनर्निर्माण के दौर में भारत अन्य टीमों से बेहतर सामना कर सकता है। रोहित ने पिछले महीने टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कहा, और कुछ दिनों बाद विराट ने इंस्टाग्राम पर भावुक नोट के साथ संन्यास लिया।



# सिनर ने जोकोविच को हराकर रोलांड-गैरोस फाइनल में प्रवेश किया

**पेरिस (एजेंसी)।** विश्व के नंबर एक खिलाड़ी जैनिक सिनर ने शुक्रवार रात को रोलैंड-गैरोस सेमीफाइनल में नोवाक जोकोविच को हराकर शानदार प्रदर्शन कर पहली बार फाइनल में प्रवेश किया, जिससे सर्बियाई खिलाड़ी जोकोविच की रिकॉर्ड 25वें ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने की आशाओं पर विराम लग गया। सिनर ने जोकोविच को 6-4, 7-5, 7-6(3) से हराया। इस जीत के साथ, सिनर ने ग्रैंड स्लैम जीतने की अपनी लय को 20 मैचों तक और सेटों की संख्या को 29 तक पहुंचा दिया, जिससे वह यूएस ओपन और ऑस्ट्रेलियन ओपन में जीत के बाद लगातार तीसरे फाइनल में पहुंच गए। 23 वर्षीय इतालवी खिलाड़ी सिनर ऐसे पहले खिलाड़ी भी बने, जिसने रोलांड-गैरोस फाइनल में प्रवेश किया।

सिनर का अब रविवार को स्पेन के कार्लोस अल्काराज़ के खिलाफ़ एक रोमांचक खिताबी मुकाबला होगा, जो 2000 के दशक में जन्मे दो खिलाड़ियों के बीच यह पहला पुरुष ग्रैंड स्लैम फ़ाइनल होगा। मैच के शुरुआत से ही, सिनर ने आक्रामक बेसलाइन खेल के साथ नियंत्रण बनाए रखा और पहले सेट में ही जोकोविच की सर्विस तोड़कर 3-2 की बढ़त ले ली, जिससे यह 6-4 हो गया। जोकोविच ने बहादुरी से मुकाबला किया और विंटेज शॉटमेकिंग से दर्शकों को रोमांचित किया, जिसने कोर्ट फिलिप-चैटियर से तालियाँ बटोरीं।

हालांकि, जब दूसरे सेट में जोकोविच ने 5-5 से बराबरी की, तब भी सिनर ने लगातार दबाव बनाया और फोरहैंड ड्राइव वॉली और दूसरे सर्व ऐस के साथ गति को पुनः प्राप्त किया और सेट को 7-5 से अपने नाम किया। तीसरा सेट एक डॉगफाइट में बदल गया, जिसमें जोकोविच ने ब्रेक पॉइंट बचाए और 5-4 पर तीन सेट पॉइंट बनाए, लेकिन सिनर ने बिना किसी हिचकिचाहट के उन सभी को बचा लिया और निर्णायक टाईब्रेक में 7-3 से दबदबा बनाते हुए मैच को तीन घंटे से भी कम समय में समाप्त कर दिया।

मैच के बाद सिनर ने कहा कि वह जोकोविच को 'रोल मॉडल' के रूप में मानते हैं और इस अवसर की महानता को स्वीकार किया यह मेरे लिए एक विशेष अवसर था, जोकोविच के खिलाफ़ ग्रैंड स्लैम के सेमीफाइनल में। मुझे आगे बढ़ना था, मुझे अपना सर्वश्रेष्ठ टेनिस खेलना था। जोकोविच ने 2008 से 24 ग्रैंड स्लैम खिताब जीते हैं, जिनमें से तीन रोलांड-गैरोस में जीते हैं। इस जीत के साथ, सिनर फेडरर, नडाल, जोकोविच और मरे की कुलीन कंपनी में शामिल हो गए हैं और इस सदी में लगातार तीन ग्रैंड स्लैम फाइनल में पहुंचने वाले कुछ पुरुषों में से एक हैं। रविवार को पुरुषों का फाइनल सिनर और अल्काराज़ के बीच होगा, जिसमें इतालवी हाल की हार का बदला लेने और लगातार दूसरा प्रमुख खिताब हासिल करने के लिस प्रयासरत रहेगा।



# फ्रेंच ओपन : कार्लोस अल्काराज फाइनल में, संबालेंका और गॉफ महिला वर्ग के फाइनल में



पेरिस।स्पेन के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज सेमीफाइनल मुकाबले में इटली के चोटिल लोरेंजो मुसेट्टी को हराकर अपना फ्रेंच ओपन पुरुष एकल के फाइनल में जगह बना ली है।वही महिला वर्ग का फाइनल वर्ल्ड नंबर-1 आर्यना, सबालेंका और अमेरिका की कोको गॉफ के मध्य खेला जाएगा। अल्काराज ने पहला सेट गंवा दिया था, लेकिन इसके बाद वह 4-6, 7-6 (3), 6-0, 2-0 से आगे चल रहे थे।इसी दौरान इटली के मुसेट्टी ने जांघ की चोट के कारण खेल छोड़ दिया।अल्काराज का रविवार को फाइनल में मुकाबला जैनिक सिनर और नोवाक जोकोविच के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल के विजेता से होगा।सबालेंका ने गुरुवार को खेले गए विमेंस सिगल्स के सेमीफाइनल मुकाबले में चार बार की चैंपियन इगा स्वियातेक को 7-6(1), 4-6, 6-0 हराया।छठे ग्रैंड स्लैम फाइनल में - सबालेंका पहली बार इस ग्रैंड स्लैम के खिताबी मुकाबले में पहुंची हैं।वहीं, उनका कुल छठा ग्रैंड स्लैम फाइनल है।फाइनल में सबालेंका का सामना वर्ल्ड नंबर-2 अमेरिका की कोको गॉफ से होगा।ये दोनों खिलाड़ी पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम फाइनल में एक-दूसरे से भिड़ेंगी। इगा स्वियातेक पिछले तीन बार लगातार फ्रेंच ओपन चैंपियन रहीं। गॉफ ने बाइसन को हराया - कोको गॉफ ने फ्रेंच ओपन वाइल्ड कार्ड लोइस बॉइसन को 6-1, 6-2 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया।गॉफ भी पहली बार फ्रेंच ओपन के फाइनल में पहुंची हैं।21 साल की अमेरिकी खिलाड़ी वर ओपन (2023) के बाद से दूसरा ग्रैंड स्लैम फाइनल खेलेंगी।कोको पहली बार फाइनल में हैं।कोको गॉफ पहली बार फ्रेंच ओपन के फाइनल में पहुंची हैं।सबालेंका ने क्वार्टर फाइनल में झेंग को हराया था।

# भारत, ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड टेस्ट क्रिकेट का अधिक बोझ उठा रहे : मार्नस लाबुशेन



लंदन ।ऑस्ट्रेलिया के स्टार बल्लेबाज मार्नस लाबुशेन का मानना है कि टेस्ट क्रिकेट वर्तमान में 'शानदार स्थिति' में है और वे उम्मीद करते हैं कि सभी देश 'महान खिलाड़ी' तैयार करते रहेंगे ताकि इस प्रारूप की 'अद्भुत' परंपरा को बनाए रखा जा सके।लाबुशेन ऑस्ट्रेलिया की विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खिताब रक्षा के लिए तैयारी कर रहे हैं, जो बुधवार से लॉर्ड्स में शुरू होगा। 30 वर्षीय इस ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज ने डब्ल्यूटीसी को 'रोमांचक' बनाने वाले कारकों पर प्रकाश डाला और इसे एक 'शानदार' टूर्नामेंट बताया।उन्होंने कहा कि यह एक रोमांचक टूर्नामेंट है।हर टेस्ट मैच में कुछ दांव पर होता है, यह सभी देशों को खेल में लाता है, और कोई भी फाइनल में पहुंच सकता है।दो साल के चक्र के अंत में आप एक ट्रॉफी के लिए खेलते हैं।मुझे लगता है कि यह शानदार ढंग से काम कर रहा है।दो साल पहले, जब हमने भारत को हराया था, वह अनुभव अद्भुत था।एक खिलाड़ी के दृष्टिकोण से, खेल बहुत अच्छी स्थिति में है।लाबुशेन 2023 में द ओवल में भारत के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया की पहली डब्ल्यूटीसी जीत का हिस्सा थे, जहां ऑस्ट्रेलिया ने 209 रनों से शानदार जीत हासिल की थी।उन्होंने कहा कि जब भी टेस्ट क्रिकेट होता है, लोग इसे देखना चाहते हैं।भारत, ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड शायद टेस्ट क्रिकेट का बोझ थोड़ा अधिक उठा रहे हैं, लेकिन हम चाहते हैं कि सभी देश महान खिलाड़ी तैयार करें और टेस्ट क्रिकेट की इस अद्भुत परंपरा को बनाए रखें।लाबुशेन ने 2019 के एशेज में लॉर्ड्स में अपने करियर की शुरुआत की थी, जहां वे क्रिकेट के पहले कन्कशन सब्स्टिट्यूट बने।इसके बाद, दक्षिण अफ्रीका में जन्मे इस बल्लेबाज ने शानदार प्रदर्शन किया।14 टेस्ट के बाद उनका औसत 63.43 रहा, और वे दिसंबर 2021 से छह महीने तक आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष पर रहे। उन्होंने अपने क्लब के साथ रिश्ते पर कहा कि मुझे यहां दोस्तों के साथ खेलना पसंद है।

# नीरज चोपड़ा क्लासिक अंतर्राष्ट्रीय भाला फेंक प्रतियोगिता अब पांच जुलाई को बेंगलुर में होगी

## देश विदेश के कुल 12 खिलाड़ी होंगे शामिल होंगे

नई दिल्ली ।नीरज चोपड़ा क्लासिक अंतर्राष्ट्रीय भाला फेंक प्रतियोगिता अब पांच जुलाई को बेंगलुरु में आयोजित की जाएगा।आयोजकों ने कहा है कि श्री कांतीरवा स्टेडियम में आयोजित की जाने वाली इस प्रतियोगिता में 12 खिलाड़ी भाग लेंगे।इससे पहले ये प्रतियोगित 24 मई को होनी थी पर भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ने के कारण स्थागित कर दिया गया था। ये पहली बार है जब भारत में किसी अंतर्राष्ट्रीय भाला फेंक प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।इस प्रतियोगिता का आयोजन जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स के सहयोग से किया जा रहा है और इसे भारतीय एथलेटिक्स महासंघ से भी मंजूरी मिली हुई है।इस टूर्नामेंट में देश विदेश के कुल 12 खिलाड़ी होंगे शामिल होंगे।इस टूर्नामेंट में नीरज चोपड़ा समेत पांच भारतीय सचिन यादव, किशोर जेना, रोहित यादव और साहिल सिलवाल शामिल होंगे। वहीं विदेश के सात सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में दो बार के विश्व चैंपियन ग्रेनेड के एंडरसन पीटर्स, जर्मनी के 2016 ओलंपिक स्वर्ग विजेता थॉमस रोहलर, कीनिया के 2015 के वर्ल्ड चैंपियन जूलियस येगो, अमेरिका के कर्टिस थॉम्पसन, जापान के एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता जेनकी डीन, श्रीलंका के रुमेश पथिरेज और ब्राजील के लुईज मौरिसियो दा सिल्वा शामिल हैं।इस प्रतियोगिता के लिए टिकट की कीमत 199 रुपये से लेकर 9,999 रुपये तक होगी।इसके अलावा 15 व्यक्तियों के लिए पांच कॉर्पोरेट बॉक्स 44,999 रुपये में उपलब्ध हैं।वहीं थ्रोअर रनवे के पास एक विशेष स्टैंड की कीमत 9,999 रुपये है, जबकि रनवे के ठीक पीछे स्थित नॉर्थ अपर स्टैंड में एक और विशेष स्टैंड 2,999 रुपये में है।

# नॉर्वे शतरंज : चीन के वे यी पर गुकेश की जीत , याद आई ओलंपियाड की जीत

**मुंबई (एजेंसी)।** स्टावेंगर , नॉर्वे ( निकलेश जैन ) भारत के विश्व शतरंज चैम्पियन डी गुकेश नें नॉर्वे शतरंज के आखिरी राउंड के ठीक पहले नौवे राउंड में चीन के वे यी को मात देते हुए खुद को एक बार फिर ख़िताबी दौड़ में शामिल कर लिया है । गुकेश नें सफ़ेद मोहरो से खेलते हुए चीन के वे यी पर एक और यादगार जीत दर्ज की , गुकेश नें कुछ इसी अंदाज में पिछले साल शतरंज ओलंपियाड में वे यी के खिलाफ मुक़ाबला जीता था और देश का स्वर्ण पदक पक्का कर दिया था । इस मुक़ाबले में भी गुकेश नें एंडगेम में जाकर अपनी महारत साबित करते हुए जीत दर्ज की । इसी टूर्नामेंट की पिछली भिड़ंत में वे यी ने गुकेश को अर्मागेडोन में मात दी थी, लेकिन इस बार गुकेश ने पेट्रोफ डिफेंस के खिलाफ शानदार खेल दिखाया और 40 चालों में जीत दर्ज की। इस जीत के साथ गुकेश अब 14.5 अंको के साथ कार्लसन के ठीक पीछे है और अगर 15 अंको पर खेल रहे कार्लसन अंतिम क्लासिकल मुकाबले में भारत के अर्जुन एरिगैसी को हराते हैं तो वह सीधे विजेता बन जाएंगे। लेकिन अगर ऐसा नहीं होता, और गुकेश या अन्य खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन करते हैं, तो समीकरण बदल सकते हैं। इस टूर्नामेंट का फिनाले बेहद रोमांचक होने वाला है क्योंकि दुनिया के शीर्ष 5 में से चार खिलाड़ी खिताब की दौड़ में हैं।

### गुकेश ने वे यी को क्लासिकल में हराया

विश्व चैंपियन डी गुकेश ने चीन के वे यी के खिलाफ क्लासिकल मुकाबले में शानदार जीत दर्ज की। पिछली भिड़ंत में वे यी ने गुकेश को अर्मागेडोन में मात दी थी, लेकिन इस बार गुकेश ने पेट्रोफ डिफेंस के खिलाफ शानदार खेल दिखाया और 40 चालों में जीत दर्ज की

### कार्लसन ने क्लासिकल में हराया करूआना को

मैग्नस कार्लसन ने फाबियानो करूआना को क्लासिकल मुकाबले में मात दी। खेल लगभग बराबरी पर चल रहा था, लेकिन ब्लैक की एक गलती-एक अनावश्यक प्यादा लेने के चलते-कार्लसन को निर्णायक बढ़त दिला गई और उन्होंने जीत दर्ज की और यह जीत कार्लसन को 15 अंको के साथ शीर्ष अपर पहुंचाने के लिए काफी थी ।

वहीं अर्जुन एरिगैसी ने पहले मुकाबले में नाकामुरा को अर्मागेडोन में हराया था, लेकिन इस बार नाकामुरा ने बदला लेते हुए अर्मागेडोन में अर्जुन को पराजित कर 1.5 अंक हासिल किए।और वह अब 13 अंको के साथ तीसरे स्थान पर चल रहे है अंतिम राउंड में अर्जुन एरिगैसी बनाम मैग्नस कार्लसन, फाबियानो करूआना बनाम डी गुकेश और वे यी बनाम हिकारू नाकामुरा के मुक़ाबले होंगे ।





## रूस के केंद्रीय बैंक ने की नीतिगत ब्याज दर में 1 फीसदी कटौती

**नई दिल्ली।**

रूस के केंद्रीय बैंक ने नीतिगत ब्याज दर में 1 फीसदी की कटौती कर दी है।` जिससे रूस की नई बेंचमार्क पॉलिसी रेट 21 से घटकर 20 फीसदी हो गई है। यह सितंबर 2022 के बाद पहली बार है जब रूस ने ब्याज दरों में कटौती की है। फरवरी 2022 से ही यूक्रेन के साथ युद्ध में उलझे रूस की अर्थव्यवस्था धीरे-धीरे संतुलित विकास की ओर लौट रही है। रूस में अप्रैल 2025 में मुद्रास्फीति दर 6.2 फीसदी दर्ज की गई, जबकि पहली तिमाही में यह औसतन 8.2 फीसदी थी। रूस की मुद्रा रूबल साल 2025 में डॉलर के मुकाबले दुनिया में सबसे बढिया प्रदर्शन करने वाली करंसी बन गई है। रूबल का बढना और महंगाई का कम होना बताता है कि रूस द्वारा अपनाई गई सख्त मौद्रिक नीति अब असर दिखा रही है। हालांकि, केंद्रीय बैंक ने साफ किया है कि नीति अब भी सख्त रहेगी, जब तक कि महंगाई को 4 फीसदी के लक्ष्य तक नहीं लाया जाता। बैंक का कहना है कि घरेलू मांग अब भी आपूर्ति के मुकाबले ज्यादा है।

## मुकेश अंबानी ने आईसीटी को 151 करोड़ अनुदान देने की घोषणा की

**मुकेश अंबानी ने 1970 के दशक में यहीं से की थी स्नातक की पढ़ाई**

**मुंबई।**

देश के जाने-माने उद्योगपति मुकेश अंबानी ने मुंबई के इंस्टीट्यूट ऑफ केमिकल टेक्नोलॉजी (आईसीटी) को 151 करोड़ रुपये का बड़ा दान देने की घोषणा की। ये दान उन्होंने अपने पुराने शिक्षक प्रोफेसर एमएम शर्मा को श्रद्धांजलि देने के लिए दिया। यहीं से उन्होंने 1970 के दशक में स्नातक की पढ़ाई की थी। हाल ही में आईसीटी के वरिष्ठ और सम्मानित प्रोफेसर एमएम शर्मा की जीवनी डिवाइन साइंटिस्ट के विमोचन समारोह में मुकेश अंबानी ने कहा कि प्रोफेसर शर्मा और जेबी जोशी मेरे प्रोफेसर थे। अन्य संस्कृतियों में गुरु केवल शिक्षक होता है, लेकिन भारतीय संस्कृति में गुरु ही ब्रह्मा हैं, गुरु ही विष्णु हैं, गुरु ही महेश्वर हैं...मुकेश अंबानी ने कहा, 70 के दशक के मध्य में जब मैं एक छात्र के रूप में यहां आया था, तब यह इंस्टीट्यूट ऑफ केमिकल टेक्नोलॉजी नहीं था, यह यूनिवर्सिटी डिपार्टमेंट ऑफ केमिकल टेक्नोलॉजी था। मैंने जानबूझकर आईआईटी बॉम्बे की जगह यूडीसीटी को चुना था। आज भी मुझे प्रोफेसर शर्मा का पहला व्याख्यान याद है और उन्हें सुनने के बाद मुझे विश्वास हो गया कि मैंने सही चुनाव किया है।

## एसबीआई एमएफ, गोल्डमैन सैक्स, अन्य ने बजाज फिनसर्व में खरीदी हिस्सेदारी

**नई दिल्ली।**

एसबीआई एमएफ, मॉर्गन स्टेनली और गोल्डमैन सैक्स सहित अन्य ने बजाज फिनसर्व में प्रवर्तक संस्थाओं से कुल 5,506 करोड़ रुपये में 1.8 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदी। एनएसई पर थोक सौदों के आंकड़ों के अनुसार जेपी मॉर्गन इंडिया, सिटीग्रुप ग्लोबल, सोसाइटी जनरल, एसबीआई लाइफ, बोफा सिक्योरिटीज और बार्कलेज मर्चेंट बैंक (सिंगापुर) भी खरीदारों में शामिल थे। आंकड़ों के अनुसार इन संस्थाओं ने बजाज फिनसर्व में 1.8 प्रतिशत हिस्सेदारी 1,925.20 रुपये प्रति शेयर के औसत मूल्य पर खरीदी। इस तरह संयुक्त लेनदेन मूल्य 5,506.07 करोड़ रुपये हो गया। इस बीच बजाज फिनसर्व की प्रवर्तक इकाई बजाज होल्डिंग्स एंड इन्वेस्टमेंट और जमनालाल संस ने समान कीमत पर समान संख्या में शेयर बेचे। हिस्सेदारी बिक्री के बाद बजाज फिनसर्व में प्रवर्तकों की हिस्सेदारी 60.64 प्रतिशत से घटकर 58.84 प्रतिशत रह गई।

# सरकार बनाएगी विदेशी दिग्गज फर्मों को टक्कर देने वाली कंपनी

**भारत की कंपनी बनने से विदेशी परामर्श कंपनियों पर निर्भरता हो जाएगी कम**

**नई दिल्ली।**

केंद सरकार भी दु निया की चार दिग्गज परामर्श एवं ऑडिट कंपनियों को टक्कर देने वाली कंपनी बनाने की योजना बना रहा है। कंपनी मामलों के मंत्रालय की सचिव दीप्ति गौर मुखर्जी की अध्यक्षता में एक समिति ऐसी देसी कंपनी बनाने के लिए जरूरी कदमों पर विचार करेगी।

यह समिति जरूरत पड़ने पर नीतिगत उपाय भी सुझाएगी। इस सिलसिले में हाल ही में पहली बैठक प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) में हुई थी। प्रधानमंत्री के प्रमुख सलाहकार शक्तिकांत दास की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में आर्थिक मामलों के विभाग के सचिव अजय सेठ, वित्तीय सेवा विभाग के सचिव एम नागराज, राजस्व सचिव अरविंद श्रीवास्तव और गौर मुखर्जी समेत शीर्ष सरकारी अधिकारी शामिल हुए थे।

प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के सदस्य संजीव सान्याल ने इन शीर्ष अधिकारियों के समक्ष वैश्विक स्तर की एक ऐसी भारतीय कंपनी तैयार करने का खाका पेश किया। सूत्रों ने कहा कि इस बैठक से पहले भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान (आईसीएआई) ने भी इस विषय पर अपनी सलाह कंपनी मामलों के मंत्रालय के अधिकारियों को दी थी। चार बड़ी कंपनियों डेलॉयट, पीडब्ल्यूसी, ईवाई और केपीएमजी को विभिन्न सरकारी मंत्रालयों एवं विभागों से काफी काम मिलता है। अब सरकार चाहती है कि ऐसी कंपनियों पर निर्भरता कम कर देश में ही एक कंपनी तैयार की जाए, जो ये काम कर सके।

## पीएनबी ने घटाई होम और ऑटो लोन की ईएमआई

**ब्याज दरों में कटौती 9 जून से प्रभाव में आएगी**

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के रेपो रेट में कटौती के बाद अब सार्वजनिक क्षेत्र के पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) ने अपने होम और ऑटो लोन की ब्याज दरों में कटौती का ऐलान किया है। पीएनबी ने बताया कि बैंक ने रेपो लिंक्ड लेंडिंग रेट में 0.50 फीसदी की कमी की है, जो 9 जून 2025 से प्रभाव में आएगी। इसके तहत अब पीएनबी का होम लोन 7.45 फीसदी और ऑटो लोन 7.80 फीसदी सालाना की दर से शुरू होगा। बैंक ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट करते हुए कहा` कि हमारे ग्राहकों के लिए खुशखबरी, आपकी ईएमआई को अब और भी सस्ता बना दिया गया है। आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति की हालिया बैठक में रेपो दर को 0.50 घटाकर 5.50 फीसदी कर दिया गया, जो कि फरवरी से अब तक कुल एक फीसदी की कटौती है। यह दर पिछले तीन वर्षों में सबसे निचले स्तर पर पहुंच चुकी है। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने उम्मीद जताई कि ब्याज दर में हुई कटौती से देश की आर्थिक प्रगति को नई गति मिलेगी। उन्होंने यह भी कहा कि, इस निर्णय का असर वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी छमाही में स्पष्ट रूप से देखने को मिलेगा।

## पाकिस्तान अंदर से खोखला, वर्ल्ड बैंक की रिपोर्ट से खुलासा

**लगभग 44.7 फीसदी पाकिस्तानी आबादी गरीबी रेखा के नीचे जीवन बिता रही है**

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान की आर्थिक स्थिति और भी` बिगड़ गई है, जैसा कि वर्ल्ड बैंक की हाली हालिया रिपोर्ट में खुलासा हुआ है। इस रिपोर्ट के अनुसार लगभग 44.7 फीसदी पाकिस्तानी आबादी अब गरीबी रेखा के नीचे जीवन बिता रही है, जो कि चिंताजनक है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह स्थिति सिर्फ शहबाज शरीफ और सेना प्रमुख आमिस मुनीर की असफलता का ही परिणाम नहीं है, बल्कि पाकिस्तान की स्वाभाविकता को भी दर्शाता है। पाकिस्तान ने आतंकी साजिशों की बढ़ती चपेट में आर्थिक सहायता और अन्य आंकड़ों पर निर्भर होने की स्थिति में विकास के मामले में पीछे हो जाना है। अंतरराष्ट्रीय कर्ज और राहत पैकेजों पर निर्भर रहने वाले पाकिे तान की आज भी प्राथमिकता देश का विकास नहीं बल्कि आतंकवाद को पालने-पोसने की है। चाहे आईएमएफ हो या फिर चीन जैसे मित्र देश, हर जगह से पाकिे तान को भर-भरकर अरबों डॉलर का कर्ज़ मिल रहा है। इसके बावजूद वहां आवाम के जीवन स्तर में कोई ठोस सुधार नहीं आ पाया है। पाकिस्तान की आधी से ज्यादा आबादी अब रोजाना 1200 रुपये से भी कम पर गुजारा कर रही है, जो इस बात को साफ करता है कि सत्ताधारी वर्ग की योजनाएं जमीनी सच्चाई से कोसों दूर हैं। विकास के बजाय पाकिस्तान की सबसे बड़ी चिंता आज भी उसकी सेना और आतंकवाद को समर्थन देना है। हालिया वर्षों में पाकिस्तान ने सेना के बजट में लगातार इजाफा किया है। इतना ही नहीं वहां शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे क्षेत्रों को नजरअंदाज कर दिया गया है। इस वर्ष भी पाकिस्तान की सेना को बजट में भर-भरकर पैसा दिया गया है, जबकि देश में 39.8 मिलियन लोग चरम गरीबी की मार झेल रहे हैं।

# सेंसेक्स और निफ्टी में एक फीसदी की तेजी रही

**सेंसेक्स 746.95 अंक चढ़कर 82,188.99 पर बंद**

**निफ्टी 817.55 अंक चढ़कर 56,578.40 पर बंद**

**मुंबई।**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा रेपो रेट में 50 बे सिस अंकों और सीआरआर में 100 बे सिस अंकों की कटौती की वजह से लगातार दो सप्ताह से चली आ रही` गिरावट के `सिले सिले को तोड़ते हुए 6 जून को समाप्त सप्ताह में सेंसेक्स और निफ्टी में एक फीसदी बढ़त के साथ बंद हुए। बीते सप्ताह घरेलू शेयर बाजार के प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में एक फीसदी की तेजी देखी गई। शेयर बाजार सप्ताह में पहले और दूसरे `दिन` गिरावट ले किन बाकी तीन` दिन बढ़त के साथ कारोबार देखा गया। शेयर बाजार में सप्ताह के पांच` दिन कारोबार इस प्रकार रहा- एशियाई बाजारों से मिलेजुले रूखे के बीच भारतीय शेयर बाजार जून महीने के पहले कारोबारी` दिन सोमवार को बड़ी गिरावट लेकर लाल निशान में खुले। तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 200 से ज्यादा अंक गिरकर 81,214 पर खुला और 77.26 अंक गिरकर 81,373.75 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 भी गिरावट के साथ 24,669.70 अंक पर खुला और 34.10 अंक गिरकर 24,716.60 पर बंद हुआ। मंगलवार को शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 194.65 अंक गिरकर 81,179.10 पर खुला और 636.24 अंक की गिरावट के साथ 80,737.51 पर बंद हुआ। निफ्टी 62.35 अंक गिरकर 24,654.25 पर खुला और 174.10 अंक गिरकर 24,542.50 पर बंद हुआ। दो दिन की गिरावट के बाद घरेलू शेयर बाजार बुधवार को हरे निशान पर खुला। शुरुआती कारोबार में 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 192.73 अंक के साथ 80,930.24 पर खुला




और 260.74 अंक या 0.32 प्रतिशत चढ़कर 80,998.25 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 174.10 अंक गिरकर 24,542.50 पर खुला और 77.70 अंक बढ़कर 24,620.20 अंक पर बंद हुआ। गुरुवार को सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 197.83 अंक चढ़कर 81,196.08 पर खुला और 443.79 अंक चढ़कर 81,442.04 अंक पर बंद हुआ। एनएसई निफ्टी 71 अंक चढ़कर 24,691.20 पर खुला और 130.70 अंक बढ़कर 24,750.90 पर बंद हुआ। भारतीय रिजर्व बैंक की ओर एमपीसी के फैसलों के एलान के बाद घरेलू शेयर बाजार में खरीदारी लौटी। सेंसेक्स 755.89 (0.92 फीसदी) अंकों की बढ़त के साथ 82,197.93 पर खुला और 746.95 अंक या 0.92 प्रतिशत चढ़कर 82,188.99 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी बैंक में भी मजबूत खरीदारी दिखी और यह 849.55 (1.52 फीसदी) अंक मजबूत होकर 56,610.40 के स्तर पर खुला और 817.55 (1.47 फीसदी) अंक चढ़कर 56,578.40 के स्तर पर बंद हुआ।

# चीन में इलेक्ट्रिक सेडान मैक्सट्रो एस 800 लॉन्च

**नई दिल्ली।**

चाइनीज कंपनी हुवावे ने अपने नए लग्जरी इलेक्ट्रिक सेडान मैक्सट्रो एस 800 को लॉन्च किया है, जिसकी कीमत लगभग 1.20 करोड़ रुपये यानी एक मिलियन युआन से अधिक है। यह कार शेन्जेन में पिछले सप्ताह पेश की गई और इसे मर्सिडीज-बेंज ईक्यूएस, रोल्स-रॉयस स्पेक्ट्रे और बेंटले जैसी अल्ट्रा-लक्जरी कारों के मुकाबले उतारा गया है। मैक्सट्रो एस 800 का डिजाइन मर्सिडीज-मेबैक की लक्जरी वाइब देता है, जिसमें फ्रंट पर स्लीक एलईडी हेडलैम्प और सिल्वर जाली लगी है। इसके बड़े मल्टी-स्पोक पहिये, क्रोम ट्रिम्स, फ्लश फिटिंग डोर हैंडल और कूपरूफलाइन इसे आकर्षक बनाते हैं। कार के विंडशील्ड पर लिडार पैनल भी मौजूद है, जो एडवांस्ड ड्राइवर असिस्टेंस सिस्टम (अडास) का हिस्सा है। इंटीरियर की बात करें तो केबिन में क्रिस्टल शिमर सीलिंग है, जिसे रोल्स-रॉयस ने भी इस्तेमाल किया है, जिससे छत तारों भरे आसमान जैसी लगती है। तीन स्क्रीन वाला डैशबोर्ड और 32 से अधिक अडास सेंसर इस कार को तकनीकी रूप से अत्याधुनिक बनाते हैं। हुवावे ने पहले भी सेरेस ग्रुप के साथ ऑटोमोटिव सेक्टर में कदम रखा है और अब मैक्ट्रो एस 800 के साथ लग्जरी कार बाजार में अपनी पकड़ मजबूत करना चाहता है।




यह मॉडल 838 बीएचपी की पीक पावर देने में सक्षम है और कई पावरट्रेन विकल्पों में उपलब्ध होगा। इस लॉन्च के साथ हुवावे इलेक्ट्रिक लग्जरी कारों के क्षेत्र में मर्सिडीज, रोल्स-रॉयस और बेंटले जैसे ब्रांडों को कड़ी टक्कर देने की तैयारी में है। बता दें कि चाइनीज कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनियां अब तेजी से इलेक्ट्रिक फोर-व्हीलर बाजार में कदम रख रही हैं और इस रेस में हुवावे ने भी अपनी एंट्री कर ली है।

## पामतेल के शुल्क में कटौती से कीमत स्थिर करने में मदद मिलेगी:विशेषज्ञ

**नई दिल्ली।**

पाम, सोया और सूरजमुखी सहित खाने के तेलों पर आयात शुल्क में कटौती करने से एफएमसीजी कंपनियों को अपने मार्जिन में सुधार करने और लागत को स्थिर करने में मदद मिलेगी। विशेषज्ञों ने यह राय जताई है। उन्होंने कहा कि दैनें दिन की जरूरत का सामान बनाने वाली कंपनियां खाद्य पदार्थों में पाम तेल का उपयोग करती हैं।` जिससे न केवल खाद्य कंपनियों को फायदा होगा, जिनके लिए पामतेल उनके कच्चे माल की लागत का लगभग 25-30 प्रतिशत है, बल्कि साबुन निर्माताओं द्वारा उपयोग किए जाने वाले उत्पाद पीएफएडी (पाम फैटी एसिड डिस्टिलेट) की कीमतें भी कम होंगी। सरकार ने पिछले सप्ताह कच्चे खाद्य तेलों पर मूल आयात कर में 10 प्रतिशत की कमी की थी। शुल्क में कटौती 31 मई, 2025 से प्रभावी है। गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड (जीसीपीएल), जो सिंथॉल और गोदरेज नंबर वन जैसे साबुन ब्रांडों का मालिक है, ने इसे एक सकारात्मक कदम बताया। वैश्विक पाम ऑयल की कीमतों में नरमी के शुरुआती संकेतों के साथ-साथ यह कदम लागत को स्थिर करने में मदद करेगा। नुवामा इंस्टीट्यूशनल इक्विटीज की एक रिपोर्ट के अनुसार 10 प्रतिशत शुल्क कटौती उपभोक्ता मासिक मुद्रास्फीति को कम करेगी और खाद्य कंपनियों की लागत को कम करेगी।

# भारत की अर्थव्यवस्था में तेजी से उभर रहा स्टील सेक्टर

**वित्त वर्ष 2024-25 में वैश्विक स्टील उत्पादन स्थिर रहा**

**नई दिल्ली।**

टाटा स्टील के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन ने शेयरधारकों को एक पत्र लिखकर बताया कि भारत दुनिया की सबसे तेजी से उभर रही अर्थव्यवस्था का हिस्सा बन चुका है। उन्होंने जनसंख्या संरचना, ढांचागत सुधार, कम महंगाई और सरकारी छूटों के चलते देश की आर्थिक स्थिति की प्रशंसा की। चंद्रशेखरन ने बताया कि वित्त वर्ष 2024-25 में वैश्विक स्टील उत्पादन स्थिर रहा, जबकि भारत में स्टील का उत्पादन और खपत में वृद्धि हुई है। टाटा स्टील ने भी देश में अपनी प्रबल प्रतिष्ठा बनाई है। कंपनी ने देशभर में योगदान देते हुए अपनी स्थिरता और विश्वसनीयता साबित की है। उन्होंने बताया कि टाटा स्टील ने सबसे ज्यादा कच्चा इस्पात उत्पादन किया और भी कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं का समर्थन किया है। कंपनी ने ओडिशा में भारत का सबसे बड़ा ब्लास्ट फर्नेस शुरू किया है, जिससे उनके पूर्वानुमान के अनुसार स्टील उत्पादन में वृद्धि होगी। इसके साथ ही, नीलाचल इस्पात निगम लिमिटेड ने भी अच्छे प्रदर्शन किया है। टाटा स्टील ने भारत में शानदार प्रदर्शन किया है। कंपनी ने देशभर में अपनी फैक्ट्रियों को लगभग पूरी क्षमता पर चलाया और अब तक का सबसे ज्यादा कच्चा इस्पात उत्पादन किया, जो 21.7 मिलियन टन रहा। इस दौरान 20.9 मिलियन टन स्टील की डिलीवरी भी की गई। कंपनी ने ओडिशा के कलिंगनगर में देश का सबसे बड़ा ब्लास्ट फर्नेस शुरू किया है, जो 27,000 करोड़ की फेज-2 विस्तार योजना का हिस्सा है। इसके अलावा, नीलाचल इस्पात निगम लिमिटेड ने भी शानदार प्रदर्शन किया है। कंपनी ने 1,000 करोड़ का ऐ बिटा दर्ज किया और सकारात्मक फ्री कैश फ्लो भी हासिल किया।

# टू-व्हीलर बिक्री में हीरो ने होंडा को पीछे छोड़ा

**नई दिल्ली।**

दो पहिया वाहन निर्माता कंपनी हीरो ने होंडा को मासिक और वार्षिक दोनों आधार पर पीछे छोड़ दिया है। जारी आंकड़ों के मुताबिक, मई 2025 में टू-व्हीलर सेगमेंट में बड़ा उलटफेर देखने को मिला है। मई में हीरो ने 4,88,997 वाहन बेचे, जो अप्रैल 2025 में उसके 2,88,254 से लगभग 70प्रतिशत की मासिक वृद्धि दर्शाता है। वहीं, होंडा की बिक्री मई में 4,17,256 रही, जो अप्रैल के 4,22,931 की तुलना में करीब 1.34प्रतिशत की गिरावट है। सालाना आधार पर होंडा को मई 2024 की तुलना में 7.4प्रतिशत की गिरावट का सामना करना पड़ा। टॉप टू-व्हीलर ब्रांडों की बात करें तो टीवीएस ने मई 2025 में 3,09,287 बाइकें बेचीं, जो पिछले साल की तुलना में 14प्रतिशत की बढ़ोतरी है, जबकि बजाज की बिक्री में मामूली वृद्धि के साथ 1.63प्रतिशत की वार्षिक ग्रोथ दर्ज की गई। सुजुकी ने भी 17प्रतिशत से अधिक की बढ़ोतरी के साथ 1,07,780 इकाइयां बेचीं। वहीं, रॉयल एनफील्ड ने सबसे बड़ी सालाना ग्रोथ दिखाई, जिसकी बिक्री मई 2025 में 75,820 रही, जो पिछले साल की 63,531 से 19.34प्रतिशत अधिक है। मासिक आधार पर देखें तो बजाज और सुजुकी ने क्रमशः 1.48प्रतिशत और 13.2 प्रतिशत की ग्रोथ



हासिल की, जबकि टीवीएस और रॉयल एनफील्ड की बिक्री में थोड़ी गिरावट देखी गई। यह आंकड़े दर्शाते हैं कि भारतीय टू-व्हीलर बाजार में प्रतिस्पर्धा तेज होती जा रही है, जहां हीरो ने अपनी पकड़ मजबूत करते हुए होंडा को चुनौती दी है।

## इलेक्ट्रिक एसयूवी वीएफ 6 और 7 की टेस्टिंग शुरू



**नई दिल्ली।**

इलेक्ट्रिक एसयूवी निर्माता कंपनी विनफास्ट ने अपनी ऑल-इलेक्ट्रिक कॉम्पैक्ट एसयूवी वीएफ6-7 की भारत में टेस्टिंग शुरू कर दी है। विनफास्ट की मुंबई समेत कई बड़े शहरों में टेस्टिंग जारी है, जिसमें कंपनी अपने वीएफ6 और वीएफ7 मॉडल की सार्वजनिक चार्जिंग नेटवर्क के साथ अनुकूलता और रियल-रंग रेंज का आकलन कर रही है। इसका मकसद यह समझना है कि ये वाहन भारत के विभिन्न इलाकों में उपलब्ध चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ कितना अच्छा तालमेल बिठा पाते हैं। विनफास्ट की योजना है कि वे इस साल के फेस्टिव सीजन में भारत में अपने इलेक्ट्रिक एसयूवीएस को लॉन्च करें। कंपनी ने भारत में अपनी सहायक कंपनी वी-ग्रीन चार्जिंग समाधान लाने की भी घोषणा की है, जो 60केडब्ल्यू से लेकर 300केडब्ल्यू तक की क्षमता वाले डीसी फास्ट चार्जर उपलब्ध कराएगी। इसके अलावा, विनफास्ट ने टाटा पावर जैसे स्थानीय चार्जिंग पार्टनर के साथ भी सहयोग किया है, ताकि चार्जिंग नेटवर्क को मजबूत बनाया जा सके और ग्राहकों को बेहतर सुविधा मिले। विनफास्ट की एसयूवीएस भारत के लिए विशेष रूप से अनुकूलित होंगी और कंपनी 5-स्टार भारत एनकैप सुरक्षा रेटिंग के लिए भी काम कर रही है। वीएफ6 और वीएफ7 दोनों ही 5-सीटर इलेक्ट्रिक एसयूवीएस हैं, जिनमें 75.3 केडब्ल्यूएच की बैटरी लगी है। वीएफ7 में सिंगल मोटर वाला फ्रंट-व्हील ड्राइव 201 बीएचपी की पावर और 310 एनएम का टॉर्क देता है, जबकि डुअल मोटर वाला ऑल-व्हील ड्राइव वैरिएंट 348 बीएचपी पावर और 500 एनएम टॉर्क के साथ आता है। दोनों मॉडलों की रेंज लगभग 431 से 450 किलोमीटर के बीच है। कारें 35 मिनट में डीसी फास्ट चार्जर से 10 से 70 प्रतिशत तक चार्ज हो सकती हैं। विनफास्ट ने भारतीय बाजार के लिए विशेष फीचर्स जैसे लेवल 2 अडास, एडजस्टेबल सीटें, और बड़े इंफोटेनमेंट डिस्प्ले दिए हैं।

## विंडसर ईवी ने 6,304 यूनिट्स की बिक्री दर्ज की



**नई दिल्ली।**

जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने मई 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए 6,304 यूनिट्स की बिक्री दर्ज की। कंपनी की यह बिक्री पिछले साल के मुकाबले 40 प्रतिशत ज्यादा रही। विंडसर ईवी को लॉन्च के बाद से ही ग्राहकों से बेहतरीन प्रतिक्रिया मिल रही है। यह बढ़ोतरी एमजी की मजबूत ईवी पोर्टफोलियो, खासकर विंडसर ईवी और उसके प्रो वेरिएंट्स की बदौलत संभव हो पाई है। हाल ही में लॉन्च हुई विंडसर ईवी प्रो सीरीज ने इस रफ्तार को और तेज किया है। कंपनी ने एसेंस प्रो और एक्सक्लूसिव प्रो जैसे वेरिएंट्स उतारे हैं, जो 52.9 केडब्ल्यूएच की बैटरी से लैस हैं और एक बार चार्ज करने पर 449 किमी तक की प्रमाणित रेंज देती हैं। इनमें लेवल 2 अडास, व्हीकल-टू-व्हीकल (वी2वी) और व्हीकल-टू-लोड (वी2एल) जैसे फीचर्स भी दिए गए हैं, जिससे ये कारें सुरक्षा और तकनीक के मामले में काफी आगे हैं। एमजी ने ग्राहकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए बैट्री-एस-ए-सर्विस (बीएएएस) मॉडल भी पेश किया है, जिसमें ग्राहक बैटरी खरीदने की बजाय किराये पर ले सकते हैं। इससे वाहन की शुरुआती कीमत घटती है और ज्यादा लोगों तक ईवी पहुंच बनती है। कंपनी आने वाले महीनों में तीन नए इलेक्ट्रिक व्हीकल—सायबस्टेर, एम9 एमपीवी और माजेस्टेर एसयूवी लॉन्च करने की योजना में है। एमजी की लगातार बढ़ती बिक्री दर्शाती है कि अब ग्राहक सिर्फ ब्रांड नहीं, बल्कि तकनीक, रेंज और वैल्यू को प्राथमिकता दे रहे हैं।



# सरदार जी 3 से फिर बड़े पर्दे पर धमाल मचाने को तैयार दिलजीत दोसांझ

पंजाबी सिनेमा के सुपरस्टार दिलजीत दोसांझ एक बार फिर बड़े पर्दे पर धमाल मचाने को तैयार हैं। उनकी सुपरहिट फ्रेंचाइजी सरदार जी का तीसरा पार्ट 'सरदार जी 3' जल्द ही सिनेमाघरों में दस्तक देने वाला है। दिलजीत ने हाल ही में इस फिल्म का फर्स्ट लुक पोस्टर सोशल मीडिया पर शेयर किया है, जिसने फैंस के बीच जबरदस्त उत्साह पैदा कर दिया है। पोस्टर में दिलजीत एक अलग ही अंदाज में नजर आ रहे हैं, जहां वो अपने ही मस्त मौला अंदाज में खड़े हुए हैं और उनके पीछे कई महिलाएं हैं जिनके चेहरों पर घूंघट पड़ा है। इस पोस्टर ने फिल्म के रोमांच और कॉमेडी की एक झलक फैंस को दिखा दी है।

## सिंगर ने कैप्शन में क्या लिखा?

दिलजीत ने इस घोषणा के साथ लिखा कि इस बार 'सरदार जी' अपने तीन गुना पागलपन के साथ लौट रहा है– रोमांटिक, कॉमिक और डरावना अंदाज इस बार दर्शकों को एक बिल्कुल अलग अनुभव देगा। फिल्म 27 जून, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसके साथ ही उन्होंने टीजर जल्द ही आने की जानकारी भी दी।
'सरदार जी' फ्रेंचाइजी की पहली फिल्म
'सरदार जी' फ्रेंचाइजी की बात करें तो इसकी पहली फिल्म साल 2015 में रिलीज हुई थी, जिसमें दिलजीत के साथ नीरू बाजवा और मैंडी तखर ने मुख्य भूमिकाएं निभाई थीं। यह फिल्म पंजाबी सिनेमा की पहली फैंटेसी हॉरर कॉमेडी मानी जाती है। इसके बाद 2016 में 'सरदार जी 2' आई, जिसमें दिलजीत ने तीन भूमिकाएं निभाई थीं। दर्शकों ने दोनों फिल्मों को खूब पसंद किया और अब तीसरे भाग से उम्मीदें और भी ज्यादा बढ़ गई हैं।

## 'सरदार जी 3' के निर्देशन की कमान

इस बार 'सरदार जी 3' का निर्देशन अमर हुंदल कर रहे हैं। फिल्म में दिलजीत दोसांझ के साथ नीरू बाजवा और मानव विज भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे।
मेट गाला में छा गए दिलजीत दोसांझ
दिलजीत दोसांझ इस वक्त सिर्फ पंजाबी इंडस्ट्री में ही नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अपने अंदाज और काम के लिए पहचाने जा रहे हैं। हाल ही में उन्होंने मेट गाला 2025 में डेब्यू किया और अपने पारंपरिक पंजाबी लुक से सभी का दिल जीत लिया। उन्होंने डिजाइनर प्रभाल गुरुंग की डिज़ाइन की हुई आइवरी–गोल्ड शेरवानी, पंजाबी तहमत और राजसी गहनों के साथ रेड कार्पेट पर एंट्री ली। इस लुक की चारों ओर तारीफ हुई।



# क्रिमिनल जस्टिस... में एस्परगर सिंड्रोम से पीड़ित इरा की चुनौतीपूर्ण भूमिका में खुशी भारद्वाज

अप्लॉज एंटरटेनमेंट और डिज्नी+ हॉटस्टार की बहुप्रतीक्षित सीरीज क्रिमिनल जस्टिस के चौथे सीजन, जिसका शीर्षक क्रिमिनल जस्टिस– ए फैमिली मैटर है, के प्रीमियर के बाद से ही दर्शकों में खासी चर्चा है। इस सीजन में युवा अभिनेत्री खुशी भारद्वाज ने अपने अभिनय से सभी का ध्यान खींचा है। खुशी ने इरा की एक बेहद चुनौतीपूर्ण भूमिका निभाई है, जो सुरवीन चावला और मोहम्मद जीशान अय्यूब द्वारा अभिनीत किरदारों की बेटी है, और एक हाई–प्रोफाइल हत्या के रहस्य में प्रमुख संदिग्धों में से एक है। इरा के किरदार की सबसे महत्वपूर्ण विशेषता यह है कि वह एस्परगर सिंड्रोम से जूझ रही है।
इस जटिल किरदार को निभाने और अपने ऑडिशन के बारे में बात करते हुए खुशी भारद्वाज ने कहा, ईमानदारी से कहूँ तो, इस किरदार को निभाना एक सपने जैसा लगा, ऐसी सफल फ्रेंचाइजी का हिस्सा बनना अविश्वसनीय था। इंडस्ट्री के सबसे प्रतिभाशाली अभिनेताओं में से एक के साथ काम करना सम्मान की बात थी। एस्परगर सिंड्रोम से पीड़ित किरदार को चित्रित करने की चुनौती पर उन्होंने कहा कि वे शुरू में इस भूमिका के लिए ऑडिशन देने को लेकर थोड़ी अनिश्चित थीं, खासकर जब उनकी 10वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाएँ उसी समय हो रही थीं। खुशी ने इस किरदार को प्रामाणिक रूप से निभाने के लिए गहन शोध किया। उन्होंने बताया, हमने इसके लिए हामी भरी, मैंने इरा की स्थिति (एस्परगर सिंड्रोम) के बारे में बहुत सारे वीडियो देखे और इसे प्रामाणिक रूप से चित्रित करने की पूरी कोशिश की। अपने निजी अनुभवों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, अपने स्कूल में दिव्यांग बच्चों को देखने और उनसे बातचीत करने का मौका मिलने से, जिसमें मेरी अपनी कक्षा का एक छात्र भी शामिल था, मुझे एक अनूठा नजरिया मिला। मैं उनकी बातचीत की बारीकियों, सूचनाओं को समझने के उनके तरीके और उनके अनुभवों को दर्शाने वाले सूक्ष्म संकेतों को प्रत्यक्ष रूप से देख पाई।
खुशी ने आगामी एपिसोड्स के बारे में ज्यादा खुलासा न करते हुए बताया कि इनमें बहुत सारे कोर्टरूम ड्रामा और भावनात्मक सीन हैं। क्रिमिनल जस्टिस जैसे मुख्यधारा के क्राइम ड्रामा में एस्परगर सिंड्रोम वाले किरदार को शामिल करना अधिक प्रतिनिधित्व और जागरूकता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह शो दर्शकों को न्यूरोडायवर्सिटी की समझ बढ़ाने में मदद करेगा। जैसे–जैसे सीरीज आगे बढ़ेगी और हत्या के रहस्य की परतें खुलेंगी, सभी की नजरें इरा पर होंगी। एस्परगर सिंड्रोम से प्रभावित उसका अनूठा नजरिया, महत्वपूर्ण सुराग दे सकता है, जिससे वह जांच में एक अप्रत्याशित और आकर्षक तत्व बन सकती है। क्रिमिनल जस्टिस- ए फैमिली मैटर में खुशी भारद्वाज का प्रभावशाली प्रदर्शन इरा के रूप में उनके अभिनय कौशल की एक अमिट छाप छोड़ने के लिए तैयार है।



# बाहुबली एक्ट्रेस अनुष्का शेट्टी की फिल्म घाटी की नई रिलीज डेट तय





अनुष्का शेट्टी की फिल्म घाटी के साथ बड़े पर्दे पर शानदार वापसी करने जा रही हैं। यह फिल्म कृष जगरलामुडी द्वारा निर्देशित है और अब 11 जुलाई 2025 को रिलीज होगी। पहले इस फिल्म को 18 अप्रैल 2025 में रिलीज किया जा रहा था। निर्माताओं ने नई रिलीज डेट की घोषणा के साथ एक शोनादार पोस्टर भी शेयर किया है, जो फिल्म के दमदार अंदाज को दर्शाता है। यह फिल्म पूरे भारत में रिलीज की जाएगी। इस पोस्टर में एक नदी में सभी स्टार्स किसी को सामने घूरते नजर आ रहे हैं, जैसे वह सभी किसी खास मिशन पर गए हों।
फिल्म निर्माताओं ने इंस्टाग्राम पर फिल्म घाटी के नए पोस्टर के साथ इसकी नई रिलीज डेट से भी पर्दा उठा दिया है। उन्होंने कैप्शन में लिखा, अपना सिंहासन हासिल करने और बॉक्स ऑफिस पर विजय पाने के लिए आ रही है।
घाटी में अनुष्का एक साहसी और देहाती किरदार निभा रही हैं, जो एक मारिजुआना व्यापारी है। जो बाद में अपराध की दुनिया में उतरकर एक ताकतवर शख्सियत बन जाती है। फिल्म में बहुबली फेम अनुष्का शेट्टी के अलावा तमिल अभिनेता विक्रम प्रभु भी महत्वपूर्ण भूमिका में नजर आएंगे। यूवी क्रिएशन्स और फर्स्ट फ्रेम एंटरटेनमेंट्स द्वारा निर्मित इस फिल्म का संगीत विद्या सागर ने तैयार किया है।
अनुष्का शेट्टी की फिल्म घाटी का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। फिल्म के नए पोस्टर को देखने और फिल्म की नई रिलीज डेट का पता लगने के बाद फैंस फिल्म को लेकर बेहद उत्साहित हैं और साथ ही अनुष्का को बड़े पर्दे पर देखने के लिए उत्साहित हैं।



# रोहित शेट्टी की अगली फिल्म का हिस्सा बनेंगी नुसरत

नु सरत भरुचा को पिछली बार फिल्म छोरी 2 में देखा गया था। ये फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर रिलीज हुई थी। अब नुसरत को लेकर एक नया अपडेट सामने आया है। वह अब निर्देशक रोहित शेट्टी की अगली सस्पेंस थ्रिलर फिल्म में लीड रोल निभाने के लिए तैयार हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक... रोहित इस बार एक डरावनी और रोमांचक थ्रिलर फिल्म प्रोड्यूस कर रहे हैं, जिसका निर्देशन ईश्वर निवास करेंगे। यह प्रोजेक्ट अभी प्री–प्रोडक्शन स्टेज में है और इसका नाम अभी तय नहीं हुआ है। नुसरत को इस रोल के लिए रोहित की पहली पसंद बताया जा रहा है। रोहित को ऐसी कहानियां पसंद हैं जो मजबूत इमोशनल रिएक्शन देती हैं। हॉरर जॉनर एक्शन की तरह ही रोमांचक हो सकता है। नुसरत उनकी पहली पसंद थीं, क्योंकि छोरी में उन्होंने दिखाया कि वह डरावनी कहानी को कमजोरी और ताकत के साथ निभा सकती हैं। ईश्वर निवास, जो शूल और लव के लिए कुछ भी करेगा जैसी फिल्मों के लिए जाने जाते हैं, इस प्रोजेक्ट को एक डरावना अंदाज देंगे। नुसरत को पिछली बार छोरी 2 में देखा गया था। ये ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज हुई थी।

# मणिरत्नम की फिल्म हर रोज ऑफर नहीं होती



बॉलीवुड एक्टर अली फजल ने फिल्म ठग लाइफ के लिए हां कहने के पीछे की वजह का खुलासा किया है। उन्होंने कहा कि मणिरत्नम की फिल्म हर रोज ऑफर नहीं होती और निश्चित रूप से स्टार कमल हासन के साथ तो बिल्कुल नहीं। अली फजल ने कहा, आपके जीवन में कुछ ऐसे कॉल आते हैं, जिनके बारे में आपको तुरंत पता चल जाता है कि वे आपकी यात्रा की दिशा बदलने वाले हैं, यह उनमें से एक था।
अभिनेता ने कहा कि अपकमिंग फिल्म ठग लाइफ के लिए हां कहने से पहले उन्हें एक सेकंड के लिए भी नहीं सोचना पड़ा। उन्होंने कहा, जब आप मणिरत्नम का नाम सुनते हैं, तो आप सिर्फ सिनेमा के बारे में नहीं सोचते बल्कि आप विरासत के बारे में सोचते हैं। आप ऐसी कहानी के बारे में सोचते हैं, जो गहरी भावनाओं और मानवीय कहानियों से भरी होती है। मुझे 'ठग लाइफ' के लिए हां कहने से पहले एक पल के लिए भी नहीं सोचना पड़ा। मणिरत्नम की फिल्म में काम करना कोई रोजमर्रा का मौका नहीं है, खासकर जब इसमें कमल हासन जैसे महान अभिनेता शामिल हों। अली ने कहा कि वह फिल्म का हिस्सा बनकर सम्मानित महसूस कर रहे हैं।
अली ने इस बात पर भी जोर दिया कि यह फिल्म भारतीय सिनेमा के विभिन्न क्षेत्रों के कलाकारों को एक साथ लाती है और कई भाषाओं में बन रही है, जो इसे और भी खास बनाता है। उन्होंने कहा, यह एक ऐसी महत्वाकांक्षी और बड़ी कहानी है, जिसमें मैं हमेशा से हिस्सा लेना चाहता था। इस फिल्म का हिस्सा बनना मेरे लिए गर्व और उत्साह की बात है। मणिरत्नम की फिल्म 'ठग लाइफ' एक शानदार सिनेमाई अनुभव प्रदान करने वाली है, जिसमें दमदार अभिनय, रोमांचक कहानी और भव्य दृश्यों का मिश्रण होगा। यह फिल्म मणिरत्नम की निर्देशकीय शैली को दर्शाती है। सुपरस्टार कमल हासन इस फिल्म के मुख्य अभिनेता हैं। 'ठग लाइफ' 5 जून को सिनेमाघरों में तमिल, हिंदी, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ भाषाओं में रिलीज होगी। इसके अलावा, अली फजल फिल्म मेट्रो...इन दिनों में भी नजर आएंगे, जो अनुराग बासु के डायरेक्शन में बनी है। यह फिल्म आधुनिक पृष्ठभूमि में प्यार की जटिलताओं और भावनाओं को दिखाती है। यह अनुराग बासु की 2007 की फिल्म लाइफ इन अ... मेट्रो का एक तरह से सीक्वल है, जिसमें मुंबई में नौ लोगों की आपस में जुड़ी जिंदगियों की कहानी दिखाई गई थी। भूषण कुमार, कृष्ण कुमार, अनुराग बसु और तानी बसु द्वारा निर्मित यह फिल्म 4 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।



# एक्टिंग तो मेरे खून में है

**फिल्म निर्माता-निर्देशक बोनी कपूर की बेटी अंशुला कपूर अब अभिनय जगत की दुनिया में कदम रखने जा रही हैं। अंशुला प्राइम वीडियो की सीरीज 'द ट्रेटर्स' से डेब्यू करने के लिए तैयार हैं, जिसे करण जौहर होस्ट करेंगे।**

होस्ट करण जौहर ने सीरीज के ट्रेलर लॉन्च इवेंट के दौरान अंशुला से पूछा, क्या आप गेम में आगे बढ़ने के लिए किसी को धोखा दे सकती हैं? जवाब देते हुए अंशुला ने बताया, आपने मुझे मासूम और शांत कहा, मैं ऐसी दिख सकती हूं, मैं प्यारी भी दिख सकती हूं, लेकिन एक्टिंग तो मेरे खून में है। मैं आत्मविश्वास से भरपूर हूं और यही मेरी खूबी है। ट्रेलर लॉन्च के दौरान करण जौहर ने बताया कि यह शो झूठ, धोखे और ड्रामे से भरा है। वह न सिर्फ गेम को कंट्रोल करेंगे, बल्कि 20 प्रतियोगियों के बीच होने वाले झगड़े और साजिशों को भी करीब से देखेंगे।
प्राइम वीडियो इंडिया के हेड ऑफ ओरिजिनल्स निखिल माधोक ने कहा, प्राइम वीडियो पर हम हमेशा कुछ नया और अलग पेश करने की कोशिश करते हैं। द ट्रेटर्स के साथ हम एक ऐसे फॉर्मेट में उतर रहे हैं जैसा भारत ने पहले कभी नहीं देखा। ट्रेलर तो सिर्फ एक झलक है। यह एंटरटेनमेंट को एक नए लेवल पर ले जाएगा। यह ट्रस्ट और धोखे की सबसे बड़ी परीक्षा है, जहां खिलाड़ी हर वक्त शक और साजिश के माहौल में खेलते हैं और उनका माइंड ही उनका सबसे बड़ा हथियार होता है। हमें इस शानदार प्रोजेक्ट पर काम करने की खुशी है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मशहूर रियलिटी शो 'द ट्रेटर्स' के भारतीय वर्जन में 20 मशहूर हस्तियां हैं, जिनमें अंशुला कपूर के साथ अपूर्वा, आशीष विद्यार्थी, एलनाज नौरौजी, हर्ष गुजराल, जन्नत जुबैर, जानवी गौर, जैस्मीन भसीन, करण कुंद्रा, लक्ष्मी मांचू, महीप कपूर, मुकेश छाबड़ा, निकिता लूथर, राज कुंद्रा, साहिल सलाथिया, सुधांशु पांडे, सूफी मोतीवाला और ऊर्फी जावेद समेत अन्य के नाम शामिल हैं।

# 'धूम 4' को निर्देशित करेंगे अयान मुखर्जी



आदित्य चोपड़ा प्रोड्यूस 'धूम' सीरीज की फिल्मों के डायरेक्टर बदले रहे हैं। पिछली फिल्मों को अलग–अलग निर्देशकों ने बनाया था। अब 'धूम 4' के लिए भी एक नए डायरेक्टर का नाम सामने आ रहा है। प्रोड्यूसर आदित्य चोपड़ा और राइटर श्रीधर राघवन ने फिल्म 'धूम 4' की स्क्रिप्ट पर काम कर लिया है। यह जानकारी प्रोडक्शन हाउस के एक करीबी सूत्र ने साझा की है। इस फिल्म में रणबीर कपूर लीड रोल में होंगे। रणबीर कपूर के अलावा बाकी कास्टिंग पर अभी काम चल रहा है। इसी बीच अयान मुखर्जी का नाम फिल्म के डायरेक्टर के तौर पर सामने आया है। रणबीर कपूर और अयान मुखर्जी अच्छे दोस्त हैं। एक साथ कई फिल्में कर चुके हैं। इसमें 'वेक अप सिड', 'ये जवानी है दीवानी' और 'ब्रह्मास्त्र' शामिल हैं। ये सभी फिल्में बॉक्स ऑफिस पर सफल रही हैं। इस तरह देखा जाए तो ये दोनों एक हिट एक्टर–डायरेक्टर की जोड़ी है। फिल्म 'धूम 4' की कास्टिंग पूरी हो गई तो प्रोडक्शन हाउस इस फिल्म की शूटिंग अगले साल अप्रैल में शुरू कर देगा। इस फ्रैंचाइजी की पिछली फिल्मों में चोर–पुलिस का खेल दिखा है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादकः जितेन्द्र चौधरी, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in